लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 364, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार, 24 मार्च 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलते दौर की होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड...15

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 06 : 08 | सूर्यास्त 18 : 22



**होली है...** रंगपर्व होली को लेकर हर ओर उल्लास है। इसी क्रम में मथुरा के पास वृन्दावन में श्री राधा वल्लभ मंदिर में गुलाल से होली खेलते श्रद्धालु।

# रूस में आतंकी हमले में 143 मौतें, आईएस ने ली जिम्मेदारी

- 100 से अधिक लोग हुए हैं घायल, 4 आतंकियों सहित 11 संदिग्ध गिरफ्तार
- हमले में गोला-बारूद के साथ हमलावरों ने स्वचालित हथियारों का भी किया इस्तेमाल

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल-मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाए गए थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ये सभी हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।



मॉस्को में कॉन्सर्ट हॉल में हमले के बाद लोगों को वहां से बाहर निकालते रूसी सैनिक।

## जांच एजेंसी को मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अपनी अमाक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था।

## एक नजर

### बीजापुर में मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पीडिया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। शनिवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पीडिया गांव के जंगल में गस्त लगा रहे जवानों पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। बाद में वहां से दो नक्सलियों के शव और हथियार मिले। इससे पहले शुक्रवार को रात लगभग 10 बजे सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोडीतुमनार गांव के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए।

### कविता की ईडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी।

### बिहार में 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए जिसमें लड़कियों ने बाजी मारी है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87 .21 रहा, जो पिछले साल के 83 .73 प्रतिशत से बेहतर है। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि कुल 12,91,684 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 11,26,439 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। सिवान जिले के मृत्युंजय कुमार ने विज्ञान में 96 .2 प्रतिशत, सारण (छपरा) के दरियापुर निवासी तुषार कुमार ने कला वर्ग में 96 .4 प्रतिशत और शेखपुरा जिले की प्रिया कुमारी ने वाणिज्य वर्ग में 95 .6 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

# ईडी हिरासत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में केजरीवाल की अर्जी

## शराब नीति मामला : हाईकोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

- ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी व रिमांड पर लेने को बताया गैरकानूनी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया और तत्काल सुनवाई (रविवार 24 मार्च) की मांग की। लेकिन अदालत द्वारा तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए याचिका को बुधवार 27 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने बताया कि उनकी कानूनी टीम हाईकोर्ट से मामले की तत्काल सुनवाई (रविवार को ही) सुनवाई किए जाने का अनुरोध करेगी। निचली अदालत ने विस्तृत और निरंतर पूछताछ के लिए शुक्रवार को केजरीवाल को 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने अपनी याचिका में दलील दी कि उनकी गिरफ्तारी और हिरासत अवैध थी तथा वह तुरंत हिरासत से रिहा किए जाने के हकदार हैं।

केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार रात को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण देने से हाईकोर्ट द्वारा इनकार किए जाने के कुछ घंटों बाद ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। केजरीवाल ने अपने खिलाफ जारी समन सहित सभी कार्यवाही को रद करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की शराब नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार एवं धनशोधन से संबंधित है।

### कोई जेल मुझे ज्यादा दिन कैद नहीं रख सकती : केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से भेजे गए उनके संदेश को पढ़ा, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने कहा है कि उन्हें ज्यादा दिन तक जेल में नहीं रखा जा सकता और लोगों को किए अपने वादे पूरे करने जल्द बाहर आएंगे। आईआरएस की पूर्व अधिकारी सुनीता द्वारा दिए गए वीडियो बयान का आप ने सीधा प्रसारण किया। केजरीवाल को उद्धृत करते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है। मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ऐसी सलाखें नहीं जो आपके भाई, बेटे को ज्यादा दिन अंदर रख सके।

### आप का दफ्तर सील

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के बाद आप का कार्यालय सील कर दिया गया है। विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के समक्ष रविवार को प्रदर्शन करने का एलान किया है। आम आदमी पार्टी का कार्यालय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है और वहीं पर भाजपा का भी कार्यालय है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में शनिवार को बुलाई गई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आना था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आप कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी आशंका के तहत गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की दृष्टि से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था।

## बिना केवाईसी वाले फास्टैग 1 अप्रैल से होंगे बंद

- अब एक वाहन एक फास्टैग नीति

**नई दिल्ली।** अगर आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से केवाईसी अपडेट नहीं कराई है तो आज ही करा लें। क्योंकि 31 मार्च के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा। एनएचएआई ने फास्टैग उपभोक्ताओं से भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार फास्टैग के लिए केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है ताकि कोई परेशान न आए।

उपभोक्ता अब एक गाड़ी में सिर्फ एक फास्टैग ही इस्तेमाल कर सकेंगे। एनएचएआई के अनुसार फास्टैग यूजर्स को एक वाहन, एक फास्टैग नीति का पालन करना होगा और पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को अपने संबंधित बैंकों को वापस करना होगा। अब सिर्फ नए फास्टैग अकाउंट एक्टिव रहेंगे।

फास्टैग से टोल वसूलने के लिए टोल प्लाजा के वेटिंग टाइम को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। फास्टैग एक प्रकार का टैग या स्टिकर होता है।

# करंट से लाइनमैन की गई जान, परिजनों का हंगामा

- आश्रितों को दस लाख रुपये देने व पत्नी को नौकरी के आश्वासन पर माने घरवाले
- ग्लोबल टेक कंपनी के माध्यम से तीन साल से बिजली विभाग में कार्यरत था संजीव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विवेकानंद बिजली घर पर तैनात संविदा लाइनमैन की काम के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव रखकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे मुख्य अभियंता विद्युत व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उन्हें समझाया। मुख्य अभियंता ने मृतक आश्रितों को दस लाख रुपये कर सहायता और उसकी पत्नी को संविदा पर नौकरी देने की घोषणा की, तब जाकर लोग शांत हुए। बताया जा रहा है कि ग्राम शेरवा धर्मपुर निवासी संविदा लाइनमैन संजीव (35 वर्ष ) ग्लोबल टेक कंपनी के माध्यम से तीन साल से बिजली विभाग में कार्यरत था।

132 केवी विद्युत केंद्र पर शुक्रवार देर रात 1 : 05 बजे 33 केवी लाइन का जंफर फुंक गया था। संजीव पुत्र फूल सिंह और पेट्रोलमैन लकी उसे ठीक करने लगे। जंफर ठीक करने के बाद संजीव सीढ़ी से उतर रहा था तो पास से गुजर रही एलटी लाइन का तार सीढ़ी से छू गया। करंट लगने से संजीव के हाथ से सीढ़ी छूट गई और वह नीचे गिर गया। पेट्रोलमैन लकी ने एसडीओ को बताया। एसडीओ अन्य कर्मियों की मदद से लाइनमैन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी सुबह जब उसके परिवार के लोगों को हुई तो वह उपकेंद्र पहुंचे और शव रखकर हंगामा करने लगे।

> विभाग की ओर से सारी व्यवस्था की गई है। संजीव ने हेलमेट लगाया होता तो जान नहीं जाती। विभाग की ओर से फिलहाल उकी पत्नी को एक लाख रुपये दिए गए हैं। बिजली विभाग और कंपनी की ओर से 10 लाख रुपये मृतक के परिवार को मिलेंगे, साथ ही उसकी पत्नी को संविदा पर चतुर्थ श्रेणी के पद पर नौकरी दी जाएगी। -आरके बंसल, मुख्य अभियंता विद्युत

# बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे विस्फोट में आईएसआईएस का मिला हाथ

- राष्ट्रीय जांच एजेंसी के हाथ लगे घटना से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुराग

बेंगलुरु, एजेंसी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इस घटना में 10 लोग घायल हुए थे। एनआईए ने एक मार्च को हुए बेंगलुरु विस्फोट और चेन्नई की गतिविधियों के बीच संबंध स्थापित किया है। दो संदिग्धों की पहचान की है। जो जनवरी और फरवरी के महीनों में चेन्नई में रहे थे। एक संदिग्ध हमलावर द्वारा पहनी गई टोपी के माध्यम से साक्ष्य की खोज की गई, जिसे चेन्नई के एक मॉल से खरीदा गया था। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला संदिग्ध, जिसकी पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब के रूप में हुई है, उसके साथी, अब्दुल मतीन ताहा, जो तमिलनाडु इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के लिए वांछित था, ने चेन्नई के आरके सलाई मॉल में टोपी खरीदी। जांच से पता चला है कि दोनों व्यक्ति एक महीने से अधिक समय तक चेन्नई के ट्रिप्लिकेन में रहे। ताहा भी तीर्थहल्ली का निवासी है और शिवमोग्गा में आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा है।

एनआईए के अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें ताहा को चेन्नई के अन्ना सलाई मॉल से टोपी खरीदते हुए दिखाया गया था। यह टोपी हमलावर ने रामेश्वरम कैफे पर बमबारी के बाद कुछ किलोमीटर दूर छोड़ दी थी। जांच अधिकारियों ने टोपी पर सीरियल नंबर देखने के बाद टोपी का चेन्नई में पता लगाया, जिसे जनवरी के अंत में खरीदा गया था।

## पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों पर सीबीआई का छापा



**नई दिल्ली/कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम शनिवार तड़के कोलकाता और पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित मोइत्रा के अपार्टमेंट में तलाशी ली। वह कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद थीं। केंद्रीय बलों की एक बड़ी टीम के साथ सीबीआई अधिकारियों ने शहर के दक्षिणी हिस्से के अलीपुर इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा, जहां मोइत्रा के पिता दीपेंद्र लाल मोइत्रा कई वर्षों से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृष्णानगर में मोइत्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए एक अन्य अपार्टमेंट में भी तलाशी ली जा रही है। शनिवार तड़के शुरू हुई छापेमारी खबर लिखे जाने तक जारी थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर गुरुवार को मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे अजय राय, राजगढ़ से दिग्विजय

- अमरोहा से दानिश अली और सहारनपुर से इमरान मसूद
- चौथी सूची में कांग्रेस ने 45 और उम्मीदवार घोषित किए

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 45 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का है। अजय राय को वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उम्मीदवार बनाया गया है तो दिग्विजय सिंह को मध्य प्रदेश के राजगढ़ से टिकट दिया गया है। पार्टी उम्मीदवारों की चौथी सूची में बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस में शामिल हुए 17वीं लोकसभा के सदस्य दानिश अली को अमरोहा से टिकट दिया गया है। वह वर्तमान में इसी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। कांग्रेस ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चर्चित मुस्लिम नेता इमरान मसूद को सहारनपुर से उम्मीदवार बनाया है।

उत्तर प्रदेश की बाराबंकी सीट से पूर्व सांसद पीएम पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया को टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र के नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ विकास ठाकरे खड़े होंगे। तमिलनाडु में पार्टी ने अपने सांसदों मणिकम टैगोर को विरुधुनगर, कार्ति चिदंबरम को शिवगंगा, ज्योति मणि को करूर और विजय वसंत को कन्याकुमारी से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी अब तक 183 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39, दूसरी सूची में 43 और तीसरी सूची में 56 उम्मीदवार घोषित किए थे। उत्तराखंड की नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। नैनीताल से प्रकाश जोशी और हरिद्वार से वीरेंद्र रावत को प्रत्याशी बनाया गया है। वीरेंद्र रावत दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत के पुत्र हैं।

# प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया



- कीमतों को नियंत्रित रखने को सरकार का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इससे पहले इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 22 मार्च को एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक लगाए गए प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। डीजीएफटी, वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है, जो निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों पर फैसले करती है। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रबी सत्र, 2023 में प्याज का उत्पादन 2.27 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

# हिप्र में कांग्रेस के छह बागी भाजपा में शामिल

- तीन निर्दलीय विधायकों ने भी ज्वॉइन की भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी।

ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दर्शाता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। इन्हें बजट के दौरान सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों - आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं।





केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता रवि ठाकुर।

### मिलेगा उचित सम्मान

भाजपा नेताओं ने कहा कि इन पूर्व विधायकों को भाजपा में उचित सम्मान दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने को ऐसे छोटे राज्य के लिए बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इनमें से कई नेता पार्टी में वरिष्ठ पदों पर थे।

# बंगाल के मंत्री के घर से 40 लाख रुपये, दस्तावेज जब्त

- ईडी की पूछताछ में मंत्री नहीं दे सके संबंधित जानकारी

कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने स्कूल भर्ती मामले में बीरभूम जिले में पश्चिम बंगाल के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर 14 घंटे तक की छापेमारी में संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज, एक मोबाइल फोन और 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की है।

ईडी के अधिकारियों ने कथित स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में एजेंसी की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को सिन्हा के बोलपुर स्थित आवास पर तलाशी अभियान चलाया था। ईडी के अधिकारी ने बताया कि सिन्हा यह स्पष्ट नहीं कर सके कि उनके आवास पर इतनी बड़ी मात्रा में नकदी क्यों रखी गई थी। अधिकारी ने कहा कि हमने अपनी जांच के संबंध में संपत्ति से संबंधित कुछ दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। एक मोबाइल फोन और 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। हमने मंत्री से कुछ सवाल भी पूछे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने सिन्हा के आवास पर उस समय छापा मारा जब वह बोलपुर से लगभग 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक आवास पर थे। ईडी अधिकारियों ने सिन्हा से कई घंटे तक पूछताछ की।


शिक्षार्थ आइए
सेवार्थ जाइए
सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज
(इंग्लिश मीडियम) परिवार की ओर से
सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व
Happy Holi
होलीकोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
पांच वर्षीय कोर्स-
शिशु वाटिका (प्ले स्कूल), अंकुर (नर्सरी)
अरूण (केजी वन) उदय (केजी टू)
एवं प्रथम व द्वितीय कक्षा के लिए शीध्र प्रवेश प्रारंभ
वेदप्रकाश गुप्ता
दानदाता/सह-व्यवस्थापक
डॉ. कौशलेंद्र सिंह राठौर
महेंद्र पाल सिंह
दानदाता/पूर्व ब्लॉक प्रमुख
जगपाल सिंह यादव
दानदाता/पूर्व ब्लॉक प्रमुख
महेश कुमार गुप्ता
कोषाध्यक्ष
रामसेवक शर्मा
संस्थापक/प्रधानाचार्य
भवन निर्माण समिति, सरस्वती विद्या मंदिर
इंटर कॉलेज, लश्करगंज रोड, शाहबाद (रामपुर)


आप सभी को होली के
पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार
एस.डी.एम. शाहबाद
शिवकुमार शर्मा
तहसीलदार शाहबाद
सौजन्य से:- राजस्व विभाग एवं प्रशासन शाहबाद, (रामपुर)


आप सभी को होली के
पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
जोगेन्दर कुमार
जिलाधिकारी रामपुर
नन्दकिशोर कलाल
सी.डी.ओ रामपुर
सुनील कुमार
एस.डी.एम. शाहबाद
सौजन्य से:- राजस्व विभाग एवं प्रशासन शाहबाद, (रामपुर)


आप सभी को होली के
पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार
एस.डी.एम. शाहबाद
Holi
अरविंद शर्मा
नायब तहसीलदार शाहबाद
सौजन्य से:- राजस्व विभाग एवं प्रशासन शाहबाद, (रामपुर)


आप सभी को होली के पावन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर भानू प्रताप
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मो.हनीफ वारसी
प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
शोएब इजहार खां
राष्ट्रीय महासचिव
आकिल खां
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष
आरिफ खां
ब्लॉक अध्यक्ष
छुट्टू खां
वरिष्ठ कार्यकर्ता,
ग्राम प्रधान भगवतीपुर
सौजन्य से:- भारतीय किसान यूनियन, भानू शाहबाद (रामपुर)


राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर अमर रहें!
पाल/गड़रिया समाज जिन्दाबाद !
पाल महासभा, रामपुर की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों एवं देश वासियों को
रंगों के त्योहार होली एवं नवरात्रि
के पावन अवसर पर
हार्दिक शुभकामनायें
रंगो का महापर्व
आपके जीवन में
अनंत सुख, समृद्धि व खुशियां लाए।
कुमार सौरभ
ए०डी०जी०सी०-क्रिमिनल
मा० सूर्य प्रकाश पाल जी
पूर्व दर्जा राज्य मंत्री उ०प्र० सरकार
तुलसीराम पाल
अध्यक्ष पाल महासभा, रामपुर
कुमार गौरव
राजेश कुमार पाल
धर्म सिंह पाल
डा० प्रेमपाल
अध्यक्ष, स्वार मण्डल
रामवीर सिंह पाल
अध्यक्ष, शाहबाद मण्डल
एडवोकेट सतीश पाल
उपाध्यक्ष, चमरौआ मण्डल
हेमेन्द्र पाल
कुमार विशाल पाल
दिनेश पाल
प्रेम पाल
राज किशोर पाल
भगवानदास पाल
राकेश पाल
महामंत्री, चमरौआ मण्डल
धर्मपाल पाल
सोनू पाल
विनोद पाल



## रमजान मुबारक

**24 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी– 6 बजकर 32 मिनट
शिया– 6 बजकर 39 मिनट

**25 मार्च सहरी**
सुन्नी– 4 बजकर 40 मिनट
शिया– 4 बजकर 42 मिनट

**नोट**– क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।




## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



☞ भाकियू की पंचायत विकास भवन परिसर में दोपहर 12:15 बजे।

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में गणेश भगवान की पूजा प्रात: 6:15 बजे।

## एक नजर

### दो युवकों का शांति भंग में चालान

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात बेहटा गांव निवासी कुछ शरारती तत्वों ने धार्मिक परिसर में गोबर व उपले फेंक दिए थे। शनिवार सुबह परिसर में गोबर देख लोग भड़क गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने धार्मिक स्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके बाद पुलिस ने एक युवक को हिरसात में लिया और पूछताछ की। धार्मिक उन्माद फैलाने वाले प्रकाश में आए दो युवकों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासी रवि तथा राज गंगवार का शांति भंग में चालान कर दिया है।

# होली का त्योहार मनाने घर लौट रहे बरेली के युवक की शाहबाद में मौत

## शाहबाद-सिरौली मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा, ममेरा भाई घायल

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** होली मनाने घर लौट रहे ममेरे-फुफेरे भाई की बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में फुफेरे भाई रामवीर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल ममेरे भाई को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। युवक की मौत से परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



रामवीर।

बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी 20 वर्षीय रामवीर अपने ममेरे भाई अजय के साथ गाजियाबाद में रहकर सब्जी बेचने का काम करता था। शुक्रवार की रात दोनों बाइक पर सवार होकर घर आने के लिए निकले। शनिवार तड़के पांच बजे शाहबाद-सिरौली मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में रामवीर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल अजय को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



हादसे के बाद कोतवाली शाहबाद में मौजूद गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

- **गाजियाबाद में सब्जी बेचने का काम करता था रामवीर**
- **युवक की मौत से परिवार के सदस्यों को रो-रोकर बुरा हाल**

### मातम में बदलीं होली की खुशियां

हादसे में जान गंवाने वाला रामवीर होली का त्योहार मनाने गाजियाबाद से घर आने के लिए निकला था। लेकिन अचानक हुए हादसे में रामवीर की मौत ने होली की खुशियां मातम में बदल दीं। उसके पिता चंपतराम ने बताया कि रात को उसने फोन कर बताया कि वह होली का त्योहार मनाने घर आ रहा है। लेकिन पता नहीं था कि मौत उसका रास्ते में इंतजार कर रही है। रामवीर की मौत से परिवार में मातम पसरा है।

## शादी का झांसा देकर युवक ने बनाए शारीरिक संबंध

**रामपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवक ने युवती से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद युवक ने शादी से इनकार कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का कहना है कि उसके पड़ोस में ही रहने वाले सुलेमान नाम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद आरोपी युवती के अश्लील फोटो एवं वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। विरोध करने पर आरोपी युवक उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता रहा। युवती ने शादी करने की बात कही तो युवक भड़क गया। उसने युवती को दोबारा शादी करने की बात कहने पर उसके मां-बाप और भाइयों को जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने टांडा थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने सुलेमान, हाकम अली, फुरकान व इकराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



राम–रहीम पुल से लाइटें हटा ली गई हैं। इसके कारण शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है।

# 48 स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगा राम–रहीम पुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राम-रहीम पुल पर नगर पालिका प्रशासन की ओर से 48 स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। यहां पहले लाइटें लगी हुई थीं लेकिन उनकी रोशनी काफी कम थी। वह बार-बार खराब भी हो जाती थीं। इस समस्या को दूर कराने के लिए पालिका प्रशासन ने बोर्ड फंड से नई लाइट लगवाने का निर्णय लिया है।

अगस्त 2023 में शौकत अली रोड से होते हुए राम-रहीम फ्लाईओवर और ज्वालानगर तक लाइटें लगाई गईं थीं। नगर पालिका के अधिकारियों ने लाइटें चेक की तो राम-रहीम पुल के आसपास पोल नीचे से काफी जर्जर हो चुके थे। इसके बाद टीम ने इसे बदलवाने का फैसला लिया। बुधवार की सुबह जर्जर पाइप काटकर निकाल दिए गए। अब दो-तीन दिन के बाद पालिका यहां स्ट्रीट लाइटें लगवाएगी। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि राम-रहीम पुलिस पर लगी लाइटों को उतरवा लिया है। इनके स्थान पर अधिक क्षमता वाली लाइटों को लगवाया जाएगा। ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा इन खंभों पर तिरंगा लाइटें भी लगेंगी।

# सैफनी पुलिस ने चेकिंग में पकड़े 1.15 लाख रुपये

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है।

शुक्रवार की रात थाना प्रभारी हरिओम सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एफएसटी प्रभारी हिमांशु चौहान की टीम क्षेत्र के बड़ा गांव चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने एक कार को रोक लिया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 1.15 लाख रुपए मिले। कार चालक उत्तरी पश्चिम दिल्ली के मुकुंदपुर के फौजी कॉलोनी पार्ट दो निवासी अमित चौहान है। टीम ने उससे बरामद रकम के बारे में पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस रकम से संबंधित दस्तावेज भी पुलिस को नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने धनराशि को जब्त कर लिया। एफएसटी टीम प्रभारी ने इस रकम को जिला कोषागार में जमा करा दिया है। चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष हरिओम सिंह ने बताया कि यह धनराशि चुनाव में खर्च करने के लिए ले जाई जा रही थी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।



पूछताछ करती पुलिस व बरामद रुपये।

## जनसेवा केन्द्र से हजारों रुपये का सामान चुराया

**भोट, अमृत विचार :** चोरों ने शुक्रवार की रात हाईवे किनारे स्थित जनसेवा केंद्र के ताले तोड़कर प्रिंटर व सिलेंडर समेत हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

क्षेत्र के गांव किशनपुर पनचक्की निवासी मोहम्मद इकराम का थुनापुर कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के पास जनसेवा केन्द्र है। शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह केंद्र को बंद कर घर चला गया। शनिवार की सुबह करीब नौ बजे वह जनसेवा केंद्र खोलने पहुंचा तो शटर के लगे ताले टूटे हुए थे। दुकान में रखा प्रिंटर व चार सिलेंडर भी गायब थे। केंद्र संचालक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और इकराम से घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हब्शी हलुआ समेत तीन नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली के पर्व पर मिलावट कर अधिक से अधिक पैसा कमाने के लालच में कारोबारी लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर में छापेमारी कर हब्शी हलुआ सोहन समेत दो अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए शनिवार को अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में टीम ने शुतरखाना स्थित आलम डेयरी से दूध के नमूने, बैजनाथ की गली में जगसरन के यहां से खोया, बाजार नसरूल्लाह खां स्थित रॉयल हब्शी हलुआ का नमूना लिया। लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। इसके अलावा शौकत अली रोड स्थित टेम्परेशन स्वीट का निरीक्षण किया। अभिहित अधिकारी ने बताया कि त्योहार के अलावा समय-समय पर मिलावटखोरों पर कार्रवाई के लिए शिकंजा कसा जाता है। नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जाता हैं। जिन नमूनों की रिपोर्ट फेल होती है, उसके खिलाफ कार्रवाई कर एडीएम कोर्ट में वाद दायर किया जाता है। छापेमारी में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामप्रताप, अशोक कुमार, मनोज कुमार और राहुल शुक्ला शामिल रहे।



बाजार नसरूल्लाह खां में हब्शी हलवा सोहन के नमूने लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

- **बैजनाथ की गली, शुतरखाना क्षेत्र में टीम ने की छापेमारी**

## पुत्री के साथ छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विद्यालय में तैनात चौकीदार ने पड़ोसी किराएदार व उसके भांजे पर अपनी पुत्री से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

नगर की एक कॉलोनी में तीन वर्ष से किराए के मकान में रहने वाला व्यक्ति एक विद्यालय में चौकीदार हैं। शनिवार को वह पत्नी व पुत्री के साथ सीओ कार्यालय पहुंचा। उसने सीओ रवि खोखर की अनुपस्थिति में उनके अधीनस्थ अधिकारी को तहरीर दी। इसमें बताया कि पड़ोस में किराए पर रहने वाला व्यक्ति व उसका भांजा उसकी पुत्री के साथ छह माह से छेड़छाड़ कर रहे हैं। पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी खुद को कृषि राज्यमंत्री का रिश्तेदार बताता है। सीओ का कहना है कि थाने से आख्या मांगी गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## घर में आराम करता मिला जिला बदर, गिरफ्तार

**भोट, अमृत विचार :** पुलिस ने जिला बदर आरोपी के उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव किसरोल निवासी बाबू को गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जिला बदर किया गया था। शुक्रवार को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में ही रह रहा है। पुलिस ने उसके घर की घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। उसका चालान कर दिया है। आरोपी बदलु निवासी ग्राम लाम्बाखेड़ा का चालान कर दिया है।

# गैंग लीडर समेत चार बदमाश पकड़े

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** गिरोह बनाकर समाज विरोधी गतिविधियों मे लिप्त रहने पर पुलिस ने गैंग लीडर समेत चार आरोपियों को गैंगस्टर के मामले मे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाली के गांव कोयली निवासी गैंग लीडर दीपक व सदस्य विशाल सैनी सैनी, सोनू उर्फ भगता, गांव इमरता राय निवासी तौहीब खां ने संगठित गिरोह बना रखा है। इनका पेशा गैंग बनाकर चोरी, नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देकर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ के लिये धन अर्जित करना है। इनका क्षेत्र में इतना आतंक है कि कोई व्यक्ति इनके खिलाफ गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी गतिविधियों में गैंग लीडर समेत चार सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी।

शनिवार को क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा को सूचना मिली कि गैंग के चारों सदस्य भागने की फिराक में सवारी के इंतजार मे बिलासपुर मार्ग स्थित पिरानी के बाग पर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गैंग लीडर समेत चारों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



स्वार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर के आरोपी। ● अमृत विचार

- **आरोपियों की क्षेत्र में है दशहत गैंग बनाकर चोरी, नकबजनी जैसी घटनाओं को देते हैं अंजाम**

## बसपा ने जीशान को बनाया लोस प्रत्याशी

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार की देर शाम बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। प्रत्याशी बसपा के मंडल कोआर्डिनेटर शहाब खां के भतीजे जीशान खान हैं।



लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सभी दल अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार बसपा से लोकसभा चुनाव का टिकट कुंडा निवासी जीशान खां दिया गया है। वह स्नातक हैं। वह पहली बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। भाजपा पहले ही सांसद घनश्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी बन चुकी है। सियासी गलियारों में शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की रामपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाएं होती रहीं।



होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

# स्कूल में बच्चों ने खेली होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आनंद कॉन्वेंट स्कूल एवं शिव कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने होली खेली। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को होली की बधाई दी और सद्भावना के साथ रंग लगाने की हिदायत दी।

ज्वालानगर स्थित आनंद कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने खूब मस्ती की। एक-दूसरे को रंग लगाया। प्रबंधक पीयूष प्रकाश सक्सेना ने बच्चों को होली के धार्मिक महत्व को समझाया। प्रधानाचार्य आभा सक्सेना और नेहा सक्सेना ने कहा कि ऐसे रंग लगाने चाहिए जो त्वचा को नुकसान न पहुंचाए। टिकट गंज स्थित शिव कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक ठाकुर अजय सिंह ने भी बच्चों के साथ होली खेली। उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद की भक्ति की शक्ति के कारण हिरण्यकश्यप का वध हुआ। होलिका प्रह्लाद को गोदी में लेकर अग्नि में बैठ गई, लेकिन भगवन की भक्ति में लीन प्रह्लाद सुरक्षित रहे। होलिका जलकर भस्म हो गई।

**आदेश** 20 रुपये की काफी और चाय की कीमत जुड़ेगी 10 रुपये, प्रशासन ने प्रत्याशियों को दी रेट लिस्ट

# प्रत्याशियों को चुनाव में सोच-समझकर करना होगा खर्च

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के खर्च की दरें तय कर दी हैं। इस बार 20 रुपये की काफी और दस रुपये की चाय होगी। एक लीटर पानी की बोतल के दाम 20 रुपये होंगे। भोजन की स्पेशल थाली 120 रुपये की होगी। इसके अलावा देसी घी की मिठाई 600 रुपये किलो के हिासब से जुड़ेगी।

लोकसभा चुनाव आते ही प्रशासन ने कीमती सामानों की सूची जारी कर दी है। इसके तहत स्पेशल थाली की कीमत 120 रुपये, एक लीटर पानी की बोतल 20 रुपये चुनावी खर्च में जुड़ेगी। इसी तरह समोसा 10 रुपये और लड्डू 150 रुपये किलो तथा एक चाय की कीमत 10 रुपये रखी गई है। प्रचार-प्रसार सामग्री के दाम भी तय कर दिए गए हैं।

**इन दरों से जुड़ेगा चुनावी खर्च**

| | |
|---|---|
| भोजन पैकेट (प्रति थाली) | 120 रुपये |
| एक लीटर पानी की बोतल | 20 रुपये |
| पानी का ड्रम का किराया | 25 रुपये |
| कूलर प्रति दिन किराया | 50 रुपये |
| समोसा प्रति पीस | 10 रुपये |
| कोल्ड ड्रिंक दो लीटर | 85 रुपये |
| मिठाई लड्डू | 150 रुपये किलो |
| चाय प्रति कप | 10 रुपये |
| कॉफी प्रति कप | 20 रुपये |
| जलपान प्रति व्यक्ति | 40 रुपये |

"चुनाव खर्च की दर निर्धारित कर दी गई हैं। सभी राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध करा दी गई है। सूची के आधार पर ही चुनाव खर्च जोड़ा जाएगा।"
–लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**प्रचार सामग्री**

| वस्तुओं का नाम | दर का आधार | निर्वाचन के लिए निर्धारित की गई दरें |
|---|---|---|
| 1–बैनर सफेद | प्रति अदद | 45 रुपये प्रति मीटर तैयार |
| 2–बैनर दो रंग | प्रति अदद | 55 रुपये प्रति मीटर तैयार |
| 3– बैनर तीन रंग | प्रति अदद | 65 रुपये प्रति मीटर तैयार |
| 4–फ्लैक्सी बैनर बिना फ्रेम का | प्रति अदद | 63मीटर 200 रुपये |
| 5–फ्लेसी बैनर लोहे का फ्रेम का | प्रति अदद | 25 रुपये वर्ग फुट |
| 6–कपड़े का झंडा | प्रति अदद | छोटा दस और बड़ा 15 रुपये |
| 7–हैंड बिल | प्रति हजार | 300 रुपये |
| 8– फूल गुलाब | प्रति किलो | 180 रुपये |
| 09–फूल गेंदा | प्रति किलो | 90 रुपये |
| लाउडस्पीकर के साथ ई–रिक्शा, मानव चलित रिक्शा | 1000 रुपये प्रतिदिन | |
| साधारण साइकिल लाउडस्पीकर सहित | 650 रुपये प्रतिदिन | |

## बच्चे ने रखा रोजा, मांगी अमन-चैन की दुआ

**रामपुर, अमृत विचार :** धमोरा गांव निवासी इमरान बाबा के 10 वर्षीय बेटे फरहान हैदर ने रोजा रखा। इस दौरान घर में खुशी का माहौल रहा। पड़ोसियों ने भी बच्चे को रोजा रखने की हिम्मत के लिए बधाई दी। फरहान ने इफ्तार के समय देश में मोहब्बत और अमन-शांति की दुआ की। फरहान हैदर के रोजा रखने से और बच्चों में भी रोजा रखने का हौसला जगा है। पड़ोसियों ने रोजेदार का फूल मालाओं से स्वागत किया।



रोजेदार फरहान हैदर।

# कुरआन मुकम्मल होने पर की गुलपोशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मस्जिद लानसर वाली में शुक्रवार को कुरआन मुकम्मल होने पर मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ की गई। इसके बाद हाफिज और सामां की लोगों ने गुलपोशी भी की।

सीआरपीएफ फोटो चुंगी स्थित लानसर वाली मस्जिद में हाफिज अफमाम, हाफिज फत्तीन अख्तर ने रोजाना ढाई सिपारे की तिलावत की। सामां के फराइज हाफिज सुमैर ने अदा किए। हाफिज अफमाम ने माह रमजान की फजीलत बयां करते हुए कहा कि इस माह में अल्लाह इबादत की सवाब सत्तर गुना देता है। अपने बंदों के गुनाहों को माफ कर देता है। इस अवसर पर फरहान अख्तर, परवेज, इमरान, हारिस शमसी, मोहम्मद फैज मियां, कारी शब्बीर और हाफिज हम्माद आदि शामिल रहे।



कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिजों की गुलपोशी करते लोग। ● अमृत विचार

### कुरआन का मर्तबा सबसे अफजल : मौलाना नासिर

**रामपुर, अमृत विचार :** काजी गली स्थित कांग्रेसी नेता अरशद अली खां गुड्डू के आवास पर 11वीं नमाज ए तरावीह में हाफिज मुर्तजा अली ने कुरआन सुनाया। सामां के फराइज हाफिज अब्दुल रहमान ने अदा किए। इस अवसर पर इमाम जामा मस्जिद के मौलवी नासिर खां ने कहा कि कुरआन अल्लाह का कलाम है। तमाम किताबों में कुरआन पाक को सब से बड़ा मकाम हासिल है। यहीं वह किताब है जिस का मर्तबा अल्लाह ने सारी किताबों में सब से अफजल रखा है। अंत में हाफिजों की गुलपोशी की गई। इसके बाद मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर पूर्व सभासद सईद उल जफर खां, मुअज्जा अली खां, शुऐब खां, हारुन खां, शाहवेज खां, जहांगीर खां, अजान खां, आबान अली खां, अरसलान खां शामिल रहे।

## एक नजर

### युवती के अपहरण के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** युवती के अपहरण के मामले में गांव के ही युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अपहृता के पिता ने कार्रवाई कराई है। क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि 21 मार्च की शाम छह बजे उसकी 18 वर्षीया बेटी घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। उन्हें शक है कि गांव का ही पप्पू उनकी बेटी को बहला-फुसला कर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### केमरी पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन लोग पकड़े

**केमरी, अमृत विचार :** केमरी पुलिस ने अतर सिंह, रामप्रकाश व ख्यालीराम निवासी ग्राम मुबारकपुर को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के पास से गिरफ्तार किया है। तलाशी व फड़ से पुलिस को 1150 रुपये व ताश के 52 पत्ते मिले। इसके आधार पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया।

# आठ घंटे ठप रही जेल रोड क्षेत्र की बिजली

## शाम छह बजे केबल बॉक्स फटने से लाइन में आई थी खराबी, रात दो बजे सुचारू हुई आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर बिजलीघर के पुलिस लाइन फीडर का केबल बॉक्स फटने से आठ घंटे आपूर्ति बाधित रही। रोजे से पहले केबिल बॉक्स फटने से रोजेदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात दो बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार की शाम छह बजे पुलिस लाइन केबल बॉक्स की 33केवीए लाइन में खराबी आ गई थी। इसे सही करने के नाम पर कर्मचारियों ने सिर्फ खानापूर्ति कर दी। इसके कुछ देर बाद फीडर का केबल बॉक्स फट गया। इससे लोगों के घरों में अंधेरा छा गया। इन्वर्टर भी ठप हो गए। इस दौरान लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ा। चार घंटे बिजली नहीं आने पर विद्युत निगम के अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू हो गए। कर्मचारियों ने केबल बॉक्स में आई खराबी को सही किया।


पुराना गंज में जर्जर केबल की मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> शाम छह बजे पुलिस लाइन फीडर केबल बॉक्स में आग लग गई थी। इसे सही करने के लिए सबस्टेशन से शटडाउन लिया गया था। रात दो बजे करीब आपूर्ति सुचारू करा दी है। –इमरान खां, एक्सईएन प्रथम

इस दौरान जेल रोड, घेर मीर बाज खां, घेर चदंन खां, मदरसा कोहना, पीपल वाला घेर, आखून खेलान में चार घंटे बिजली संकट रहा। तरावीह मुकम्मल नहीं होने पर रोजेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत निगम के अधिकारी जल्द ही बिजली आने का आश्वासन देते रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन के पास केबल बॉक्स फटने की वजह से आपूर्ति बाधित रही। लाइन में आई खराबी को सही कराने के बाद रात दो बजे आपूर्ति सुचारू करा दी गई।

### पक्का बाग, तालाब मुल्ला इरम की बदली गई एबीसी केबल

पहाड़ी गेट बिजलीघर के फीडर पक्का बाग, तालाब मुल्ला इरम क्षेत्र की पुरानी एबीसी केबल को बदलवाया गया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से दोनों फीडरों को शटडाउन कराया। सुबह दस से दोपहर दो बजे तक कार्य किया गया। इससे चार घंटे बिजली नहीं मिली। दो बजे आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने घरों में घरेलू कार्यों को पूरा किया। इसके अलावा रोजे की इफ्तारी की तैयारियों में महिलाएं जुटी रही। अवर अभियंता संजीव चौरसिया ने बताया कि पुरानी केबल की जगह नई केबल डलवाई गई है। वह केबल काफी पुरानी हो गई थी और काफी नीचे लटक भी रही थी।

## डायट में दिया जाएगा राजकीय इंटर कालेज के शिक्षकों को प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों में नेप के क्रियान्वयन के लिए जागरुकता प्रशिक्षण तीन दिवसीय कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण की शुरूआत प्राचार्य नीलमरानी टम्टा ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की।

उन्होंने कहा कि नेप 2020 विषयक प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज के 50 प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दो उत्कृष्ट प्रधानाचार्यों में रचना चतुर्वेदी प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज और अनीता चौहान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चमरौआ को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित किया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय संदर्भ दाता बृजराज किशोर, वंदना शर्मा, अनिल कुमार, संगीता गुप्ता, प्रतिभा सिंह, संजीव शर्मा, अंजू सिंह,ताहिरा सईद, जयति कथुरिया, रमेश चंद्र गंगवार इत्यादि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप



शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के पदाधिकारी।

### भगत सिंह के बलिदान को रखा जाएगा याद : अवतार

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा में शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर उनको पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शहीद भगत सिंह ने देश की खातिर अपनी जान दे दी। पुष्प अर्पित करते हुए उनको नमन किया। इस मौके पर सरदार मनमीत सिंह, मनजीत सिंह, मोनू सिंह, सेवा सिंह, अमनदीप सिंह, कुलविंदर सिंह, सनी कपूर, अजीत सिंह, हरपाल सिंह, सुरजीत सिंह, दविंदर सिंह मौजूद रहे।


शहीद भगत, राजगुरु और सुखदेव को नमन करते किसान। ● अमृत विचार

### कभी नहीं भूल पाएंगे तीनों शहीदों का योगदान : अजय

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि तीनों शहीदों का योगदान हम कभी नही भूल पाएंगे। शहीद दिवस के मौके पर पूरा देश आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन कर रहा है। तीनों शहीदों ने 1928 में ब्रिटिश पुलिस के अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम दनकरी ब्लॉक प्रभारी विक्की धालीवाल के आवास पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया। 23 मार्च 1931 को शहीद भगत सिंह को उनके दो साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ अंग्रेजों ने फांसी पर लटकाया था। इसी से आगे चलकर देश को आजाद कराने की लड़ाई को नई हवा मिली। देश 1947 में आजाद हो पाया था। शहीदों को नमन कार्यक्रम में प्रभारी मनजिंदर सिंह गिल, फुरकान खान, लखविंदर गंगवार, विशाल गंगवार, फाजिल खान, करनैल सिंह, पिंदा धालीवाल, सोनू विर्क, सुमित गंगवार, जगवीर सिंह, पहलवान सिंह विर्क, सुखमनदीप सिंह गिल, शैरी धालीवाल, नरेश गंगवार, प्रेम पाल आदि किसान मौजूद रहे।

### बलिदान दिवस पर किया दीपदान

**रामपुर, अमृत विचार :** बलिदान दिवस के मौके पर स्वार क्षेत्र के ग्राम भोट बक्काल में राष्ट्रभक्तों ने दीपदान किया । सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान को याद किया गया। इस दौरान सरदार गुरप्रीत सिंह, पंडित गणेश चंद शर्मा, संदीप कौशिक, विवेक यादव, शिव कुमार शर्मा, आदित्य मानव, उपेंद्र गुप्ता, मनु श्रीवास्तव व कपिल आदि मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश मंत्री बने अनुज

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने अनुज भारद्वाज को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि अनुज युवा उद्यमी हैं। व्यापारी समाज को जागरूक करने तथा उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। अनुज ने संगठन के सभी कार्यों को पूर्ण जिम्मेदारी से निभाने का भरोसा दिया है।


नियुक्ति पत्र देते संदीप अग्रवाल सोनी।

### नवाबगेट डिवीजन में कर्मचारियों ने खेली होली

**रामपुर, अमृत विचार :** होली का त्योहार सोमवार को है। सरकारी विभागों में रविवार को अवकाश होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शनिवार को ही जमकर होली खेली। नवाबगेट बिजलीघर में कर्मचारियों ने एक-दूसरे को होली के त्योहार की बधाई दी। इसके अलावा जिला अस्पताल में भी कर्मचारियों ने होली खेली। यहां स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वॉय ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कर्मचारियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। दिन भर जगह-जगह होली के गीत बजते रहे। इसके अलावा मालगोदाम स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में भी होली खेली गई। सिविल लाइंस, मालगोदाम, बरेली गेट, पहाड़ी गेट, शाहबाद गेट, किला बिजलीघर, रजा, आबंडेकर पार्क बिजलीघर में कर्मचारियों ने होली खेली। शनिवार को नवाबगेट डिवीजन में कर्मचारियों ने पालिकाध्यक्ष के पति रहमान अंसारी ने होली खेली। इस मौके पर राजपाल सिंह, हर्ष कुमार, प्रेम बाबू, हरीश सिंह, राधेश्याम सिंह, दौलत सिंह, अभय सैनी, सतवीर यादव, महेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

### बजरी पर बाइक फिसली, दो मजदूर घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** सुल्तानपुर पट्टी मार्ग स्थित रहमतगंज गांव के निकट बिखरी बजरी पर बाइक फिसलने से बाइक सवार दो मजदूर घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाने में मदद की। क्षेत्र के बिजारखाता गांव निवासी अंकित मौर्य व प्रियांशु मौर्य शनिवार की शाम अपने गांव से सुल्तानपुर पट्टी में मजदूरी करने जा रहे थे। रहमतगंज में मन्दिर के पास सड़क पर डंपरों द्वारा गिराई गई बजरी पर उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई। इसमें दोनों युवक जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने घायलों चिकित्सक के यहां पहुंचाया। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें घर ले गए।

# नाटक से दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन नसरत नगर में शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केके शर्मा के निर्देशन में डीएल एड के छात्र-छात्राओं द्वारा पटवाई में स्वीप कार्य के अंतर्गत मतदाता जागरुकता का संदेश दिया।

महाविद्यालय के संस्थापक पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर बस को पटवाई के लिए रवाना किया। पटवाई में छात्र-छात्राओं ने मतदान के संदर्भ में नारे लगाते हुए जागरुकता रैली निकाली। छात्रों ने पटवाई के चौराहा व अन्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। लोगों ने छात्रा-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों को व्यक्तिगत रूप से जागरूक करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने इस जागरुकता कार्यक्रम को करने के लिए दीक्षित ग्रुप ऑफ कॉलेज की सराहना की। पुनः महाविद्यालय द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीनू सक्सेना, अश्विनी कुमार सक्सेना, प्रवक्ता गीता देवी, महेंद्र पाल सिंह एवं विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।



मतदान के लिए लोगों का जागरूक करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### कार्यालयों में मतदाता जागरुकता मुहर का प्रयोग शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी कराने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता शिक्षा एवं सुव्यवस्थित निर्वाचन सहभागिता स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालयों में मतदाता जागरुकता स्टैंप (मुहर) का प्रयोग शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से स्वीप प्रभारी अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने विकास भवन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला अस्पताल स्थित कार्यालय से मतदाता जागरुकता स्टैंप का प्रयोग कर शुरू किया। इस स्टैंप में मतदान की तारीख की जानकारी सहित जनपदवासियों से मतदान की अपील की गई है।

# संभल कर खेलें रंग, कहीं उड़ न जाए चेहरे की रंगत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली पर रंग जरा सावधानी से खेलें। ऐसा न हो कि केमिकल युक्त रंग आपके चेहरे की रंगत ही बिगाड़ दें। चिकत्सकों ने लोगों से केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की है।

होली रंगों का त्योहार है। लेकिन अधिकांश लोग केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग करते हैं। बाजार में भी अधिकांश रंग केमिकल युक्त हैं। चेहरे की त्वचा बहुत नाजुक होती है। डॉक्टरों का कहना है कि अधिकतर रंगों में मेटल ऑक्साइड नामक केमिकल पाया जाता है। यह चेहरे की रंगत बिगाड़ देता है। इनसे चेहरे की नमी चली जाती है और चेहरा काला पड़ने लगता है। बालों के लिए भी केमिकल युक्त रंग नुकसानदायक है।

### ऐसे बरतें एहतियात

- रंग खेलने से पहले चेहरे पर सरसों का तेल लगाए।
- बेसन का घोल भी चेहरे पर लगा सकते हैं।
- गुलाब जल, ग्लिसरीन, अरोमा के तेल के मिश्रण पर चेहरे पर लगाए।
- बादाम, नारियल का तेल बालों में लगाए।
- चेहरे को रगड़-रगड़ कर न धोएं।
- नींबू-पानी के मिश्रण से बालों की धोया जा सकता है।

> रंग में ऑक्साइड नामक केमिकल पाया जाता है। चेहरे पर लगने के बाद इससे कुछ देर तक खुशबू आती है लेकिन बाद में हमेशा के लिए चेहरे पर दाग छोड़ जाता हैं। रंग खेलने से सावधानी बरतना जरूरी है। केमिकल युक्त रंगों की बजाए हर्बल रंगों का प्रयोग करें। –डा. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला अस्पताल।


आंबेडकर पार्क में आयोजित बैठक में शामिल संघ के पदाधिकारी।

# चौदह अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में आंबेडकर पार्क में बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष बादाम सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर का 133वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 13 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा एवं पार्क में प्रकाशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 14 को झांकियों, बैंड बाजा सहित शोभायात्रा मोहल्ला पक्का बाग से शुरू होकर छीपियान होते हुए पुराना गंज पुलिस चौकी, बांस मंडी, मिस्टन गंज, राजद्वारा, गांधी समाधि होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंचेगी।

बैठक में रामौतार आंबेडकर, बादाम सिंह, सत्यपाल सिंह बादल, हरिओम रवि, राजाराम आंबेडकर, अमर सिंह, प्रमोद कुमार सागर, महेश कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ ने धूम्रपान न करने की दिलाई शपथ

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय तंबाकू धूम्रपान निषेध दिवस पर सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कर्मचारियों को तंबाकू का सेवन व धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण का समारोह का आयोजन किया गया। इसका आरंभ सीएमओ डा. एसपी सिंह ने किया। इसके बाद जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन खान ने कहा कि तंबाकू से कई गंभीर बीमारियां होती हैं। इससे हमारे समाज को बचना होगा। अप्रत्क्ष धूम्रपान भी हानिकारक है। इससे बच्चों में सांस की बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। इसके बाद हस्ताक्षर अभियान में कई चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एसीएमओ डा. संतोष कुमार, डा. सतेंद्र कुमार, डा. ओपी, डा. केके चहल, अंकित शर्मा, जसवीर सिंह जस्सी आदि शामिल रहे।

# चिह्नित जगह पर खड़ी कराएं निजी बस

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** नगर मे जाम की समस्या निजात दिलाने के लिए निजी बसों को चिह्नित जगह पर न खड़ा करने का आरोप लगा भाकियू तोमर ने टेंपो संचालकों का समर्थन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समस्या का समाधान कराने की मांग की।

शनिवार को भाकियू के जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल ने एसडीएम अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिस-प्रशासन ने निजी बसों, टेंपो व ई-रिक्शा के लिये जगह चिह्नित कर खड़ा करने के निर्देश दिए थे। टेंपो चालक प्रशासन द्वारा चिह्नित की गई जगह पर अपने टेंपो खड़ा कर रहे हैं। मगर निजी बसों के चालक पुरानी जगह पर ही बसों को खड़ी करके सवारियां भर रहे हैं। इसके चलते टेंपो में सवारी नहीं बैठ रही हैं। इससे टेंपो चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने एसडीएम से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। एसडीएम ने निजी बस चालकों के खिलाफ कोतवाल संदीप त्यागी को कार्रवाई के निर्देश दिये। ज्ञापन सौंपने वालों में शाकिर अली, बबलू सिंह, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सुहैल, विजेंदर सैनी, मोहम्मद फैज, रियाजुल अहमद,रमेश कुमार, शाकुल नबी, मोहम्मद नदीम, जयकुमार, इसरार, मोहम्मद अहमद, जयपाल, रवि सैनी, प्रमोद कुमार, नूरहसन, आले हसन, संजय सैनी, गौरव, असलम, आसिम अली, नरेश आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू तोमर के कार्यकर्ता व टेंपो चालक। ● अमृत विचार

▸▸ टेंपो चालकों ने एसडीएम से की बस चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**आयोजन** 23 से 31 मार्च तक प्रदर्शित की जाएगी प्रदर्शनी

# प्रेरणा देता है शहीदों का शौर्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के सूचना अधिकारी डॉ. अबुसाद इस्लाही ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में कई सेनानी शहीद हुए। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता। आज का दिन शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन करने का दिन है। 23 मार्च हो ही भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी।

रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में शनिवार को देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद किया गया। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के निर्देशन में शहीदों की कहानी, किताबों की जुबानी विषय पर स्वतंत्रता सेनानियों पर संग्रहित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। उद्घाटन लाइब्रेरी एवं सूचना अधिकारी डॉ. अबुसाद इस्लाही ने किया। प्रदर्शनी 31 मार्च तक चलेगी। बताया कि देश की आजादी की लड़ाई में इन महान स्वंतत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इनका शौर्य और मातृभूमि की आजादी के प्रति साहस युवाओं को आज भी प्रेरणा देता है। रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम ने प्रदर्शनी में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के अतिरिक्त अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों को आज की युवा पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करना है।


प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सूचना अधिकारी डॉ. अबुसाद इस्लाही।

## किसानों के धान नष्ट करना बंद करे प्रशासन

**रामपुर, अमृत विचार :** किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में दर्जनों किसान तहसील परिसर में एकत्र हुए और नायब तहसीलदार चमरव्वा को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन से ग्रीष्मकालीन धान को नष्ट करने पर रोक लगाने की मांग की।

राष्ट्रीय महासचिव ने कहा बिलासपुर और मिलक तहसील में प्रशासन ग्रीष्मकालीन धान लगाने वाले किसानों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। क्योंकि ज्यादातर किसानों की रबी की फसलें बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और छुट्टा गोवंश ने बर्बाद कर दी हैं। अब किसानों के पास मात्र ग्रीष्मकालीन धान लगाने का विकल्प ही रह गया है। लेकिन तहसील सदर में तैनात ज्यादातर लेखपाल किसानों से अवैध वसूली करना चाह रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में अख्तर अली, मोहम्मद यासीन, अखलाक, नफीस, कृष्णपाल, राम अवतार राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाशिए पर खड़े व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचा रही है जौहर यूनिवर्सिटी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आसिम खान ने कहा की शिक्षा समाज की अहम जरूरत है। इसे पूरा करने के लिए अभी सैकड़ों तालीमी इदारों की जरूरत है। शिक्षाविद मोहम्मद आजम खान ने मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी बनाकर समाज के आखरी व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने का कार्य किया है। कहा कि आजम खां के साथ जुल्म और सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।


आसिम खान।

आसिम खां ने कहा कि एक 75 वर्षीय आजम खां का पूरा जीवन देश सेवा में गुजर गया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से तालीम हासिल कर निकले डा. जाकिर हुसैन तीसरे राष्ट्रपति बने। लाला अमरनाथ भारद्वाज भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान बने। राजकुमार मशहूर फिल्म अभिनेता के रूप में जाने गए। नसीर उद्दीन शाह, मेजर ध्यानचंद भी एएमयू के छात्र रहे। मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय भी तालीम से मोहब्बत और उसको बढ़ावा देने का अलमबरदार है। वही किरदार अदा कर रहा है जो इन सब शिक्षा के मंदिरों ने अदा किया है। जौहर यूनिवर्सिटी में सोमपाल सिंह आते हैं। पीएचडी की डिग्री हासिल करते हैं डॉ. सोमपाल सिंह कहलाने लगते हैं। कहा कि आजम खां झुके नहीं, डरे नहीं, दबे नहीं। अपने पूरे खानदान के साथ जेल जाना गवारा किया लेकिन, हालात और उसूलों से समझौता नहीं किया।



# आज होगा दहन, जगह-जगह रखी गई होलिका

## जिले में 1218 जगह होगा होलिका दहन, तैयारियां शुरू, नई पंरपरा डालने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली को लेकर लोगों ने तैयारियां पूरी हैं। शुभ मुहूर्त में 1218 स्थानों पर होलिका में आग लगाई जाएगी। नई पंरपरा डालने वालों पर पुलिस सख्त रवैया अपना सकती है। 25 मार्च को रंग और 24 मार्च को होलिका दहन होगा। इसके लिए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

होली के पर्व को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने के लिए थानों में शांति समिति की बैठक की गईं। ताकि होली में कोई नई पंरपरा नहीं डाल सके। इसे लेकर ग्रामीणों को पुलिस ने सतर्क कर दिया है। जिले में 1218 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। उसके अलावा कोई भी नई पंरपरा डालेगा तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। होली के आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा। पंडित संदीप कौशिक बताते हैं कि इस बार होलिका दहन का मुहूर्त रात 11:16 से 12:20 बजे तक रहेगा।


एक दूसरे को रंग लगातीं छात्राएं। ● अमृत विचार


सिविल लाइन क्षेत्र में रखी गई होलिका।


बाजार में बिकती बलगुलिया।

### घरों में भी होती है होली की पूजा

पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने लोगों से प्रार्थना कि होली को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। 24 मार्च की रात 11:14 तक भद्रा काल है। इसलिए रात 11:16 बजे के बाद होलिका दहन किया जाना चाहिए। कंडों, बलगुलियों से ही होलिका दहन किया जाना चाहिए। नमक, राई, चोकर को बच्चों के ऊपर से उतार कर होली पर डालने से अनिष्ट दूर होते हैं। घरों में होलिका दहन किया जाता है। गन्ने में बांधकर जौ की बालियां भी होलिका में भूनी जाती हैं।

### घर जाने की जल्दी ने बसों में बढ़ा दी यात्रियों की भीड़

होली पर हर व्यक्ति को घर जाने की जल्दी है। इसके कारण बसों में काफी भीड़ है। लोग चौराहों पर खड़े होकर बसों का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही बस आती है उसमें यात्री घुस जाते हैं। होली का पर्व लोग परिवार के साथ मनाते हैं। दूसरे जिलों में नौकरी कर करने वाले लोगों ने अपने घरों का रुख कर दिया है। इसके कारण बसों में काफी भीड़ चल रही है। डग्गमार वाहनों में भी लोग जान-जोखिम में डालकर सफर तय कर रहे हैं।

### बच्चे जमकर खरीद रहे रंग-गुलाल

होली के पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए बच्चों से लेकर बूढ़े तक रंग-गुलाल खरीद रहे हैं। शनिवार को दोपहर बाद ज्वालानगर में सजी रंग की दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली। बच्चे अपने लिए पिचकारी और मुखौटे खरीदते दिखे तो बुजुर्गों ने भी रंग और गुलाल खरीदा। महिलाएं भी पूरे दिन घरेलू सामान की खरीदारी करती रहीं। भीड़ अधिक होने के कारण पुल पर कई बार जाम के हालात बन गए।

## एक नजर

### सभी किसानों को मिले साठा धान लगाने की अनुमति

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रतिनिधि मंडल तहसीलदार कृष्ण कुमार त्यागी से मिला। उन्होंने जनपद के सभी किसानों को साठा धान लगाने की अनुमति देने की मांग की। कहा कि मिलक और बिलासपुर में साठा धान लगाया जा रहा है। जबकि सदर के किसानों को साठा धान लगाने से रोका जा रहा है। प्रशासन का यह पक्षपात पूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर साठा धान लगेगा तो पूरे जिले के किसानों को अनुमति दी जाएगी। जो भी नियम हो वह पूरे जिले में एक हो। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र खन्ना, उपाध्यक्ष जुबैर खां, असलम, अफरोज अली, इल्यास प्रधान, आनंदी लाल, मुराद अली आदि शामिल रहे।

### प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक के सभागार में रविवार को दो बजे जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटो की सक्रियता तथा विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए बनाए गए प्रभारी अधिकारियों की तैयारी की विस्तृत रूप से समीक्षा करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करेंगे। यदि कोई अधिकारी गैर हाजिर होते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल के ताले तोड़कर बर्तन व अन्य सामान चुराया

**सैदनगर, अमृत विचार :** थाना टांडा में देर रात चोरों ने स्कूल के ताले तोड़कर बर्तन व अन्य सामान चुरा लिया। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। टांडा क्षेत्र के रुद्र का माझरा अहमदनगर कला स्थित कंपोजिट विद्यालय को देर रात चोरों ने निशाना बना लिया। ताले तोड़कर स्कूल में घुसे चारों ने रेडियो, बर्तन आदि सामान चुरा लिया। मामले की सूचना पर पहुंचे प्रधानाध्यापक ने अंदर जाकर देखा तो अलमारियां टूटी पड़ी थी और सारा सामान गायब था। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रधान अध्यापक की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।



शनिवार को स्कूल में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेलते बच्चे।

# स्कूल में बच्चों ने मनाई होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में विद्यार्थियों ने होली पर्व को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अध्यापिका ने बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाते हुए होलिका द्वारा भक्ति प्रह्लाद को अग्नि में लेकर बैठने के दृश्य को चरित्रार्थ किया।

कार्यक्रम में हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। ईश्वर की कृपा से भक्त प्रह्लाद बच गए और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा। इसके अतिरिक्त होलिका दहन से जुड़ी अन्य कहानियां भी हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जय प्रह्लाद कहकर होली की बधाई दी। प्रधानाचार्य परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करने को कहा। इस दौरान सह प्रधानाचार्य अमित बनर्जी, विद्यालय हेड पूजा अरोरा तथा कुलदीप कौर आदि मौजूद रहे।

# महिला मंडल ने गाए होली गीत और फाग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चेतना योग संस्था की ओर से रोशन बाग में होली पर रंगारंग कार्यक्रम हुए। सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने संस्था द्वारा कराये जा रहे योग एवं उससे होने वाले फायदे तथा होली पर्व के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने चुटकुले, गीत व भजन सुनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। बीच-बीच में होली से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी पुष्पा गुप्ता द्वारा आयोजित करायी गई। महिला मंडल ने होली से सम्बन्धित गीत और फाग प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कमलेश रस्तोगी, मीना वर्मा, वीना माहेश्वरी, पुष्पा गुप्ता, सुनीता सिंह, लक्ष्मी रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, नीता गुप्ता, मीरा गुप्ता, ऋचा अग्रवाल, संरक्षक लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रमेश अग्रवाल, सूनेपाल यादव, महेश जुनेजा, आरके जैन, सतीश चन्द्र भाटिया, राजेश एडवोकेट, राजीव कुमार, अनिल वर्मा, पवन उप्पल, कौशल्या नन्दन, अशोक अग्रवाल, नरेन्द्र यादव, अमरनाथ खनेजा, अशोक कश्यप, अशोक दाल वाले, सतपाल सिंह, प्रेम गुप्ता, श्रवण श्रीवास्तव, ब्रजेश गुप्ता, कमल किशोर सक्सेना, चन्द्र केश यादव, शिवकान्त अग्रवाल, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। राजीव अग्रवाल ने सभी सदस्यों को उपहार दिए। संचालन सरदार महेन्द्र सिंह ने किया।


होली कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**
▸▸ चेतना योग संस्था की ओर से मनाई गई होली



स्वार में गुलाल पिचकारी की सजी दुकान। ● अमृत विचार

# गुलाल-पिचकारी की दुकानें सजीं

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** नगर में होली की रौनक दिखाई देने लगी है। जगह-जगह रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकान सजी हैं। इसके अलावा नमकीन, पापड़ व कचरी की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ रही है। होली पर गुझिया आदि बनाने के लिए लोग मावा, बूरा, मैदा आदि की खरीदारी कर रहे हैं। भारी भीड़ से दुकानदार खुश हैं।

नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। नगर के मुख्य बाजार व मुख्य चौराहों समेत गली-मोहल्लों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। बच्चे अपनी पंसद की पिचकारी एवं रंग-गुलाल खरीद रहे हैं। दुकानदारों ने बच्चों के लिए आर्कषक डिजाइनों की पिचकारी सजा रखी हैं। इनकी कीमत दस से लेकर 1200 रुपये तक है। बच्चे प्रेशर वाली पिचकारी को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बाजार में भगवा गुलाल की मांग बढ़ गई है। राजस्थानी टोपी लोगों आकर्षित कर रही है। घरों में पकवान बनने लगे हैं। गुझिया बनाने के लिए मावा आदि की खरीदारी की जा रही है।

# खुद पर विश्वास कर आगे बढ़ें छात्र : दर्पण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हैदराबाद से आए दर्पण वासुदेव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए और परिश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इसी के साथ विद्यालय में लीड स्पीड संस्था द्वारा आईआईटी के डेमो क्लासेस की भी शुरूआत की गई। ऐप लॉन्चिंग के बाद परीक्षाफल दिए गए। मेधावियों को सम्मानित किया गया।

लदौरा नारायणपुर स्थित साईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के एजुकेशनल ऐप की लॉन्चिंग हुई। आईआईटी जेईई परीक्षा की तैयारी के लिए डेमो क्लासेस की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का आरंभ हैदराबाद से आए शिक्षाविद् दर्पण वासुदेव एवं विद्यालय के संस्थापक दिलीप सक्सेना ने दीप प्रज्वलन करके किया। ऐप लॉन्चिंग का उद्देश्य विद्यालय में तकनीकी का प्रयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता को उत्तम बनाना है। कक्षा एक में प्रथम स्थान पूर्वी यादव ने, कक्षा दो में ललित राजपूत ने, कक्षा तीन में अध्विविक गुप्ता, कक्षा चार में आयुष चौहान, कक्षा पांच में तृषा गुप्ता, कक्षा छह में प्रियांशु चंदेल, कक्षा सात में आर्यन पटेल, कक्षा आठ में अंश चंदेल, कक्षा नौ में अनुष्का शर्मा, कक्षा 10ब में अनुष्का शर्मा कक्षा 11अ में वैष्णवी, 11ब में अक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद जागरूक अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इसमें कक्षा एक के ऋषभ के माता-पिता आशा और संजीव कुमार, कक्षा दो के सार्थक के माता-पिता राखी और दुष्यंत कुमार, मेघा गुप्ता के माता-पिता रीमा गुप्ता और संजय गुप्ता, कक्षा 10 की अदिति के माता-पिता सपना व मोहर सिंह, कक्षा 12 के आदित्य सक्सेना के माता-पिता नीरज सक्सेना एवं सानू सक्सेना को सम्मानित किया गया।

मोस्ट अटैंटिव स्टूडेंट का अवार्ड कक्षा तीन की प्रियांशी गुप्ता, कक्षा सात की वंशिका यादव, कक्षा नौ की श्वेता दीक्षित, कक्षा 12 की सुबुर को प्रदान किया। मोस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट के लिए कक्षा एक में सांची, कक्षा दो में आराध्या सिंह, कक्षा तीन में सर्वज्ञा सक्सेना एवं आव्या मौर्य, कक्षा चार में साक्षी, कक्षा पांच में वैष्णवी, कक्षा सात में दिव्यांशी अग्रवाल, कक्षा नौ में अदिना बी, कक्षा 10अ में वार्षिक रावत, कक्षा 10ब में गौरांशी ठाकुर, कक्षा 11 में सृष्टि शर्मा एवं सृष्टि दीक्षित, कक्षा 12 में तुषार एवं रिया को दिया गया। संचालन प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में प्रबंधक अर्जित सक्सेना, निहारिका सक्सेना, अविका वर्मा, जैनी खान, हिरा, प्रवेश मौर्य आदि मौजूद रहे।



विजयी छात्र को मेडल पहनातीं अतिथि। ● अमृत विचार

▸▸ आईआईटी के डेमो क्लासेस की भी हुई शुरूआत

## सार संक्षेप

### बच्चों ने अभिनय से दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश


शनिवार को स्कूल में होली खेलते बच्चे।

**रामपुर, अमृत विचार :** शिव विहार स्थित सिटी मान्टेसरी स्कूल में होली समारोह का आयोजन हुआ। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। नन्हे हाथों में रंग लगाकर कई कलाकृतियां बनाईं। प्रबंधक नरदेव सिंह मौर्य ने बच्चों को केमिकल युक्त रंगों से होली न खेलने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि होली रंगों का त्योहार है। रंग हमारे अन्दर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं। होली मित्रता और एकता का पर्व है। इस दिन शत्रुता और द्वेषभाव भूलकर सबसे प्रेम से मिलना चाहिए। बच्चों ने होली के गीतों पर डांस किया। होली की ऐतिहासिक घटना को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत कर समाज को बुराई पर अच्छाई की जीत का सन्देश भी दिया। अंत में बच्चों को बताया कि होली प्यार और सद्भावना का त्योहार है। भक्त प्रह्लाद की याद में होली का त्योहार मनाया जाता है। इस अवसर पर नरदेव सिंह, राम अवतार सिंह सैनी, अजय सिंह, ज्ञान सिंह, शशि बाला सैनी, शैलजा कुशवाहा, गुलफ्शा बी, विनीता पाल आदि मौजूद रहे।



होली के मौके पर एक-दूसरे को रंग लगातीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### स्कूल में शिक्षिकाओं ने खेली होली, लगाया गुलाल

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया। इसके बाद आकर्षक रंगोली बनाई गई। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को होली का पर्व क्यों मनाया जाता है, इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया। भक्त प्रहलाद के जीवन के नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। शिक्षकों व बच्चों ने होली के गीत गाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाया। बच्चे भी होली के गीतों पर खूब झूमे। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार स्वरूप पेंसिल वितरित की गई। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि होली को गुलाल लगाकर ही मनाएं। इस अवसर पर रिचा देवी, विक्रम कुमार, हुमा आदि उपस्थित रहे।


ग्रामीणों के साथ बैठक करते सीओ कीर्ति आनंद। ● अमृत विचार

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार

**सैदनगर, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति आनंद ने शनिवार को कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं कर ग्रामीणों से शांतिपूर्वक त्योहार एवं चुनावी पर्व मनाने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने आपराधिक छवि वालों को सख्त चेतावनी भी दी। खेमपुर साप्ताहिक बाजार में हुई नुक्कड़ सभा में सीओ ने एक-दूसरे के त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। नुक्कड़ सभा के दौरान सीओ ने ग्रामीणों को चेतावनी देते हुए कानून का उल्लंघन न करने की अपील की। अजीमनगर के प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने गांव में आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों की जानकारी ली। इसके अलावा गोकशी से संबंधित मुकदमों का सत्यापन भी किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अकबर अली, पूर्व प्रधान मोहम्मद अहमद, इरफान बाबू, रोशन लाला, मोहम्मद रिजवान, डॉक्टर शरीफ अहमद, डॉक्टर मुजम्मिल, मोहम्मद हनीफ, हाजी यासीन, अख्तर अली, बबलू आदि मौजूद रहे। नुक्कड़ सभाएं भोट, खेड़ा, धुलियागंज, नगलिया, खोद आदि दर्जनों गांवों में हुईं।


फाग गीत पर नृत्य करते पर्वतीय जन चेतना समिति के पदाधिकारी।

### पर्वतीय जन चेतना समिति के पदाधिकारियों ने खेली होली

**रामपुर, अमृत विचार :** पर्वतीय जन चेतना समिति के लोगों ने मक्का मिल में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत जोशी के आवास पर होली का पर्व धूमधाम से मनाया। होली पर फाग गीत गाए गए। समिति के महासचिव पीसी जोशी ने फाग गीत गाए। ढोलक पर समिति के कोषाध्यक्ष डीके बहुगुणा ने अपनी थाप छेड़ी तो हुरियारे झूम उठे। कार्यक्रम संयोजक किशन सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्वतीय समाज के लोग होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाएंगे। किसी भी प्रकार के पक्के रंगों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। गुलाल अबीर का प्रयोग कर होली खेली जाएगी। इस दौरान प्रदीप अधिकारी, दीप जोशी, हेमंत जोशी, संतोष नेगी, जगत सिंह, अतुल जोशी, राजू आदि मौजूद रहे।

**त्योहार** हर्बल रंगों के लिए नीम, टेसू, मेहंदी, अमलतास, गेंदा, हल्दी, केसर आदि का करें प्रयोग

# हर्बल होली ही मन को उमंग से करती है सराबोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली का पर्व हर्बल रंगों से मनाना चाहिए। पारंपरिक होली फूलों से बने रंगों से ही खेली जानी चाहिए। नीम से बना रंग शरीर में पड़ेगा तो त्वचा के विकार दूर होंगे। केमिकल युक्त रंगों से दूर रहना चाहिए। ऐसे में लोग एक दूसरे को केमिकल युक्त रंग लगाने से त्वचा खराब हो जाती है।

होली एवं दिवाली त्योहारों में नवरात्र पड़ते हैं। इनमें व्रत, उपवास और सात्विक भोजन को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। सात्विक आहार मन और शरीर को विकारमुक्त बनाता है। डॉ. कुलदीप चौहान का कहना है कि हर्बल होली ही स्वास्थ्य और मन को उमंग से सराबोर करती है। पारंपरिक होली फूलों से बने रंगों से ही होली खेलनी चाहिए। हर्बल रंग त्वचा पर किसी तरह का दुष्प्रभाव नहीं डालते। हर्बल रंगों के लिए नीम, टेसू, मेहंदी, अमलतास, गेंदा, हल्दी, केसर आदि का प्रयोग किया जा सकता है। यह सभी औषधीय गुणों से भरपूर हैं। कई औषधियां ऐसी हैं जिनका सेवन व लेपन, होली खेलने के आनन्द और प्रेम को दुगना कर देता है। हल्दी विशिष्ट गुणों से भरपूर है, जबकि टेसू कफ का नाश करता है। नीम त्वचा के संक्रमण में बहुत लाभकारी है।

महंगाई के दौर में केसर से होली खेलना संभव नहीं है। लेकिन अन्य सस्ती एवं सेहत के लिए उपयोगी वनस्पतियां भी मौजूद हैं। होली के तीन दिन पहले या होली जलने के बाद सर्वप्रथम गोंठे (गुड़, सोंठ की गुझिया) को आहार के रूप में सेवन करना चाहिए। आयुर्वेद में गुड़ और सोंठ औषधि के रूप में वर्णित हैं। यह पाचनतंत्र को मजबूत बनाने के साथ शरीर को पुष्ट करते हैं। इनका सेवन करके बेमौसम के जुकाम, बुखार, खांसी व पाचन से जुड़ी समस्याओं से बचाव होता है। जबकि आज के दौर में खोया, मेवे और चिकनाई वाली गुझिया बनती हैं। इसके सेवन से सेहत पर कोई अच्छा प्रभाव नहीं पड़ता है।

▸▸ आयुर्वेद में हर पेड़, पौधे व फूल से मिलने वाले लाभ का किया गया है वर्णन


"महिलाओं को होली खेलते समय त्वचा पर ध्यान देना आवश्यक है। होली खेलने से पहले पूरे शरीर में चन्दन का तेल लगा लें। ताकि बाद में रंगों को आसानी से छुड़ाया जा सके।" -डॉ. शैजी


"होली मनाने के लिए चंदन पाउडर का उपयोग करें। पुराने एवं सूती कपड़े पहने। बच्चों की त्वचा को धूप और हानिकारक रंगों से बचाने के लिए पूरी बाजू वाली शर्ट और पूरी लंबाई वाली पेंट पहनाएं।" - डा. कुलदीप चौहान, आयुर्वेद मनोचिकित्सक


"होली में रंगों के प्रयोग में सावधानी जरूरी है। हर्बल रंग का ही प्रयोग करें और स्वयं के स्वास्थ्य की रक्षा करें। होली के मौके पर केमिकल युवक्त रंगों से बचना चाहिए। ताकि चेहरा सही रह सके।" - डॉ. पुष्पेंद्र चौहान, जिला आयुर्वेद अधिकारी

### हर घटना की जानकारी पुलिस को दें चौकीदार

**स्वार, अमृत विचार :** चौकीदारों की बैठक में एसडीएम व सीओ ने कहा कि चौकीदार पुलिस की रीढ़ हैं। इसलिए उन्हें गांव में हर छोटी बड़ी घटनाओं की तुरंत जानकारी पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने चौकीदारों से सोमवार की शाम तक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने के निर्देश दिए।

शनिवार को कोतवाली परिसर में चौकीदारों की बैठक हुई। इसमें एसडीएम अवनीश कुमार व सीओ संगम कुमार ने कहा कि होली का त्योहार व रमजान का महीना चल रहा है। चौकीदार किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसडीएम व सीओ ने शस्त्र जमा न करने वाले लाईसेंस धारकों के लाईसेंस निरस्तीकरण की चेतावनी दी। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह, दरोगा ललित कुमार, नायब खां, चौकीदार हनीफ, अजयपाल, जसीम, लतीफ खां, मोहन आदि चौकीदार मौजूद रहे।

# त्योहार है भर्ती मत करो, दवा दे दीजिए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को लेकर जिला अस्पताल में भर्ती मरीज धीरे-धीरे छुट्टी कराकर अपने घरों को जा रहे हैं। इससे मरीजों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा घटने लगी है। धीरे-धीरे वार्डों में बेड खाली होने लगे हैं। होली के रंग वाले दिन इमरजेंसी के लिए 24 बेड आरक्षित किए गए हैं।

जिला अस्पताल में दो दिन पहले 24 घंटे में करीब 250 मरीज भर्ती होते थे। लेकिन, अब करीब 150 मरीज भर्ती हुए हैं। कुछ मरीज कहते है कि डॉक्टर साहब त्योहार है, भर्ती मत करो दवा दे दीजिए। हम मरीज को घर पर दवा देते रहेंगे। दो दिन पहले जिला अस्पताल में एक बेड पर दो-दो मरीज थे। शनिवार को कुछ बेड खाली थे। ओपीडी में तीन दिन पहले करीब 1000 पर्चे बन रहे थे। शनिवार को पर्चों की संख्या मात्र 799 रह गई। डॉक्टरों के कक्ष में भी संख्या पहले से कम थी। दो दिन पहले वार्ड में बेड के लिए मारामारी थी। लेकिन होली की वजह से गंभीर मरीज भी छुट्टी कराकर घरों को जा रहे हैं। उधर रंग वाले दिन के लिए जिला अस्पताल में 24 बेड सुरक्षित कर दिए गए हैं। डॉक्टरों व अन्य स्टाफ की छुट्टी रद कर दी गई है।


जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

### अस्पताल कॉलोनी में चिकित्सक और स्टाफ ने खेली होली

जिला अस्पताल की कालोनी में चिकित्सकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली खेलने के लिए तमाम व्यवस्थाएं पूरी कराई गई। होली के गीतों पर डॉक्टर झूमे। आर्थोपैडिक सर्जन डा. लखवीर सिंह की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार, डा. ओपी आर्या, डा. सतेंद्र कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. केके चहल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा, फार्मासिस्ट हरीश धोनी, नेत्र रोग सर्जन डा. शिम्मी कपूर, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. डीके वर्मा, राजकुमार डैम, अंकित शर्मा, जस्सी, वार्ड ब्वाय और स्टाफ नर्स शामिल रहीं।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर दयानंद गुप्ता को याद किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में शनिवार को दयानंद गुप्ता की पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष उमकान्त गुप्ता, आजीवन सदस्या संतोष रानी गुप्ता, प्राचार्या प्रो. सीमा रानी, सभी प्रवक्ता व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे व श्रद्धासुमन अर्पित किए। हवन के उपरांत सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके जीवन से संबंधित घटनाओं पर प्रकाश डाला।

### राजीव पाल ने किया जनपद का नाम रोशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर निवासी राजीव पाल ने एक फिर जिले का मान बढ़ाया है। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सिविल सर्विसेज 2024 पॉवर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, बेस्ट फिजिक चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। राजीव राज्य कर विभाग में कार्यरत हैं। इस अवसर पर राजीव को उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी।

### बिना पंजीकरण तरणताल संचालन पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में संचालित होने वाले तरणतालों का पंजीकरण क्षेत्रीय खेल कार्यालय सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। तरणताल के संचालन के लिए शासन की ओर से दिशा-निर्देश और सुझावों का पालन करना अनिवार्य होगा। आरएसओ प्रेम कुमार ने बताया कि पंजीकरण के लिए वार्षिक शुल्क जमा करना होगा। बिना पंजीकरण संचालन मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

### खाने के ऑर्डर में देरी पर होटल कर्मी को पीटा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** खाने के ऑर्डर में देरी होने पर एक आरआई ने सभी के सामने होटल के कर्मचारी को बुरी तरह पीटा। साथ ही उसे पीटते हुए वह अपनी कार में डालकर ले गए। थाने पर पता चला कि कर्मचारी को आरआई ने थाने में छोड़ दिया है। नया मुरादाबाद स्थित सुपरटेक सोसायटी के मार्केट में कपिल दा ढाबा के नाम से होटल है। होटल के एक कर्मचारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने चिली पनीर एवं कढ़ाई पनीर का ऑर्डर दिया था। ऑर्डर देने में देर हो गई थी। जैसे ही वह होटल से निकल रहा था। तभी उत्तर प्रदेश परिवहन लिखी हुई स्कॉर्पियो गाड़ी आई। उसमें से एक शख्स ने उतरकर मुझे पीटना शुरू कर दिया और पीटते हुए गाड़ी में डालकर ले गए। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि खाने के ऑर्डर में देरी होने पर आरआई कर्मचारी को थाने ले आए थे। दोनों में समझौता हो गया है।



बंगला गांव स्थित दुकान में होली पर बिक्री के लिए टंगी पिचकारी व अन्य सामग्री। ● अमृत विचार



यूरो किड्स प्ले स्कूल में होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

# मंडल में 7020 स्थानों पर होगा होलिका दहन, तैनात रहेगी पुलिस फोर्स

## जनपद में 1529 स्थानों पर किया जाएगा दहन, आठ जगह लगेंगे मेले, जिलाधिकारी व एसएसपी ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** होली का त्योहार शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस ने तैयारियां कर ली है। होलिका दहन स्थलों और उनके आसपास भारी पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। माहौल बिगड़ने वालों पर भी नजर रखेगी।

25 मार्च को होली मनाई जाएगी। जबकि रविवार को होलिका दहन किया जाएगा। जिसको लेकर मंडल भर में तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंडल के सभी जिलों को मिलाकर 7020 स्थानों पर होलिका का दहन किया जाएगा। वहीं महानगर व देहात में 1529 स्थानों पर होलिका का दहन किया जाएगा। जबकि 19 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इसके अलावा आठ जगह मेले आयोजित होंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है। शरारती तत्वों की निगरानी के लिए खुफिया तंत्र भी अलर्ट है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी जगह शांति पूर्ण माहौल में होली के पर्व को संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं शनिवार को कार्यालयों में दोपहर बाद कर्मचारियों ने होली खेली। वहीं होली की आग में भूने जाने वाली जौ और गेहूं की बालियां भी महानगर के विभिन्न चौराहों और सड़कों के किनारे बिकती दिखी। लोग इन्हें खरीदकर घरों को ले गए।



गांधीनगर में सजी होलिका। ● अमृत विचार

### संवेदना द किड्स कॉटेज में मनाया होली सेलिब्रेशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संवेदना द किड्स कॉटेज में शनिवार को होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विद्यालय की निर्देशिका कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने बताया कि होली के त्योहार को बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गुझिया खिलाते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्या श्रुति गुप्ता ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी व प्रेमपूर्वक होली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर बिसमा, मुस्कान, सलोनी, रजनी, फकिया, संपदा, दीक्षिका, अजरा, अनम, तृप्ती, सना आदि मौजूद रहीं।

### पूर्ण वैदिक सनातन मान्यताओं के साथ मनाएं होली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में शनिवार को होली रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रों से ईश्वर की स्तुति की गई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। योग केंद्र के साधकों ने होली गीत, भजन और होली प्रसंगों से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। केंद्र के योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी ने सभी को होली रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी। सभी से होली पर्व को अपनी पूर्ण वैदिक सनातन मान्यताओं के अनुसार मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुमन रस्तोगी, आदर्श गुप्ता, पल्लवी अग्रवाल, रश्मि रस्तोगी, नीरू रस्तोगी, रविंद्र रस्तोगी, अमित अग्रवाल, कादंबरी रस्तोगी, आयुषी रस्तोगी, निशा रस्तोगी, नलिनी वर्मा, सौरव रस्तोगी, साधना वर्मा, साधना रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

**मंडल में कहां और कितने स्थान पर जलेगी होली, निकलेगी शोभायात्रा**

| जिला | होलिका स्थल | जुलूस | मेला | क्यूआरटी |
|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 1529 | 19 | 08 | 21 |
| अमरोहा | 1226 | 13 | 04 | 32 |
| बिजनौर | 1877 | 22 | 00 | 26 |
| रामपुर | 1216 | 16 | 02 | 35 |
| संभल | 1176 | 16 | 08 | 41 |
| योग | 7024 | 86 | 22 | 155 |

### होलिका दहन आज, ऐसे करें पूजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होलिका दहन रविवार को किया जाएगा। इसके लिए पूजन की विधि विद्वानों ने इस प्रकार बताई है। पं. धीरशांत दास अर्धमौनी ने बताया कि होलिका दहन होने के बाद होलिका में जिन वस्तुओं की आहुति दी जाती है, उनमें कच्चे आम, नारियल, भुट्टे या सप्तधान्य, चीनी के बने खिलौने, नई फसल का कुछ भाग होता है। सप्तधान्य में गेहूं, उड़द, मूंग, चना, जौ, चावल और मसूर शामिल हैं। होलिका दहन करने से पहले होली की पूजा की जाती है। इस पूजा को करते समय पूजा करने वाले व्यक्ति को होलिका के पास जाकर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठना चाहिए। उन्होंने बताया कि पूजा करने के लिए एक लोटा जल, माला, रोली, चावल, गंध, पुष्प, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, मूंग, बताशे, गुलाल, नारियल आदि का प्रयोग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नई फसल के धान्यों जैसे पके चने की बालियां व गेहूं की बालियां भी सामग्री के रूप में रखी जाती हैं। इसके बाद होलिका के पास गोबर से बनी ढाल तथा अन्य खिलौने रख दिए जाते हैं। होलिका दहन मुहूर्त समय में जल, मौली, फूल, गुलाल तथा ढाल व खिलौनों की चार मालाएं अलग से घर से लाकर सुरक्षित रख ली जाती हैं। इनमें से एक माला पितरों के नाम की, दूसरी हनुमानजी, तीसरी शीतला माता तथा चौथी अपने घर-परिवार के नाम की होती है। कच्चे सूत को होलिका के चारों ओर तीन या सात परिक्रमा करते हुए लपेटना होता है। फिर लोटे का शुद्ध जल व अन्य पूजन की सभी वस्तुओं को एक-एक करके होलिका को समर्पित किया जाता है।

### महानगर में हर ओर होली का खुमार, खूब बिका अबीर-गुलाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली की खरीदारी को लेकर शनिवार को बाजार में खासी चहल-पहल रही। रंग गुलाल से सजी दुकानों ने बाजार को रंगीन बना दिया। मिठाई की दुकानों पर बिक रहे होली के पकवानों की खुशबू से वातावरण महका रहा। बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। होली पर्व के लिए बाजार में शनिवार को काफी भीड़ रही। बाजार में विभिन्न रंगों के गुलाल और रंगों के अलावा तमाम डिजाइनों की पिचकारियां खरीदने के लिए दुकानों पर बच्चों की भीड़ रही। बच्चों ने अपनी पसंद की पिचकारियां खरीदीं। सड़कों के किनारे सजी रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानों के चलते बाजार रंगों से सराबोर नजर आया। उधर, होली के लिए विशेष पकवान गुझिया की जमकर बिक्री हुई। मिठाई की दुकानों पर गुझिया, मठरी, समोसे, नमकीन और तरह-तरह के पापड़ों की बिक्री हुई। पूरा वातावरण इन पकवानों से महकता रहा। समय की कमी और निर्माण सामग्री के महंगी होने से लोगों ने रेडीमेड पकवानों को अधिक तरजीह दी।

### किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल के बच्चों को बताया होली का महत्व

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल, क्रेच व डेकेयर में शनिवार को होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चे व शिक्षक पारंपरिक व रंगबिरंगी वेशभूषा में नजर आए। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को होली पर्व का महत्त्व बताया। बच्चों ने शिक्षकों के साथ रंगों से होली खेली। साथ ही बच्चों ने होली के गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें कक्षा प्री नर्सरी व नर्सरी के बच्चों ने रंग बरसे तथा एलकेजी व यूकेजी ने होली खेलें रघुवीरा पर नृत्य कर समा बांध दिया। स्कूल प्रबंधक संजय चौहान ने सभी को होली कि शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सिमरन, स्वेता, पायल, शिल्पी, अंशिका, जिकरा व महक आदि मौजूद रहीं।




जलकल कार्यालय पर होली खेलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# होली के गीतों पर थिरके चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से शनिवार को एक फार्म हाउस पर होली समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। इसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों व उनके परिवार के सदस्यों ने होली समारोह में गुलाल उड़ाया और सामूहिक गीत व नृत्य में धमाल मचाया। सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं व बधाई दीं।

आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और परिवार के लोगों का होली समारोह में स्वागत किया। कहा होली आपसी सद्भाव, भाईचारे और प्रेम का पर्व है। इसे सभी मिलकर सौहार्द से मनाएं। सचिव डॉ. श्रुति खन्ना ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन एपेक्स हास्पिटल की ओर से किया गया था। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. दिशांतर गोयल, स्मिता गोयल, डॉ. मगन मेहरोत्रा, डॉ. लीना मेहरोत्रा, डॉ. संजय शाह, डॉ. इला शाह, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. शुभांगी, डॉ. नितिन अग्रवाल, डॉ. नीता, डॉ. समीर गुप्ता आदि को टोकन आफ एप्रीसिएशन देकर सम्मानित किया। अंत में सचिव डॉ. श्रुति खन्ना ने सभी का आभार जताया। आयोजन में डॉ. रिचा गंगल, डॉ. बबिता गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. सुधीर मिड्ढा, डॉ. सीमा मिड्ढा, डॉ. जेके शर्मा, डॉ. बीके दत्त, डॉ. संगीता मदान, डॉ. नवनीत मदान सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।



आईएमए के होली उत्सव के दौरान मौजूद महिला चिकित्सक। ● अमृत विचार

## स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों ने खेली होली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में 20 मार्च से शुरू हुईं लिखित परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गई। अब केवल प्राथमिक स्कूलों में मौखिक व जूनियर स्तर की भी क्राफ्ट, कृषि, गृह शिल्प व खेल आदि की परीक्षा होली बाद 27 मार्च को होंगी। वहीं स्कूलों में होली खेली गई।

शनिवार को जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों ने होली खेली। मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में परीक्षा के बाद बच्चों में होली की धूम रही। बच्चों ने होली के गानों पर डांस करते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने होली का पौराणिक महत्व और सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान को याद किया। इस मौके पर मुकेश सिंह, विकास कुमार, अंजली सांगवान, प्रमोद कुमार, रामचन्द्र के अलावा बच्चों ने शिक्षकों के साथ होली खेली।

# यात्रियों को परेशान कर रही ट्रेनों की लेट लतीफी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** होली के पर्व के चलते ट्रेनों और बसों में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। वैसे तो रेलवे ने होली पर्व मनाने के लिए घरों को जाने वाले यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है, लेकिन ट्रेनों की लेट लतीफी यात्रियों के सफर में खलल डाल रही है। जिससे यात्रियों को घंटों स्टेशन पर ही गुजारना पड़ रहा है। शनिवार को भी इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देर से पहुंची, जिससे यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

रेलवे ने होली पर्व को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है जिससे यात्रियों को सफर के दौरान कोई परेशानी नहीं हो। लेकिन इन दिनों ट्रेनें अपने तय समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं जिससे यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा हो रहा है। शनिवार को ट्रेन संख्या- 14316 इंटरसिटी- 24 घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा ट्रेन संख्या-13009 दून एक्सप्रेस चार घंटे चार मिनट की देरी से मुरादाबाद पहुंची। ट्रेन संख्या-04015 न्यू दिल्ली होली स्पेशल तीन घंटे 26 मिनट लेट रही। ट्रेन संख्या-04539 अंबाला कैंट होली स्पेशल अपने निर्धारित समय से चार घंटा 37 मिनट की देरी से पहुंची। ट्रेन संख्या-05050 छपरा होली स्पेशल दो घंटे 28 मिनट की देरी से पहुंची। ट्रेन संख्या-12327 उपासना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 11 घंटे 27 मिनट देरी से पहुंची। ट्रेन संख्या-04003 न्यू दिल्ली होली स्पेशल एक घंटा 57 मिनट की देरी से मुरादाबाद पहुंची। ट्रेन संख्या-04021 आनंद विहार होली स्पेशल दो घंटे 54 मिनट की देरी से पहुंची। वहीं ट्रेन संख्या-22453 राज्यरानी एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से एक घंटा चार मिनट की देरी से मुरादाबाद पहुंची। इसके अलावा अन्य कई ट्रेनें शनिवार को लेट पहुंची। ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को घंटों तक रेलवे स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ा और होली पर्व पर घर जाने के लिए काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ी।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार यात्री। ● अमृत विचार

**दिक्कत**

- शनिवार को 24 घंटे की देरी से पहुंची इंटरसिटी एक्सप्रेस
- होली पर घर जाने के लिए स्टेशन पर रही यात्रियों की भीड़

**आयोजन** — योगेन्द्र वर्मा व्योम के दोहा-संग्रह उगें हरे संवाद का लोकार्पण एवं काव्य गोष्ठी

# मनके सारे त्याग कर, कष्ट और अवसाद, पिचकारी...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था 'हस्ताक्षर' की ओर से नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के गौर ग्रेसियस कॉलोनी स्थित आवास में साहित्यकार योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' के दोहा-संग्रह 'उगें हरे संवाद' का लोकार्पण किया गया। इसमें रचनाकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कवयित्री हेमा तिवारी भट्ट ने मां शारदे की वंदना से कार्यक्रम आरंभ किया। अध्यक्षता माहेश्वर तिवारी ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अजय अनुपम, विशिष्ट अतिथि संगीतज्ञा विशाखा तिवारी, वरिष्ठ शायर डॉ. कृष्ण कुमार नाज़ रहे। संचालन योगेन्द्र वर्मा व्योम ने किया।

डॉ. अजय अनुपम ने लोकार्पित कृति पर समीक्षा प्रस्तुत की। समीक्षा आलेख का वाचन राजीव प्रखर ने किया। लोकार्पण के बाद काव्य-गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे माहेश्वर तिवारी ने गीतों भरी सुबह लगती है, रंगों डूबी शाम, याद बहुत आते हैं कल के रिश्ते और प्रणाम सुनाकर रिश्तों की हकीकत बयां की। योगेन्द्र वर्मा व्योम ने कहा- मनके सारे त्याग कर, कष्ट और अवसाद, पिचकारी करने लगी, रंगों से संवाद सुनाकर होली का रंग भरा।

डॉ. अजय अनुपम ने जिस पल से होने लगा, नेता का धन दून, लगे तभी से सूखने, छप्पर पर कानून से राजनीतिक व्यवस्था को रेखांकित किया। विशाखा तिवारी ने पैंया पड़ूं कर जोरी, श्याम मोसे न खेली होली, हेमा तिवारी भट्ट ने टेसू शाखों पर खिले, घुली प्रेम की भंग, साजन ने जब आ सखी, मुझ को डाला रंग से होली के माहौल को और चटख कर दिया।

राजीव प्रखर ने बदल गई संवेदना, बदल गए सब ढंग,पहले जैसे अब कहां होली के हुड़दंग सुनाया। मीनाक्षी ठाकुर, मनोज मनु, डॉ. कृष्ण कुमार नाज़, डॉ. पूनम बंसल, डॉ. मनोज रस्तोगी ने भी अपनी रचना से उपस्थिति दर्ज कराई। दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय के प्रबंधक उमा भारती गुप्त, संतोष रानी गुप्त, अक्षरा तिवारी, आशा तिवारी उपस्थित रहे।




गौर ग्रेसियस कॉलोनी में साहित्यकार योगेन्द्र वर्मा व्योम के दोहा-संग्रह का लोकार्पण करते साहित्यकार व कवि। ● अमृत विचार

# पॉलीथिन का प्रयोग करने पर जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** होली पर महानगर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने व पॉलीथिन का प्रयोग रोकने के लिए शनिवार को उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद व वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने टीम के साथ महानगर के कई वार्डों में निरीक्षण किया। पार्क और सड़कों पर अतिक्रमण, गंदगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर चालान करते हुए 5200 रुपये जुर्माना वसूला।

टीम ने पहले वार्ड 20 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। पाया कि ई ब्लॉक में सफाई कार्य चल रहा था लेकिन सार्वजनिक स्थान पर कूड़े का ढेर मिला, जिसे तत्काल हटवाने का निर्देश दिया। अमृत योजना के अन्तर्गत गौतम बुद्ध पार्क व पार्क में बने शौचालय का निरीक्षण किया। पार्क के ठेकेदार चंद्रपाल सिंह के कार्य में शिथिलता मिलने पर कार्रवाई के लिए लिखा। उप नगर आयुक्त ने ठेकेदार को पार्क व अंदर बने शौचालय की तत्काल सफाई कराने और गार्ड का प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। टीम ने पार्क परिसर पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाने व प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने के चलते चालान कर 5200 रुपये अर्थदंड के रुप में वसूला। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उमाकांत शर्मा, अनिल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



दुकानदार का चालान काटता कर्मचारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### चार बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाने की पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की चार बाइकें मिली हैं। रजबपुर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की चेकिंग करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइकें और तमंचे मिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम निवासी अरविन्द कुमार निवासी गांव मिलक गुरैर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद व हसनैन बताए हैं। बरामद की गई बाइक गजरौला व अन्य जनपदों से चोरी की गई थीं।

### नौगावां तगा के जंगलों में दिखा तेंदुए का जोड़ा

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव नौगावां तगा के जंगल में तेंदुए का जोड़ा दिखने से दहशत फैल गई। हालांकि कुछ देर बाद तेंदुए नजर नहीं आए। गांव नौगावां में किसान इशरत का परिवार रहता है। गांव की आबादी से कुछ दूर शुक्रवार को उनका चचेरा भाई शमशाद खेत पर था। इस दौरान उसने खेत में तेंदुए का जोड़ा खड़ा देखा। तेंदुए देखकर किसान के होश उड़ गए।

# मतदान केंद्रों में व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त

## जिलाधिकारी और एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण, जिम्मेदारी समझाई

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज व चुचेला कलां के प्राथमिक विद्यालय व कन्या प्राथमिक विद्यालय में बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने बूथों में शौचालय, पानी, खिड़की, दरवाजा प्रकाश व्यवस्था, पुरुष व महिला शौचालय, रैंप, पंखा, रसोई सहित अन्य व्यवस्थाएं देखीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बूथों पर उत्तम व्यस्था होनी चाहिए। अगर किसी बूथ पर किसी भी प्रकार कोई कमी है तो उस कमी को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। सभी बूथों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था की जाए। बूथों पर प्रकाश की व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिम्मेदारों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही जिम्मेदारी समझाई और ईमानदारी से काम करने को कहा है। इस दौरान उपजिलाधिकारी चंद्रकांता, पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वेताभ भास्कर साहित आला अधिकारी मौजूद रहे।



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एसपी। ● अमृत विचार

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए लगेगी तीसरी लाइन

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रां पर तीन लाइन बनाई जाएंगी। उनके लिए केंद्र में चार-चार की संख्या में वालंटियर होंगे, जो मतदान करने में इनका सहयोग करेंगे। मतदान के लिए केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी व्यवस्था की गई हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र पर अलग से दिव्यांग मतदाताओं के लिए लाइन बनाई जाएगी। इसमें वे बिना लाइन में लगे अपना मतदान कक्ष में कम समय में कर पाएंगे। 45 प्रतिशत से अधिक विकलांगों के लिए घर से ही मतदान करने की व्यवस्था रहेगी।

### 19 लोगों के खिलाफ हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर शिकंजा कसा गया है। नगर पुलिस ने 19 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। शनिवार को नगर पुलिस ने अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान नगर पुलिस ने 19 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी अपराधियों पर जनपद के विभिन्न स्थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके खिलाफ गुंडा एक्ट के कार्रवाई लोकसभा चुनाव को देखते हुए की गई है।

### ई-रिक्शा चालक से लूट में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** चालक को नशीला रुमाल सुंघाकर ई-रिक्शा, मोबाइल व 1200 रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला चौहानपुरी निवासी कर्ण सिंह का पुत्र विकास ई-रिक्शा चलाता है। बुधवार को वह शहर के मोहल्ला नाईपुरा में सवारी लेकर गया था। वहां से एक युवक ने उसकी ई-रिक्शा को बृजघाट के लिए किराए पर तय कर लिया। बताया जाता है कि इसके बाद कुछ ही दूरी पर एक अन्य युवक भी ई-रिक्शा में सवार हो गया। आरोप है कि बृजघाट के पास एक युवक ने अपनी जेब से रुमाल निकाला और विकास को सुंघाकर बेहोश कर दिया। उसकी जेब में रखे 1200 रुपये के साथ ही मोबाइल व ई-रिक्शा लूट ली। आरोपी विकास को बेहोशी की हालत में वहीं फेंक कर फरार हो गए। होश में आने पर पीड़ित ने एक राहगीर के फोन से अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी। परेशान परिजन बृजघाट पहुंचे और विकास को निजी अस्पताल से दवा दिलवाई। गुरुवार को घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार संक्षेप



कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

### जल संरक्षण पर दिया जोर, महत्व समझाया

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को विश्व जल दिवस का कार्यक्रम हुआ। इसमें सौरभ शर्मा ने प्रकृति में जल के महत्व, जल की मात्रा, शुद्ध पेयजल, प्रयोग, जल को प्रदूषित न करने व जल संरक्षण करने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने जल की मात्रा, मानव जीवन में जल का उपयोग, घटते जल स्तर, जल को प्रदूषित करने, छोटे-छोटे कार्यों के लिए जल को व्यर्थ करने पर विचार रखे। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को विश्व जल दिवस पर होली की शुभकामनाएं भी दीं।

### महिला से ठगे दो लाख रुपये, मेरठ के युवक पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** शेयर मार्केट से मुनाफा दिलाने का झांसा देकर महिला से दो लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी पोलिन ने मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई की थी। वहां उसकी जान पहचान गौरव नाम के एक युवक से हुई। आरोप है कि गौरव ने पोलिन को शेयर मार्केट से जुड़ा नेटवर्किंग प्लान बताया और रुपये लगाकर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। पोलिन ने गौरव के बैंक खाते में तीन बार में दो लाख रुपये जमा कर दिए। इसके बाद मुनाफा नहीं होने पर पोलिन ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो गौरव टाल मटोल करता रहा। परेशान महिला ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में कोर्ट के आदेश पर मेरठ निवासी गौरव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



शहर में पैदल मार्च निकालते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### जुलूस मार्ग का ड्रोन से लिया जायजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** होली व लोकसभा चुनाव को कुशल संपन्न करने के लिए नगर में पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। सुरक्षा को लेकर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। शहर में पुलिस ने पैदल मार्च निकालकर शांति व्यवस्था की अपील की। शहर में शनिवार को नगर कोतवाली पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। होली पर भीड़ वाले इलाकों से निकलने वाले जुलूस मार्ग की निगरानी की। ड्रोन कैमरे से जायजा लिया। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में नगर में पैदल मार्च निकाला। लोगों से होली भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया है। मार्च नगर कोतवाली से कोर्ट चौराहा, टीपी नगर चौराहा, रेलवे स्टेशन मार्ग, बिजनौर रोड आदि मार्गों से होता हुआ कोतवाली में संपन्न हुआ।

### डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर गोष्ठी

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के रुस्तमपुर खास गांव में डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर गोष्ठी हुई। जिसमें उनके जीवन के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। शनिवार को गोष्ठी में विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि देश के महानायकों भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु और डॉ. राम मनोहर लोहिया को याद करने का दिन है। 23 मार्च भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत का दिन है तो वहीं समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती भी है। डॉ. लोहिया समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के लोकतांत्रिक अधिकारों की बात करते थे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव, साहब सिंह, अतर सिंह, राम सिंह, शेषनाग, जगत सिंह, नवनीत सिंह, वीर सिंह, नरेश, वीरेश, रामबाबू, चरण सिंह, अजीत सिंह, हरि सिंह, विपिन, जितेंद्र, पप्पू यादव, विपिन यादव, सरवन यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने शहीदों को किया याद

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** शहीद दिवस पर शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान भगत सिंह के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शनिवार को पालिका स्थित शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। विधायक ने बताया कि देशभर में शहीद दिवस मनाया जा रहा है जिसे भरत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में मनाया जाता है। इस दिन सन 1931 में युवा स्वतंत्रता सैनानियों को फांसी पर लटकाया था। देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, अजय पाल, संजय सहदेव, विक्रम महंत, विक्रांत शर्मा, पवन राज, सौरभ गुप्ता व प्रमोद आदि मौजूद रहे।



शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक व पालिकाध्यक्ष।

### वाईएमएस डिग्री कॉलेज में मनाया शहीद दिवस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के वाईएमएस डिग्री कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने शहीद दिवस मनाया। महाविद्यालय के प्रबंधक रियाज अहमद सैफी व प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, शिवराम राजगुरु व सुखदेव थापर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य ने कहा कि देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। प्रबंधक ने कहा कि ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाने और देश की आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए भारत माता के वीर सपूत भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु महज 23 साल की उम्र में फांसी पर चढ़ गये थे। इस दौरान सोहन सिंह, नाजिम सैफी, आसमा खातून सहित आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने अनुशासनहीनता में सिपाही को किया निलंबित

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाने में तैनात एक सिपाही को एक्स ( ट्विटर ) पर पोस्ट डालना महंगा पड़ गया। एसपी ने अनुशासनहीनता में सिपाही को निलंबित कर दिया है।

दरअसल, थाना नौगांवा सादात थाने में पीआरवी पर तैनात सिपाही विष्णु कुमार ने 16 मार्च को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की थी।

इसमें एक राजनीतिक दल व उसके प्रत्याशी को लेकर टिप्पणी का मामला सामने आया था। मामले में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सीओ लाइन अभिषेक कुमार को जांच सौंपी थी। सीओ की संस्तुति पर एसपी ने अनुशासनहीनता में सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसपी ने बताया कि सिपाही का यह कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 3.15 लाख हड़पे, पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ताइक्वांडो ट्रेनर से पालिका में पुत्र की नौकरी लगवाने के नाम पर नगर पालिका के कर्मी ने 3.15 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में न तो नौकरी लगवाई और न ही पैसे वापस दिए। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर नगर पुलिस ने आरोपी नगर पालिका कर्मी और उसके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज की है।

दरअसल, नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुल्लाना में अकबरुद्दीन का परिवार रहता है। वह ताइक्वांडो ट्रेनर हैं और मूल रूप से मेघालय के शिलांग के रहने वाले हैं। बताया गया कि अकबरुद्दीन की मुलाकात शहर के मोहल्ला पीरजादा निवासी नगर पालिका में कर्मचारी मंजर अली से हुई थी। आरोप है कि उसने बताया था, चेयरपर्सन और ईओ की कार चलाता है। उसकी बात पर विश्वास करते हुए अकबरुद्दीन ने पालिका में बेटे की नौकरी लगवाने को लेकर मंजर अली को 3.15 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद नौकरी के नाम पर मंजर काफी वक्त तक बहाने बाजी करता रहा। बाद में 2 लाख की ओर मांग की। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने अपने पैसे वापस करने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि आरोपी ने शहर के अन्य लोगों से भी नौकरी लगवाने के नाम पर कई लाख रुपये ले रखे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर नगर पालिका कर्मी मंजर अली व बेटे सलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



युवा समाज सेवा समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सेवा समिति की बैठक में चैत्र नवरात्र की तैयारियों पर चर्चा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र की तैयारियों को लेकर नगर में मंडी समिति स्थित शिव मंदिर में युवा समाज सेवा समिति की बैठक हुई। इसमें समिति के सदस्यों ने नवरात्र महोत्सव के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार की।

9 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के लिए समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। समिति के अध्यक्ष आयुष रस्तोगी ने बताया कि नगर के मोहल्ला महादेव स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर पर 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन 6 बजे से महाआरती होगी। 16 अप्रैल को माता रानी की शोभायात्रा निकालने को लेकर रणनीति बनाई गई।

इस दौरान सचिव अंकित घरोटिया, कोषाध्यक्ष उमंग अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गर्वित राजपूत, दिव्यांशु सिंघल, आकाश मोदी, सौरभ जैन, एकांश कौशिक, सागर सिंगल, अंकुश गुप्ता, रूपक अग्रवाल, यतेंद्र सिंघल सहित समिति के लोग मौजूद रहे।

### केबल बॉक्स फटने से 8 घंटे गुल रही आपूर्ति

**हसनपुर, अमृत विचार :** 33 केवीए लाइन का केबल बॉक्स फटने से 14 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

नगर के ग्राम दाउदपुर के निकट केबल बॉक्स फटने से शनिवार सुबह से देर रात तक नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सूचना के बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दुरुस्त करने में जुटे। इस बीच बिजली गुल होने पर उपभोक्ता परेशान हुए। कुछ घरों में पेयजल की भी समस्या हो गई। काफी समय तक बिजली गुल रहने की उपभोक्ताओं ने जानकारी लेने का प्रयास किया। आरोप है कि बिजलीघर पर कर्मियों ने फोन कॉल रिसीव नहीं की। बाद में उपभोक्ताओं को केबल बॉक्स फटाने की जानकारी मिली। शनिवार सुबह से गुल बिजली देर रात लगभग सात बजे तक बहाल हो सकी। बिजलीघर के जेई साहिल गांधी ने बताया कि ग्राम दाउदपुर के निकट 33 केवीए लाइन का केबल बॉक्स फटने से आपूर्ति बाधित हुई है। केबल बॉक्स को ठीक कर दिया गया है।



घायल किसान को एंबुलेंस में बैठाते परिजन व अन्य।। ● अमृत विचार

# सड़क किनारे घायल मिला किसान, पिटाई का आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सड़क किनारे किसान घायल मिला। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी लिंक मार्ग की है। शनिवार सुबह गांव बाबनखेड़ी के पास लिंक मार्ग पर एक व्यक्ति घायल पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल की पहचान गांव अहरौला यार खां निवासी राजेंद्र सिंह के रूप में की। घायल के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राजेंद्र सिंह को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से उसे चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया गया। राजेंद्र सिंह के परिजनों का कहना है कि शुक्रवार शाम उसके मोबाइल पर किसी की फोन कॉल आई थी। इसके बाद वह घर से निकल गया था। शनिवार सुबह वह घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजनों का मानना है कि किसी ने उसकी पिटाई की है।

### ग्रामोदय लॉ कॉलेज में होली मिलन समारोह

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को ग्रामोदय लॉ कॉलेज अमरपुर काशी में होली मिलन समारोह हुआ। जिसमें प्रबंधक बलराम शर्मा, उप प्रबंधक अशोक गुप्ता, प्राचार्य डॉ. अशोक सिंह ने होली को शांतिपूर्ण मनाने के लिए कहा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद यादव ने कहा की होली रंगों का उत्सव है। इस दौरान ग्रामोदय डिग्री कॉलेज, ग्रामोदय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ विधि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दो दिन बाद भी नहीं लगा जिला अस्पताल से भागे बंदी का पता

▸▸ **शौचालय का शीशा तोड़कर फरार हो गया था संभल का अजीत, तलाश जारी**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के शौचालय का शीशा तोड़कर पुलिस को चकमा देकर भागे बंदी का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस की दो टीमों के साथ ही एसओजी भी उसकी तलाश करने में जुटी है।

जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव रिवाड़ा निवासी अजीत कुमार (46) पुत्र राजेंद्र को गुन्नौर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे पांच मार्च को जिला कारागार मुरादाबाद भेज दिया गया था। तभी से वह जेल में बंद था। बीते 19 मार्च को सीने में दर्द और खून की उल्टियां होने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां अस्पताल के तीसरी मंजिल पर स्थित संचारी रोग वार्ड में भर्ती करके उसका उपचार किया जा रहा था। उसकी सुरक्षा में दो पुलिसकर्मी भी तैनात थे। दो दिन पूर्व गुरुवार सुबह अजीत शौचालय गया।

सुरक्षा में तैनात सिपाही यदुराज तोमर और दीपक कुमार खुद शौचालय के बाहर खड़े हो गए। अंदर गया अजीत शौचालय के रोशनदान का शीशा तोड़कर महिला अस्पताल की बिल्डिंग की छत पर कूदा और भाग निकला। इस मामले में जेलर मृत्युंजय पांडेय की ओर से सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद से सिविल लाइंस थाना पुलिस की दो टीमों के साथ ही एसओजी की टीम बंदी की तलाश में जुटी है। उसके घर भी दबिश दी गई। घरवालों ने बताया कि वह वहां नहीं पहुंचा है। अन्य संभावित स्थानों पर बंदी अजीत की तलाश की जा रही है। लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## एक नजर

### पुलिस और एसएसबी जवानों ने किया पैदल मार्च

**संभल/ओबरी अमृत विचार** : होली त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। शनिवार को असमोली थाना पुलिस और एसएसबी के जवानों ने गांव बुकनाला और मुबारकपुर बंद में पैदल मार्च किया। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी हरीश कुमार और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### वांछित समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**गुन्नौर अमृत विचार** : पुलिस ने गांजा, तमंचा सहित दो आरोपियों को पकड़ा है जबकि एक वांछित भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि शनिवार को उपनिरीक्षक रविकुमार ने गांव फरीदपुर निवासी विवेक पुत्र आनंद प्रकाश को 600 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। इसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम और अवैध शराब के भी मुकदमे दर्ज हैं। वहीं उपनिरीक्षक विजय सिंह ने गांव अकबरपुर निवासी मुकेश पुत्र रामजीमल को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने मुकदमे में वांछित गांव पतेई कायस्थ निवासी धर्मेन्द्र पुत्र कल्याण को गिरफ्तार किया है।

### सपा नेता ने लोगों को बांटी पिचकारी और गुलाल

**संभल अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने होली के मौके पर मुहल्ला हातिम सराय में लोगों को पिचकारी, गुलाल और गुलाब वितरित किए। उन्होंने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाया जाए। इस दौरान टिंकू सागर, विकास, जीत, राजू, रमीज, तालिब, वसीम खां, आकाश आदि रहे।

### एसपी ने पैदल भ्रमण कर देखे सुरक्षा इंतजाम

**संभल, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने शनिवार दोपहर शंकर इंटर कालेज , अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल,आर्य समाज रोड व बाजार ठेर समेत कई इलाकों का भ्रमण किया। एसपी ने पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और अधीनस्थों को निर्देश दिए। कहा कि होली पर पूरी सतर्कता बरती जाये।

# बदमाशों ने पशु व्यापारियों से लूटे 90 हजार रुपये

## बाइक से आए तीन नकाबपोशों ने विरोध करने पर मारपीट की

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- रजपुरा-बहजोई लिंक मार्ग पर दिनदहाड़े वारदात

**अमृत विचार** : रजपुरा थाना क्षेत्र में बाइक से आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े बाइक सवार तीन पशु व्यापारियों पर तमंचे तानकर 90 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। इतना ही नहीं, विरोध करने पर लोगों के साथ मारपीट भी की। घटना को अंजाम देकर बदमाश भाग निकले। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी नवाब, शकील, रहीस पशु व्यापारी हैं। शनिवार को दोपहर तीनों पशु व्यापारी गांव न्यौरा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से बाइक पर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह रजपुरा-बहजोई लिंक मार्ग पर गांव डोहरी के पास पहुंचे तो बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने तमंचे से डराकर पशु व्यापारियों से 90 हजार रुपये, मोबाइल लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट भी की। दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग निकले। इस मामले में पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कहीं बुलंदशहर के तो नहीं लुटेरे

**संभल।** राजपुर थाना क्षेत्र में जनपद संभल की सीमा बुलंदशहर जनपद से लगती है ऐसे में अक्सर बुलंदशहर के बदमाश लूट जैसी वारदातों को अंजाम देकर वापस अपने जनपद में भाग जाते हैं। किसानों के साथ लूट की घटना को लेकर भी यह आशंका जाहिर की जा रही है कि कहीं बदमाश दूसरे जनपद के तो नहीं।

### गैंगस्टर का आरोपी तमंचा के साथ गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार** : धनारी थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर स्थित सरकारी स्कूल के पास शनिवार को एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुआ था। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध से पूछताछ की। तलाशी लेने पर पुलिस को संदिग्ध के पास से तमंचा बरामद हुआ। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ निवासी भूरे हैं। भूरे के खिलाफ गैंगस्टर, प्रतिबंधित पशु का वध व पशु क्रूरता अधिनियम सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर भूरे का चालान कर दिया।

# ई रिक्शा को टक्कर मारकर ट्रैक्टर ट्राली खंदक में पलटी

संवाददाता, संभल/असमोली

- पांच लोग घायल,ट्रैक्टर के पिछले पहिये का टायर फटने से हादसा
- घायलों को संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया

**अमृत विचार**:असमोली थाना क्षेत्र में संभल असमोली मार्ग पर ट्रैक्टर के पिछले पहिये का टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली ई रिक्शा को रौंदकर खंदक में पलट गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर ई रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नुरियो सराय निवासी चालक जाहिद शनिवार को गांव बिछोली से ट्रैक्टर ट्राली में सीमेंट की ईंट लाद कर असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला फतेहपुर जा रहा था। ईंटों के ऊपर ट्राली में कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछोली निवासी मजदूर महफूज व दिनेश भी सवार थे। संभल असमोली मार्ग पर गांव मदाला फतेहपुर के पास अचानक से ट्रैक्टर के पिछले पहिये का टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित हुई ट्रैक्टर ट्राली सामने से आ रहे ई रिक्शा को रौंदती हुई सड़क किनारे खंदक में पलट गई जबकि ई रिक्शा भी खंदक में पलट कर ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में मदाला फतेहपुर निवासी चालक तसलीम व ई रिक्शा में सवार गांव का ही अकरम और जाहिद, महफूज व दिनेश गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तसलीम व अकरम को उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाहिद, दिनेश, महफूज को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

## सार-संक्षेप



बहजोई में डा. लोहिया की जयंती मनाते सपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समाजवादी पुरोधा थे डा. राम मनोहर लोहिया

**बहजोई, अमृत विचार** :समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उनके बताएं मार्ग पर चलकर समाज में कार्य करने का आह्वान किया।समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर समाजवादी चिंतक रहे डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार से जनता से विश्वास उठ चुका है। आज जनता के बीच जागरूक करने के लिए हमें डा. लोहिया के बताए रास्ते पर चलना होगा। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि डा. लोहिया समाजवादी पुरोधा थे। इस दौरान निसार अहमद, नेत्रपाल सिंह यादव, फकरे आलम, हरवीर यादव, उमेश यादव, रोहिन सिंह एडवोकेट, अमरीश यादव, विशाल कुमार, मुन्ना लाल शाक्य, साबिर खान, आदि मौजूद रहे। संचालन कृष्ण मुरारी शंखधार ने किया।

### डॉ.लोहिया के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**संभल, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ .राम मनोहर लोहिया की 114वीं जयंती मनाई। उनके आदर्शों पर चलकर गरीबों, मजदूरों और किसानों समेत सभी वर्गों की सेवा करने का संकल्प लिया। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां के पक्का बाग पर स्थित निजी कार्यालय पर डॉ .राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। सपा नेता फिरोज खां ने कहा कि डॉ .लोहिया ने कभी भी गरीब, किसान, मजदूर की आवाज को दबने नहीं दिया। सपाइयों ने अस्पतालों में मरीजों को फल भी वितरित किए। इस दौरान रामरहीस यादव, अकील खां, आरिफ खां, वीरेश यादव, बाबू खां, गुलाम मुस्तफा आदि रहे।


होली मनाते भारतीय मजदूर संघ से जुड़े रोडवेज कर्मी। ● अमृत विचार

### बस अड्डे पर चालकों और परिचालकों ने मनाई होली

**संभल, अमृत विचार** : भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले संभल रोडवेज बस अड्डे पर होली मिलन समारोह हुआ। जिसमें बस अड्डा स्टाफ, चालकों और परिचालकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। शनिवार को शाम संभल रोडवेज बस अड्डा पर हुए होली मिलन समारोह में बस चालकों, परिचालकों और स्टाफ ने गुलाल लगाकर होली खेली। भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इस त्योहार को लोग गिले शिकवे दूर करते हुए सौहार्द्र के साथ मनाएं। इस दौरान राधेश्याम, चांद मोहम्मद, रविंद्र, दीपक शर्मा, जितेंद्र, सत्यवीर सिंह, ताराचंद्र, ज्ञानपाल, मुजीब अहमद, संजय, राजेश, प्रदीप, सचिन, अमित वर्मा, नासिर अली, सतपाल, सिंह आदि रहे।

# इंस्टाग्राम पर सीखा एटीएम से रुपए चुराना

संवाददाता,बहजोई/संभल

- पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों से बरामद किए 14 एटीएम कार्ड
- एटीएम का क्लोन बनाकर भी लोगों को बनाते थे मूर्ख

**अमृत विचार**: इंस्टाग्राम पर वीडियो देखकर एटीएम के डिस्पेंसर के साइज का एक फाइबर प्लेट इस रंग के टेप से लगाकर एटीएम से रुपए चुराने का तरीका सीखा। इसके बाद देश के कई प्रदेशों में एटीएम से रकम निकालने की वारदातों को अंजाम दिया। गिरफ्त में आये गिरोह के दो बदमाशों ने जो बताया उसे सुनकर संभल जनपद के पुलिस अधिकारी भी चौंक गये।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस द्वारा चंदौसी के अंबेडकर तिराहा से गिरफ्तार किये गये सनी चौहान पुत्र सूर्य प्रताप सिंह चौहान गांव दबतोरई थाना बिसौली जनपद बदायूं व नीरज प्रताप पुत्र राम सिंह जेजे कैंप समयपुर बादली जनपद रोहिणी दिल्ली एटीएम से छेड़छाड़ कर एटीएम कार्ड बदलकर उपभोक्ताओं के रुपए एटीएम से निकाल लेते थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवकों ने इंस्टाग्राम के माध्यम से एटीएम से रुपए चुराने का तरीका सीखा। जब वह इसमें माहिर हो गए तो उन्होंने इंस्टाग्राम से सीखे तरीके का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। एटीएम के डिस्पेंसर के साइज की एक फाइबर प्लेट इस रंग के टेप से लगा देते थे। फाइबर प्लेट लगी होने के कारण रुपए ग्राहक को प्राप्त नहीं होते थे। ग्राहक परेशान होकर चला जाता था। तब यह लोग एटीएम के अंदर जाकर प्लेट को हटाकर पैसे निकाल लेते थे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

### एटीएम का क्लोन बनाकर भी निकालते थे रुपए

**बहजोई,अमृत विचार** : एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह एटीएम क्लोन करके फर्जी तरीके से बनाकर एटीएम के अंदर जाते थे। उन लोगों का इंतजार करते थे जो एटीएम से रुपए निकालना नहीं जानते थे। फिर बातों बातों में सहानुभूति दिखाकर उन लोगों का एटीएम उनके रुपए निकालने के नाम पर लेते थे। एटीएम मशीन में रुपए निकालने के लिए लगाते थे तथा जानबूझकर उनका रूपया नहीं निकलते थे। इसी दौरान उनके एटीएम का पिन कोड पूछ लेते थे। एटीएम बदलकर उनके खातों से रुपया निकाल लेते थे।

### पुलिस ने यह सामान बरामद किया

**बहजोई, अमृत विचार** : पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सनी सिंह चौहान व नीरज प्रताप सिंह के पास से 14 एटीएम कार्ड, ग्राहकों को भ्रमित करने के उद्देश्य लगाई गई फाइबर की एक प्लेट, दो मोबाइल, 24260 की नगदी, एक पैन कार्ड व एक कार बरामद की है। अभी इन लोगों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## गैंगस्टर सहित दो गिरफ्तार, नशे की गोलियां बरामद

**संभल/ओबरी, अमृत विचार**: असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर शनिवार को गांव मदाला फतेहपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक गैंगस्टर का आरोपी गांव बिलालपत निवासी बुन्दा उर्फ शानू अली खड़ा हुआ था।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बुन्दा को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि बुन्दा ने अपना एक गिरोह बना रखा है और अवैध रुप से धन इकट्ठा करने के लिए बुन्दा अपने साथियों के साथ मिलकर लूटपाट करने का काम करता है। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी मुख्तियार को पुलिस ने गांव भमालपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर मुख्तियार के पास से नशे की 320 गोलियां बरामद हुई।

## जियाउर्रहमान बोले विपक्ष का दमन कर रही भाजपा सरकार

**संभल,अमृत विचार**:संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने आम आदमी पार्टी नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष का दमन करने पर तुली है। विपक्षी नेताओं को तरह-तरह से परेशान किया जा रहा है।

अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता में जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले सरकार ईडी व सीबीआई से विपक्षी नेताओं को परेशान कराने का काम कर रही है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी इसी का हिस्सा है। मदरसा शिक्षा एक्ट को अदालत द्वारा खत्म करने के फैसले को लेकर कहा कि इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ी जायेगी।

# स्कूलों में होली का उल्लास, बच्चों ने गुलाल लगाकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

- छुट्टी के बाद खेली होली, प्राकृतिक रंगों का महत्व बताया

**अमृत विचार** : जिले में शनिवार को स्कूल कालेज खुले तो बच्चों में होली का उत्साह नजर आया। तमाम छात्र छात्राएं गुलाल लेकर पहुंचे थे। जैसे ही छुट्टी हुई तो छात्र छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। स्कूलों से बाहर आए छात्र छात्राओं के चेहरे रंगे नजर आए। इस बीच स्कूल प्रबंधन ने भी गुलाल से होली खेली। प्राकृतिक रंगों का महत्व बताया। बबराला के संस्कृति पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रामबाबू वार्ष्णेय ने होली की शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्राओं को उपहार बांटे। प्रधानाचार्या सृष्टि वार्ष्णेय ने बच्चों को प्राकृतिक रंगों का महत्व समझाया । राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने ब्रज की होली खेली और एक-दूसरे को गुलाल लगाया। वहीं विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। होली के गीतों पर नृत्य किया। विद्यालय चेयरमैन अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, सोनल शर्मा, श्वेता वार्षेय, श्वेता सिंह, नव्या, नीशू, अंशु, पायल, वैष्णवी गोयल, खदीजा, रीतू, श्वेता सिंह, शिवानी, आकाश निकुंज आदि रहे। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने सभी को होली की बधाई दी।



बबराला के स्कूल में होली पर मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार


होली उत्सव में कलाकारों संग नृत्य करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने होली उत्सव में उड़ाया रंग गुलाल

**बहजोई, अमृत विचार** :श्री सर्राफा वेलफेयर समिति के तत्वाधान में होली उत्सव कार्यक्रम में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पदाधिकारियों ने होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं कलाकारों ने भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। होली का त्योहार मिलजुल कर मनाए जाने का आह्वान किया।डीआर रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष हिरदेश कुमार सरपंच, महामंत्री वीरेंद्र कुमार वीरू ने पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बाहर से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण स्वरूप में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। व्यापारियों ने जमकर फूलों की होली खेली। महामंत्री वीरेंद्र कुमार वीरू, उपाध्यक्ष विनीत कुमार, कोषाध्यक्ष सुधांशु नानू, मंत्री मोहित कुमार डीएमटी, उपमंत्री नवीन घी, सभासद गोपाल सर्राफ, गिरीश कुमार सर्राफ, अमित कुमार, कमल कुमार, रवि शंकर, आदि मौजूद रहे।


सिरसी में विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देते अतिथि। ● अमृत विचार

### फुटबॉल टूर्नामेंट : आईएम इंटर कालेज का ट्रॉफी पर कब्जा

**सिरसी, अमृत विचार** : जवाहर लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज सिरसी के मैदान पर खेल विभाग द्वारा आयोजित हुए जिला स्तरीय ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट में आईएम इंटर कॉलेज की टीम ने सिरसी स्पोर्टिंग को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।फुटबॉल टूर्नामेंट में सीनियर वर्ग में चार टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला आईएम इंटर कॉलेज और सिरसी स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। आईएम इंटर कॉलेज टीम ने सिरसी स्पोर्टिंग को 1-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला संभल पब्लिक स्कूल सिरसी और सिरसी स्पोर्टिंग बी के बीच हुआ। जिसमें संभल पब्लिक स्कूल की टीम 2-0 से विजयी रही। आईएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद शुएब जैदी और एसबीएम डिग्री कालेज के प्रबंधक काशिफ रजा ने विजेता टीमों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका आशिक अब्बास ने निभाई।


होली के गीतों पर नृत्य करतीं आराध्या वूमेन की सदस्य। ● अमृत विचार

# आराध्या वूमेन ने मनाया होली महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार**: आराध्या वूमेन एण्ड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा होली महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने होली के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। फूलों और गुलाल से होली खेली गई। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। इस दौरान खेलों का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान गुजिया, दही बड़ा इत्यादि व्यंजन की प्रतियोगिता भी कराई गई। ग्रुप अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम आपसी सद्भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि होली वसंत के आने के प्रतीक के रूप में रंगो के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर अनु गांधी, योग्यता कोहली, गुंजन बत्रा, रेखा रस्तोगी, मंजू गुप्ता, मीनू अहूजा, सीमा डूडेजा, बेबी मखीजा, शालू अरोड़ा, ज्योति साहनी, रीना अरोड़ा, शालू अरोड़ा, प्रियंका सिंह, आरती शर्मा आदि रहीं।

# बच्चों में बांटी गई रंग और पिचकारी, खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार**: जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर द्वारा शनिवार को आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर पर रहने वाले बच्चों को जरूरमंद चीजों का वितरण किया गया। रंग, पिचकारी, गुब्बारे, गुजिया समेत अन्य सामान का वितरण किया। रंग पिचकारी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने बताया हमें त्योहार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाना चाहिए। इस मौके पर फेडरेशन अफसर शिखा शर्मा ने बच्चों को होली के त्यौहार के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, सीमा अग्रवाल, सुनीता शर्मा, नंदिनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


रंग व पिचकारी लिए बच्चे व जायंट्स वूमेन शिखर की सदस्याएं। ● अमृत विचार

### गवां के स्कूलों में धूमधाम से मना होली उत्सव

**गवां,अमृत विचार** : गवां सहित आसपास के स्कूल-कॉलेजों में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। बीएसबीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पीताम्बर यादव ने बताया कि स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगों का यह त्योहार होली देशभर में मस्ती और उत्साह के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आवश्यकता है
रफीक हुसैन मेमोरियल डिग्री कॉलेज डिडौली जनपद अमरोहा को आवश्यकता है। प्रवक्ताओं की (UG) वेतनमान योग्यता अनुसार योग्यता (NET/PhD, )
मो० नंबर- 97562 41936

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### बहला फुसला कर युवती को ले गया युवक

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च की सुबह करीब पांच बजे उसकी बेटी शौच के लिए जंगल गई थी लेकिन घर वापस नहीं लौटी। काफी इंतजार के बाद जब बेटी घर नहीं आयी तो तलाश शुरू कर दी। पता चला कि युवक दुर्गेश प्रजापति निवासी गांव बनियाखेड़ा उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस ने दुर्गेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### गाली गलौज के विरोध पर दुकानदार को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कुदारसी निवासी जीतपाल की किराना की दुकान के सामने शनिवार को रास्ते में खड़े होकर गांव के ही चार व्यक्ति नशे में गाली गलौज कर रहे थे। जीतपाल ने विरोध किया। उस समय चारों व्यक्ति मौके से चले गए। थोड़ी देर बाद जीतपाल काम करने के लिए खेत पर जा रहा था। आरोप है कि चारों व्यक्तियों ने मिलकर जीतपाल को रास्ते में रोक लिया और लात घूसों से मारपीट की। जिससे जीतपाल घायल हो गया।

### चाइनीज मांझे से बालक का हाथ जख्मी

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी बालक शुक्रवार की शाम मुहल्ला में ही चाइनीज मांझे से पतंग उड़ा रहे थे। इसी दौरान एक बालक की पतंग कट गई। कटी पतंग को पकड़ने के लिए बालकों के साथ साथ मुहल्ला के ही शौकीर का 12 वर्षीय बेटा अता भी चाइनीज मांझे को पकड़कर पतंग लूटने की कोशिश करने लगा। अन्य बालकों से पतंग की छीना-झपटी करते समय चाइनीज मांझे से अता का हाथ जख्मी हो गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**असमोली, अमृत विचार :** गांव सदीरनपुर निवासी अजय शनिवार को बाइक पर सवार होकर काशीपुर से घर आ रहा था। संभल जोया मार्ग पर मनोटा पुल व गांव दबोई कलां के बीच किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अजय गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर अजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# हाइवे पर पलटा टेंपो, किसान की मौत

## नीलगाय से टकराने पर हुआ हादसा, चालक सहित तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गांव अफजलपुर डरौली के पास सड़क पार कर रही नीलगाय से टेंपो की टक्कर हो गई। जिससे टेंपो पलट गया और उसके नीचे दब कर 70 वर्षीय किसान की मौत हो गई। घटना में चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया है।





सड़क हादसे में किसान की मौत पर बिलखती पत्नी। ● अमृत विचार

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव भवन निवासी सुरेश कुमार 70 वर्ष पुत्र रामफल खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। थाना बिसौली जनपद बदायूं में उसकी रिश्तेदारी में बालक की मौत हो गई

▸▸ **गांव अफजलपुर डरौली के निकट हादसा**

थी। शनिवार सुबह 10 बजे वह अपनी पत्नी नत्थो व भतीजी पूनम पुत्री राजू निवासी गांव भवानीपुर थाना संभल के साथ चन्दौसी आने के लिए टेंपो में सवार हुआ। टेंपो में करीब 8-9 सवारी थीं। टेंपो जब बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गांव अफजलपुर डरौली के पास पहुंचा तो उसी समय अचानक सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा कर टैंपो पलट गया। जिसके कारण किसान सुरेश टेंपो के नीचे दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसकी पत्नी, भतीजी व टेंपो चालक सोनू पुत्र सुमन गांव रम्पुरा थाना बहजोई मामूली रूप से चुटैल हो गया। आसपास मौजूद लोगों व राहगीरों ने घायलों को टेंपो से बाहर निकाला और उसी टेंपो से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। वहां चिकित्सक ने किसान सुरेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

### बाइक की टक्कर से सफाई कर्मी घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड स्थित बदायूं चुंगी के पास सफाई कर्मी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हाईडिल कालोनी निवासी नरेश पुत्र किशन हाईडिल में सफाई कर्मचारी है। शाम साढ़े पांच बजे घर से कुछ सामान से बदायूं चुंगी जा रहा था। तभी मुरादाबाद रोड पर चन्दौसी की ओर से जा रहे बाइक सवार ने सफाई कर्मी को टक्कर मार दी। हादसे में सफाई कर्मी घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## कालाबाजारी के शक में राशन का चावल पकड़ा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नरौली देहात पुलिस ने शनिवार की शाम कालाबाजारी को ले जाया जा रहा राशन का चावल पकड़ लिए। आपूर्ति विभाग को मामले की जानकारी दे दी है। जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि चावल थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर काशी से कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था।

शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे नरौली देहात पुलिस चौकी को सूचना दी कि गांव मोहम्मदपुर काशी स्थित राशन डीलर की दुकान से चावल से लदे कट्टे जुगाड़ वाहन से नरौली कालाबाजारी के लिए ले जाए जा रहे हैं। पुलिस तत्काल हरकत में आयी और फरीदपुर मार्ग पर पहुंच गई। जहां एक जुगाड़ वाहन आता नजर आया। पुलिस ने जुगाड़ वाहन को रोक लिया। पुलिस मय वाहन के चावल चौकी पर ले आयी और पूर्ति विभाग को सूचना दे दी। चौकी इंचार्ज सत्यपाल ने बताया कि पकड़ा गया चावल सरकारी है या नहीं। इसकी पुष्टि के लिए संबन्धित विभाग को सूचना दे दी है। जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



सुभाष रोड पर ताइक्वांडो अकादमी में होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

### किड्स ताइक्वांडो अकादमी में होली की धूम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शनिवार को सुभाष रोड स्थित किड्स ताइक्वांडो अकादमी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। एक दूसरे के गले मिल कर होली की बधाई दी। होली के गीतों पर जमकर नृत्य कर जम कर मस्ती की। कोच अंकुश राणा ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर अक्षर, शुभांगी सिंह, विवान सिंह, अनुष्का, अभिमन्यु सिंह यादव, अनुदीप सिंह यादव, श्रेया बंसल, गौरांशी मित्तल, शिवन्या गोयल, वर्णिका, सार्थक पाल, आरोही, रोहिनी, दिव्यांशी प्रजापति, दृष्टि शर्मा, अविका अरोरा, शिवांश, वेदांत पाठक, अंशी गुप्ता, अंश,प्रांशि मित्तल, सामर्थ, स्वधा, सृष्टि, हर्षित, आहिल, सायेशा, आरोही, तनिष्क, अद्विक, शायना, परिधि, नव्या, अक्षत आदि मौजूद रहे।




चन्दौसी के रोडवेज बस स्टैंड पर लगा फ्लैक्सी बोर्ड। ● अमृत विचार

### आचार संहिता का पालन नहीं करा पा रहा प्रशासन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस और नगर पालिका आचार संहिता का पालन नहीं करा पा रही है। अभी भी कई स्थानों पर राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स, फ्लैक्सी लगे हुए हैं। जो खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आचार संहिता लगने के बाद नगर पालिका ने पुलिस के साथ मिलकर सड़क किनारे व बिल्डिंग पर लगे राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स, फ्लैक्सी, पोस्टर आदि हटाने का कार्य शुरू किया था। तीन दिन तक कार्य करने के बाद अब बंद कर दिया गया। अभी भी कुछ स्थानों पर होर्डिंग्स व फ्लैक्सी लगी हुई है। जिसमें रोडवेज बस स्टैंड पर बोर्ड आदि लगे हैं। जिसे अभी भी ढका नहीं गया। इसके अलावा कई गली-मोहल्ले में राजनीतिक दलों की फ्लैक्सी लगी हुई है।

### बलिदान दिवस पर शहीदों की दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह स्मारक पर भाजपाइयों ने मोमबत्ती जलाकर देश के लिए शहीद हुए भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि उक्त तीनों देश भक्तों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राण न्यौछार कर दिए और हंसते-हंसते हुए फांसी के फंदे पर लटक गए, ताकि देश आजाद हो सके। हम सबको ऐसे देश भक्तों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, आकाश कुमार, अमल कोली आदि भाजपाई मौजूद रहे।

### 21 कुंडीय महायज्ञ में दी आहुतियां, शहीदों को किया याद

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी धाम में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के मौके पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आदर्श आर्य वीर टीम द्वारा 21 कुंडीय महायज्ञ किया गया। बदायूं से आए वेद कथाकार तथा यज्ञाचार्य द्वारा शुरू कराए महायज्ञ में जिले के कई हिस्सों से पहुंचे लोगों ने आहुतियां दीं। महायज्ञ में दंपतियों ने यजमान के रूप में आहुति दी। देश, धर्म, संस्कृति पर शहीद होने वाले शहीदों को याद किया गया। डुप्टा खुर्द स्थित स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की याद में प्रस्तुति दी। प्रवचन का कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान जीतपाल यादव एडवोकेट, बृजेश यादव, डॉ. कुंवरपाल सिंह आर्य, पतंजलि योगपीठ से जिला युवा प्रभारी यशपाल सिंह शास्त्री, आचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य, दिनेश कुमार आर्य, आवेश कुमार आर्य, सत्य प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# टायर फटने पर पलटी कार शिशु समेत 7 लोग घायल

▸▸ **होली के मौके पर दिल्ली से लौट रहे थे मजदूर, दो की हालत गंभीर**

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर टायर फटने पर अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे में दो माह के शिशु समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। गंभीर हालत में दो घायलों को रेफर किया गया।

बदायूं जिले के थाना बिनाबर अंतर्गत गांव सिंधा मुझाना के लोग दिल्ली में मजदूरी करते हैं। होली के मौके पर शुक्रवार को रात मजदूर दिल्ली से कार में सवार होकर गांव लौट रहे थे। देर रात गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव इटुउआ के पास अचानक कार का टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर कार पलट गई। हादसे में कार सवार गांव सिंधा मुझाना के सुखपाल पुत्र ओमपाल, नरेश पुत्र लालाराम, ओमपाल पुत्र रामचरन, मनोज पुत्र ओमपाल, स्वाति पत्नी मनोज, दो महीने की कनक पुत्री मनोज, कार चालक अनुज पुत्र रविंद्र कुमार गांव मगनपुर जिला हरदोई घायल हो गए।

### गिल्डर मशीन से कारीगर हुआ घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में लकड़ी का गेट काटते वक्त कारीगर का हाथ गिल्डर मशीन की चपेट में आ गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी मोहम्मद अजीम टाइल्स लगाने का काम करता है। वह गांव मढ़न में टाइल्स लगा रहा था। लकड़ी का गेट काटने के दौरान मोहम्मद अजीम का हाथ गिल्डर मशीन की चपेट में आ गया।

## अतिक्रमण से लग रहा जाम, जनता परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बाजारों में अतिक्रमण से रोजाना जाम लग रहा है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि होली का त्योहार होने पर बाजार में काफी भीड़भाड़ होने पर पुलिस ने वन-वे प्लान लागू कर दिया। मगर सड़क किनारे अतिक्रमण होने से जाम की समस्या बनी हुई है।

त्योहार पर खरीदारी करने वालों लोगों को बाजारों में सड़क किनारे अतिक्रमण होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें बड़ा बाजार, घंटाघर, ब्रह्म बाजार, संभल गेट, मुरादाबाद गेट, सीता रोड, स्टेशन रोड, कैथल गेट आदि सड़क किनारे अतिक्रमण होने से रोजाना जाम लग रहा है।

पुलिस ने वन-वे प्लान लागू कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। मगर सड़क किनारे होने वाले अतिक्रमण को खत्म नहीं कराया है। जिससे जाम की समस्या बनी है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में बालक सहित छह घायल

▸▸ **थाना इस्लामनगर क्षेत्र में हुआ हादसा, तीन हायर सेंटर रेफर**

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर अंतर्गत चन्दौसी मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बालक सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।



घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव खनुपुरा मिलक निवासी सुरेंद्र पुत्र श्योराज अपनी पत्नी रामवती, तीन वर्षीय पुत्र बॉबी व साले अमर सिंह पुत्र गजराम के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल गांव जाफरपुर थाना इस्लामनगर जा रहा थे। शनिवार की शाम पांच बजे बाइक सवार थाना इस्लामनगर क्षेत्र के चन्दौसी-इस्लामनगर के बीच पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। बाइक सवार चारों सहित दूसरी बाइक पर सवार महेंद्र पाल पुत्र रामकिशन व राजपाल पुत्र रामचरन निवासी मच्छखेड़ा थाना बहजोई घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सुरेंद्र, महेंद्र पाल व राजपाल की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा था।

# शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने शहीदों का बलिदान दिवस स्टेशन रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक में मनाया। क्रांतिकारियों की प्रतिमा व चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया।




शहीद भगत सिंह स्मारक पर श्रद्धांजलि देते महापुरुष स्मारक समिति के सदस्य।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि एक दिन भगत सिंह को स्कूल में पता चला कि जलियांवाला बाग में बहुत से निहत्थे लोग मारे गए हैं तो वह 12 मील पैदल चल कर जलियांवाला बाग पहुंचे। वहां का दृश्य देख कर उनकी आंखों में आंसू आ गए। सभी तरफ लाशें बिछी हुई थीं। इसके बाद वह रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राजगुरु, सुखदेव के संपर्क में आए और हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के लिए काम करने लगे। क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजो को सबक सिखाने के लिए जेपी सांडर्स की हत्या कर दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार अर्जुन सिंह व संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सच्चिदानन्द शर्मा, शिव सिंह, जगदीश चंद्र राणा, हरीश अरोरा, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, अरूण सक्सेना, मनोज सिंघल, आमोद वार्ष्णेय, हेमन्त कुमार गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, हरी सिंह यादव, शिवम सैनी आदि रहे।

### बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन

**बहजोई, अमृत विचार :** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास ने बलिदान दिवस पर भगत सिंह सुखदेव व राजगुरु जैसे बलिदानी क्रांतिकारियों को नमन कर मनाई होली। बीएमबीएल जैन कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन द्वारा भारत माता व बलिदानियों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। पवन कुमार जैन ने कहा कि 23 मार्च बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिवस है। इस दौरान नागेश कुमार, डॉ. मनोज, कुश नंदन,अखिलेश कुमार, सौरभ सक्सेना,देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव हैं भावी पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत

**संभल, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस के मौके पर महान क्रांतिकारी शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह को याद किया। कार्यकर्ताओं ने हल्लू सराय में शहीद भगत सिंह चौक पर स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। समिति के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति अपना सर्वस्व न्योछावर कर प्राणों का बलिदान देने वाले यह बलिदानी हम सभी और आने वाली भावी पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत हैं। डॉ. यूसी सक्सेना और डॉ .वीपी सिंह ने उनके बलिदान के वास्तविक इतिहास को पाठ्यक्रम के माध्यम से हमारी वर्तमान पीढ़ी को पढ़ाए जाने की जरूरत पर जोर दिया। इस दौरान सरदार कुलवीर सिंह, कमलकांत तिवारी, राकेश रस्तोगी एडवोकेट, सरदार हरदीप सिंह, आदि रहे।




भगत सिंह पार्क पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते संगठन के लोग।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने रखा सामूहिक उपवास

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव सिंह और राजगुरु का 93वां शहीदी दिवस सामूहिक उपवास रखकर मनाया। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर जयघोष किया। कहा कि देश की अखंडता बनाए रखने के लिए अन्याय के खिलाफ जीवनभर शहीद भगत सिंह पदचिन्हों पर चलेंगे।

**बदलाव** वर्षों से कायम है होली गाने की अनूठी परम्परा

# ढोल मजीरा व थाली बजाकर गाते हैं चौपाई

संजीव वार्ष्णेय, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण की होड़ में भले ही पर्व - त्योहारों का स्वरूप बदल रहा हो, मनाने के तौर तरीके आधुनिकता की चकाचौंध में विस्मृत हो रहे हैं लेकिन संभल जनपद के गुन्नौर क्षेत्र में होली के मौके पर चौपाइयां निकालने की परंपरा आज भी जीवित है।



ढोल मजीरा और कांसे की थाली बजाकर चौपाई गाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ढोल, मजीरा और कांसे की थाली बजाने से उत्पन्न संगीत की लय संग विशुद्ध देहाती शैली में चौपाई गायन की परंपरा कुछ गांव में अब भी कायम है। ग्रामीण आज भी इस परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में रची बसी होली के वास्तविक रंगों को उकेरती कांसे की थाली और ढोल बजाती चौपाई टोलियों की संख्या हालांकि घट रही है। दो ढाई दशक पहले तक गुन्नौर के ज्यादातर गांवों में होली पर चौपाईयों का दौर था। आपसी प्रेम और भाईचारे बढ़ाने वाली चौपाइयों में ब्रज की प्राचीन होली की परंपरा की झलक दिखती थी। चौपाई पार्टियां फाल्गुन मास में रंगभरी एकादशी से होली के कई दिन बाद तक गमी वाले परिवारों में जाकर चौपाई प्रस्तुत करती थीं। होली के पर्व पर चौपाइयों का गायन पुरानी परंपरा रही है। चौपाई गायन करने वाले लोगों का समूह पहले ऐसे घरों के सामने पहुंचते थे, जिनके यहां साल भर के भीतर किसी प्रियजन का निधन हो चुका होता था। ढोल मजीरा और कांसे की थाली बजा, पारंपरिक अंदाज में चौपाई गाकर होली की गमी को खत्म किया जाता था। चौपाई गायन करने वाली टोलियां अब नगरों में दिखना दुर्लभ हो गया है। शायद यही वजह रही कि बबराला के एक परिवार में गमी की होली पर जब गांव जमालपुर डांडा की चौपाई गायन करने वाली मंडली पहुंची तो ढोल मंजीरा और कांसे की थाली बजाकर लोगों को गाता देख कौतूहलवश लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### ममेरे भाई ने डांटा तो छात्रा ने पी लिया तेजाब, निजी अस्पताल में भर्ती

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में अपनी ननिहाल में रह रही हाईस्कूल की छात्रा ने ममेरे भाई के डांटने पर तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने छात्रा को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बदायूं जिले के गांव जगदीशपुर निवासी 17 वर्षीय हाईस्कूल की छात्रा पिता की हत्या होने के बाद पिछले 15 वर्ष से बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी मां के साथ ननिहाल में रह रही है। शनिवार को स्कूल से होली खेलकर छात्रा घर लौटी तो उसके ममेरे भाई ने डांट दिया। जिसके क्षुब्ध छात्रा घर के अंदर पहुंची और टॉयलेट साफ करने वाला तेजाब पी लिया। जिससे छात्रा की हालत बिगड़ गई। छात्रा को उपचार के लिए पंवासा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली में शनिवार को पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। नगर के मुख्य बाजारों में भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। फ्लैग मार्च शनिवार बाजार से शुरू होकर बेहटा साहू तिराहा, मकुपरा, बंजारी कुआ, पीपल वाला, जामा मस्जिद तिराहा, मैन मार्केट, सब्जी मंडी, साहूकारा, काजी टोला तिराहा होता हुआ देहात चौकी तक हुआ। इस अवसर पर देहात चौकी इंचार्ज हिमांशु कुमार व करबा इंचार्ज आकाश कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस व आरपीएफ के जवान मौजूद रहे।



# वसंतोत्सवों का चरम होली



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तः पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है- उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरुदगण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाते हैं और बेहया हो जाते हैं मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है।" आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि "आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुंदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्यकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परम्परा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील हैं। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते हैं, वे मरुतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता हैं। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकर्त्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग सुर छंद है, ताल लयसंगीत है, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसो वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

# हिरण्यकशिपु हो या होलिका : है पग-पग डेरा डाले



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

रंग का विलोम शब्द बदरंग है। रंगों के कलात्मक संयोजन से चित्र चित्ताकर्षक हो जाते हैं,जबकि अनियोजित प्रयोग से उसी चित्र में विकृतियां झलकती है। रंगों का सबसे बड़ा खजाना आसमान के सूरज के पास है। सूरज सप्तवर्णी या सप्तरंगी किरणों वाला होता है। उदित होते सूरज के विविध रंगों से आसमान की छटा परवान चढ़ जाती है। इतना ही नहीं,बल्कि ढले शाम भी वह बतौर कुशल चित्रकार ही दिखता है। इंद्रधनुष ऐसा बनाता है, शायद पेशेवर चित्रकार को कैनवस पर उसकी नकल करने में कठिनाई हो। जबकि सूरज के पास चित्र बनाने की न तूलिका है और न दूसरे उपकरण और संसाधन।

सूरज की इस रंगकारी की तुलना रंगों के त्योहार होली से की जाए तो होली भी जीवन को रंगों से भर देने का त्योहार है। रंगीली होली की गाथा अंतहीन है। कविता में नजीर अकबराबादी 'गालों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की' के साथ महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की' का जब उल्लेख करते है तब रंगों के नशा करने वाले किसी महबूब पर उनकी नजर दिखाई पड़ती हैं। रंगों के आपसी सामंजस्य में गहरा संदेश भी है और गहरा दर्शन भी है।

घर-परिवार से लेकर समाज और देश-दुनिया तक में जीव से लेकर प्रकृति तक में सामंजस्य ही जीवन के रंग को द्विगुणित कर देता है। यशोदा के नंदन कृष्ण के लिए गोपिकाएं 'नैन नचाय कही मुस्काय, लला फिर आइयो खेलन होली' का निहितार्थ ही है कि मन में लालित्य के लिए जीवन में जरूरत पर मुरली बजाने वाली स्थिति भी हो और आवश्यकता पड़ने पर जीवन के महाभारत में शंखनाद भी करने की सामर्थ्य हो। होली उस सुबह हो-हल्ला मचाते आ धमकती है जब उसकी पूर्व रात्रि में होलिका दहन हो चुका होता है। होलिका दहन के प्रतीकों को होलिका में पड़ने वाले विविध पदार्थों के आईने में देखा जाए तो जीवन के होलिका दहन में भी विविधता दिखाई पड़ती है। प्रथमतः पंचभौतिक शरीर के स्तर पर नित होने वाले होलिका दहन का विश्लेषण किया जाए तो इस शरीर में भी अग्नि है। सबसे महत्वपूर्ण जठराग्नि को होलिका दहन के परिप्रेक्ष्य में लिया जाए तो खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर को आह्लाद देने वाले तत्व (मिनरल्स) को जठराग्नि बचाकर शरीर को हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए रक्त रसायन को दे देती है और खाद्य पदार्थों में समाई होलिका को जलाकर बाहर कर देती है। लाल रक्त कण (रेड सेल्स) शरीर को स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं शरीर को क्षति पहुंचाने वाले हिरण्यकशिपु जैसे विषाणुओं से भी जठराग्नि लड़ती-भिड़ती रहती है।

अब चिंतन-मनन के स्तर पर होलिका दहन की विवेचना की जाए तो हिरण्यकशिपु जैसा अहंकार इस देव-दुर्लभ जीवन का सबसे बड़ा शत्रु हैं। इसी अहंकारी हिरण्यकशिपु की बदरंगी मनोवृत्तियां उसकी बहन होलिका है। होलिका मन के प्रह्लाद के उच्च भाव की घेराबंदी करती है। इसे गोद में बैठाकर काम-क्रोध की अग्नि में भस्मीभूत कर देना चाहती है, लेकिन मन की दृढ़ता की भावनाएं कुप्रवृत्तियों की होलिका की योजना विफल करती है। सत्य, सदाचार और सुनीतिपूर्ण जीवन पद्धति के संस्कारों से शिक्षित मन प्रह्लादत्व की स्थिति में है तो फिर जीवन का आह्लाद जल नहीं सकता। इससे सर्वप्रथम चेहरे का ही नहीं,बल्कि मन का भी रंग चटक होता है। मन अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण (सोने) की तरह चमक उठता है। आत्मबल बढ़ता है,जो जीवन के रंग को कभी बदरंग नहीं होने देता है।

# होली का वैदिक स्वरूप



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए।

होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है,इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था। इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था,तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ।

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः। अतृष्या अक्षुध्या गृहा मास्मद् बिभीतन॥ (अथर्ववेद 7.60.6) जिन घरों में रहने वाले परस्पर मधुर और शिष्ट संभाषण करते हैं जिनमें सब तरह का सौभाग्य निवास करता है,जो प्रीति-भोजों से संयुक्त हैं,सभी हास और उल्लासमय जीवनयापन करते हैं एवं जहां न कोई भूखा है न प्यासा,उन घरों में कहीं से भय का संचार न हो। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बन्ध हो जाते हैं। उत्सव की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था-यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥ (ऋग्वेद 10.90.6) होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थीं,वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं। पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुमकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्जवल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ,आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म,अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदाग्रे संवर्तताधि' कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएं, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनंद और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अंग हैं।

होलिकोत्सव के रूप में हिंदू समाज ने मनोरंजन को जीवन में स्थान देने के लिए तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूप को धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है। जैसा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट कथन है-धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल कामप्रवृत्ति हूं। शिवजी ने तृतीय नेत्र से फाल्गुन कृष्णाष्टमी को काम/मदन का दहन किया था। तब कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर होलाष्टक के अंतिम दिन अर्थात् धुलेंडी के दिन शिवजी ने,कामदेव का प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म होने का वचन दिया था। इसलिए होली को मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

## मूल प्रवृत्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भूख न होती तो खेती का विकास क्यों होता? भूख लगी इसीलिए शिकार को जाना पड़ा था। भूख लगी,इसीलिए वृक्ष लगाए, फल खाया, भूख लगी इसीलिए मत्स्यपालन किया,भूख लगी इसीलिए पशुपालन किया, दूध पिया। भूख लगी इसीलिए खाद्य-पदार्थों के इतने बड़े उद्योगों का विकास हुआ। रति प्रवृत्ति न होती तो नर और नारी का सम्मिलन भी क्यों होता? सिसृक्षा पुत्रैषणा न होती तो परिवार ही क्यों बनता? रति मूल प्रवृत्ति में परस्पर सहयोग ने बहुत बाद में चल कर पति-पत्नी का संबंध विकसित किया।

रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो क्यों तो गुफा बनती,क्यों झोंपड़ी बनती और क्यों ये कोठी बनती? जंगल से गांव और गांव से नगर भी क्यों बन जाता? रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो समाज और राज्य भी क्यों बनता? रक्षा और प्रभुता की मूल प्रवृत्ति न होती तो कोई सेना क्यों बनती और यह यूक्रेन-रूस युद्ध भी क्यों होता? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती तो ज्ञान-विज्ञान का विकास भी क्यों होता? क्यों आदमी अंतरिक्ष में जाता? क्यों समुद्र की थाह लेता? क्यों विश्वविद्यालय बनते? क्यों पुस्तकें लिखी जातीं? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती दर्शन और विचारधाराओं का विकास कैसे होता? संग्रह, वित्तैषणा या तृष्णा की मूल प्रवृत्ति न होती तो एक आदमी दूसरे के हक को क्यों छीन लेता? विषमता का जन्म भी क्यों होता? बैंक क्यों बनतीं? खजाने की क्या जरूरत होती? जर-जमीन के झगड़े क्यों होते? चिड़िया के पास ही कौन सा संग्रह है? पेट तो भर ही लेती है,लेकिन मनुष्य तिजोरी और कोठार बनाता है। गौरव की मूल प्रवृत्ति (अपने को श्रेष्ठ मानने की प्रवृत्ति) न होती तो कोई अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन क्यों समझता? परनिंदा का भाव भी क्यों होता? तू छोटा मैं बड़ा,यह भाव भी कहां से आता? क्यों ऊंच-नीच का विचार बनता और वर्ग-विद्वेष भी क्यों होता?

आराम की मूल प्रवृत्ति न होती तो सभी श्रम कर लेते। श्रमिक और प्रबंधक वर्ग क्यों होते? अनुकरण की मूल प्रवृत्ति न होती तो हम कैसे संगीत सीखते? कैसे भाषा सीखते? किसी से कोई होड़ क्यों करता? आज तो अस्त्र-शस्त्र की होड़ हो रही है। मूल प्रवृत्ति न होती तो दंडविधान भी क्यों बनता? समस्त सभ्यता का विकास, समस्त संस्कृति का विकास, समस्त ज्ञान विज्ञान का विकास मूल प्रवृत्तियों की और मूल प्रवृत्तियों के संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की प्रणालियों की देन है।

## गुर्दे और जल संरक्षण



आर्य सागर खारी
नोएडा

पर्यावरण गोष्ठियों सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जल संरक्षण जल की महत्ता को लेकर अनेक जागरूकता संदेश प्रचारित-प्रसारित किए जा रहे हैं। बात जब जल के बचाने को लेकर होती है तो आधुनिक वाटर कंजर्वेशन के तमाम मॉडल्स पर डिस्कशन होता है, लेकिन दुनिया का सबसे बेहतरीन अनूठा लाजवाब वाटर कंजर्वेशन मॉडल हमारे शरीर में मौजूद है। वर्ष 2003 का केमिस्ट्री का नोबेल इसी वॉटर कंजर्वेशन मॉडल जिसे एक्वापोरिन सिस्टम कहा जाता है, उसे दुनिया को समझाने के लिए पीटर एग्री को मिला था। पंचतत्व से यह शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश सर्वाधिक प्रधानता जल तत्व की है। मानव शरीर में 60/70 फीसदी लगभग जल ही होता है। 2003 तक साइंटिस्ट नहीं जानते थे कि मानव शरीर में जल कैसे रीसायकल एक्सचेंज निष्कासित होता है। हमारे शरीर की अरबों-खरबों कोशिका में जल का आदान-प्रदान किस तरह होता था कोई जानकारी नहीं थी। हमारा शरीर जो जल हम पीते हैं उसे मिनिमम वेस्टेज के आधार पर यूटिलाइज करता है। दोनों गुर्दे 24 घंटे में 170 लीटर प्राइमरी यूरिन बनाते हैं। समझना यह है कि यदि इतनी भारी मात्रा में प्राइमरी यूरिन बनता है तो मानव कितने जल का उपयोग करेगा प्रत्येक मनुष्य की जल की खपत बढ़ जाएगी जल का अनावश्यक असीमित उपयोग होगा। इस संकट से बचाने के लिए भगवान ने मानव गुर्दों को रीसाइक्लिंग प्लांट से लैस कर दिया है,जो 170 लीटर प्राइमरी यूरिन को घटाकर वेस्टेज के तौर पर 1 से 2 लीटर फाइनल यूरिन में तब्दील कर देता है। है न अद्भुत व्यवस्था इस काम में मुख्य भूमिका दोनों गुर्दों की विशेष क्रियात्मक सर्जनात्मक इकाई नेफ्रॉन निभाती हैं। प्रत्येक गुर्दा 10 लाख नेफ्रॉन से मिलकर बना है नेफ्रॉन बहुत ही महीन छन्नी है। हमारा शरीर पानी कैसे बचाया जाए? कैसे उसका संरक्षण किया जाए? कैसे उसका अधिकतम उपयोग किया जाए? भलीभांति जानता है, लेकिन हम नहीं जानते यह अजीब विडंबना है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका जल को बचाना जानती हैं। प्रत्येक कोशिका के बीच मिनिमम वॉटर वेस्टेज पर आधारित वाटर चैनल्स काम करता है, जो विशेष जल रोधी एक्वा प्रोटीन से काम करता है। प्रति सेकंड हमारे शरीर के इन वाटर चैनल में जल के हजारों अणु गुजरते हैं।

# बेअसर एंटीबायोटिक्स से तपेदिक नियंत्रण बना चुनौती



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुन: इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिकों ने चेताया है कि आहार के लिए पाले जाने जिन जंतुओं -मुर्गी, सूअर, तीतर, बटेर, बतख, टर्की और किवी को एंटीबायोटिक खिलाने से मनुष्य में एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ रही है। इसकी वजह से कॉलरा, टाइफाइड, शिगेला जैसे बैक्टीरिया के विरुद्ध पारंपरिक दवाएं असरदार नहीं हो रही हैं। इलाज के दौरान भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कॉम्बिनेशन एंटीबायोटिक्स का असर मनुष्य देह में पलने वाले संक्रमण को खत्म करने के लिए धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हालांकि नयी संश्लेषित दवाओं पर काम हो रहा है, परंतु पेड़-पौधों से प्राप्त होने वाले नए एंटी-बैक्टीरियल मॉलिक्यूल्स के परीक्षणों पर खोज जारी है। साथ ही समुद्री वनस्पतियों एवं शैवाल से भी नए एंटी-बैक्टीरियल और माइक्रोबियल एजेंट्स तलाशे जा रहे हैं।

रोगकारक बैक्टीरिया इतना चालाक है कि 'म्युटेट' कर लेता है और अपना जेनेटिक मेकअप भी बदल लेता है। हैजा के बैक्टीरिया में एक मॉलिक्यूलर पंप होता है जिससे वह दवा को बाहर धकेल कर जिंदा रहकर सक्रिय बना रहता बनाए रखता है। इसलिए सलाह यह दी गई है कि फ़ार्म चिकन, अंडा, पोर्क और बीफ न खाया जाए। अगर दारू ऊपर से सेवन भी किया जाता है तो मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। मसलन तपेदिक के प्रति एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंस कुछ अधिक ही दिख रहा है। मरीज लोग समय पर दवा नहीं लेते या आधी-अधूरी लेकर छोड़ देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा। क्या क्लिनिकल टेस्ट्स और इन्वेस्टीगेशन्स का तरीका बदला जा रहा है? सन 2015 से ऐसी कोशिश हो रही है कि बेसिलस टुबरकुलीन अर्थात् टीबी करने वाले बैक्टीरिया के नए और ड्रग रेसिस्टेंट स्ट्रेंस या विभेद और विभेदों की पहचान के लिए कुछ और किया जाए जैसे कि एक बार चीन ने टीबी इंफेक्शन पकड़ने के रक्त की जांच शुरू की थी,लेकिन रिजल्ट्स 'फाल्स नेगेटिव' या 'फाल्स पॉजिटिव' रहते थे। इस तकनीक में इंफेक्शन को पकड़ने के लिए रक्त में मौजूद 'मार्कर्स' या बायो-लॉजिकल पार्टिकल्स को ढूंढा जाता है, जो इंफेक्शन होने के बाद रक्त में घूमते रहते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने इसे रिजेक्ट कर दिया और कहा कि एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही 100 प्रतिशत कामयाब टेस्ट हैं। रक्त में 200 किस्म के मेटाबॉलाइट्स मौजूद होते हैं और 'मार्कर्स', या अतिसूक्ष्म जैव-पदार्थ भी,लेकिन टीबी स्पेसिफिक मार्कर्स को डिटेक्ट करने और इन्हें इंटरप्रेट करने में गलती की संभावना अधिक होती है। भारत में बहुत सी लैब यह टेस्ट करने लगी थीं, जिन्हें इससे संबंधित सीरो-डायग्नोस्टिक किट्स का चीन से आयात बंद किए जाने के निर्देश जून, 2012 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए थे। सरकारी तंत्र में कन्फर्मेशन के लिए एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही अभी चलता है। उदाहरण के लिए शरीर में टीबी का संक्रमण सिर्फ फेफड़ों में (पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस) ही नहीं होता, बल्कि अन्य अंगों जैसे कि जठरांत्र शिरा (गैस्ट्रोइंटेसटानल), हड्डियों और लिवर में, लसिका ग्रंथियों, मूत्राशय अंग, को भी प्रभावित करता है। इन्हें सिर्फ एक ही बैक्टीरिया प्रभावित करे ऐसा नहीं है,बल्कि इसका ड्रग-रेसिस्टेंट विभेद भी प्रभावित कर सकता है जिसका पितृ-जीवाणु मायको-बैक्टीरियम ट्यूबरकुलम ही है। तपेदिक का जीवाणु कैसे ड्रग रेसिस्टेंस विकसित करता है इसके मैकेनिज्म को भी समझ लिया गया है। इसे समझे बिना उक्त विभेद को निष्क्रिय या नष्ट करने के लिए नई दवा का विकास जिया जाना संभव ही नहीं था। इस वक्त देश में तपेदिक के मरीजों को 'सेकेंड लाइन ड्रग्स' अर्थात् एमिनो-ग्लाइकोसाइड्स,पॉलीपेप्टाइड्स, फ्लूरोकिनोलोंस, थायो-एमाइड्स, साइक्लोसेरीन्स,और पैरा-अमीनो सैलीसायिक्लिक एसिड केकर निरोग किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्यूबरक्लोसिस रिसर्च (आईसीएमआर) के शोध के मुताबिक़ अत्याधिक ड्रग रेसिस्टेंट पाए जाने पर मरीजों को नेशनल ट्यूबरक्लोसिस कण्ट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत केटेगरी-4 की जो नई मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट दवाएं दी जा रही हैं इनमें रिफम्पिसिन, एथम्बूटोल और आयसोनायाज़िड न होकर सात दवाएं संयुक्त रूप से दी जाती है। अत्यधिक मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को काबू में करना दुनिया भर में एक मुश्किल काम बना हुआ है। तपेदिक को दूर करने के लिए बहु-औषधीय दवाओं का बे-असर होना पश्चिम के विकसित देशों में भी बहुत समय से अब दिखाई दे रहा है। पूर्वी यूरोप के देशों और रूस में यह व्याप्त है। यह न समझें कि रेसिस्टेंस सिर्फ अफ्रीका और साउथ एशिया के देशों की समस्या अधिक है। इस संबंध में भारत के आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाय यह समझना जरूरी है कि टीबी के संक्रमण का शक या लक्षण प्रकट होते ही इसे चेक करवाएं और न केवल टीबी पैदा करने वालें कारकों अथवा 'रिस्क-फैक्टर्स' से दूर रहें बल्कि उन लोगों से भी जिनमें टीबी के प्रति बहुऔषधीय तीव्र अवरोध हो चुका है।

## भगत सिंह और उनके विचार



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 साल के भगत सिंह की पहचान सांडर्स वध या एसेंबली में बम फेंकने या एक क्रांतिकारी के रूप में करना कमतर है। भगत सिंह एक विचारक थे,दृष्टा थे,युग परिवर्तक थे। कभी मौका लगे तो भगत सिंह को पढ़िए। भगत सिंह को पढ़ेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उनका चिंतन और लेखन उनके कार्यकलापों से ज्यादा क्रांतिकारी था। भगत सिंह हिंदी उर्दू गुरुमुखी अंग्रेजी में समान पकड़ रखते थे।

मैंने भगत सिंह का लिखा लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' पढ़ा। आर्यसमाजी धार्मिक परिवार से होने के बाद भी वह नास्तिक क्यों हुए? उनके कई साथी धार्मिक थे। शचींद्र नाथ सान्याल ईश्वर को मानते तो नहीं थे,लेकिन उसके अस्तित्व को नकारने का उनमें साहस नहीं था। रामप्रसाद बिस्मिल कट्टर आर्यसमाजी थे। राजेन्द्र लाहिड़ी साम्यवादी के बावजूद उपनिषद और गीता का पाठ करते थे।

भगत सिंह शायद इसलिए नास्तिक हुए की आस्तिक प्रयास कम और ईश्वर पर निर्भर ज्यादा रहता है। अपने ऊपर हो रहे जुल्म को वह पूर्वजन्मों के पाप-पुण्य से जोड़ लेता है। भगत सिंह को पढ़िए अगर आप पढ़कर भगत सिंह जिंदाबाद बोलेंगे तो एक नई ऊर्जा आपके शरीर में प्रवाहित होगी। भगत सिंह के विचार हैं -'अध्ययन करो। स्वयं को विरोधियों के तर्कों का सामना करने लायक अध्ययन करो। अपनी बात के समर्थन में तर्कों से लैस होने के लिए अध्ययन करो। मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के आकर्षण से भरा हूं,लेकिन जरूरत के समय मैं सब कुछ त्याग सकता हूं। बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है। लोग स्थापित चीजों के आदी हो जाते हैं, इसलिए परिवर्तन के विचार से कांपते हैं। इस सुस्ती की भावना को क्रांतिकारी भावना द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। किसी ने सच ही कहा है कि सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं,युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।"

राम लहर, विकास व जातीय समीकरण पर टिकी विश्लेषकों की निगाह

पहले भी ऊर्जाभूमि की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर आगे बढ़ी थी राजनीति

जातीय सियासत में उलझे सपा-बसपा को फार्मूले से मिल चुकी है संजीवनी

# सोशल इंजीनियरिंग तय करेगी सत्ता और भावी सियासत की दिशा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या




**अमृत विचार :** अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग सत्ता व भावी सियासत की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग, विकास और जातीय समीकरण पर विश्लेषकों की निगाह टिकी है। ऊर्जाभूमि के सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर पहले भी राजनीति परवान चढ़ चुकी है। सपा-बसपा को भी यह फार्मूला संजीवनी दे चुका है।

अयोध्या सोशल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला है। समय-समय पर यहां प्रयोग होते रहते है। इनके जरिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने और सियासत को नई दिशा देने के प्रयास होते हैं। नब्बे के दशक में आंदोलन की पृष्ठभूमि इसकी शुरूआत है। विहिप की अगुवाई में संघ परिवार के मंदिर आंदोलन को समर्थन देकर भाजपा ने इसकी शुरूआत की। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जातीय बंधन टूट गए। राम के नाम जागरण हुआ। भाजपा को सन 1989 के चुनाव में इसका सीधा लाभ मिला। दो से 85 सीटों तक पहुंच गई। इसकी तासीर को देख आंदोलन को आगे बढ़ाया। नब्बे में ढांचा विध्वंस के बाद आक्रोश, संवेदना और आस्था की मिश्रित परिणति वोट के रूप में बदली तो सियासत की तस्वीर भी बदल गई। लगातार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव दर चुनाव भाजपा के आंकडे बढ़ते गए। 91 में 120, 96 में 161, 99 के चुनाव में 182 तक पहुंच भाजपा संसद के दरवाजे पर दस्तक देने लगी, लेकिन यह वह दौर था जब खासतौर से उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों को तेजी से उभार दिया गया। ऊर्जाभूमि अयोध्या में एक और सोशल इंजीनियरिंग साथ शुरू कर दी गई थी।

सन् 1995 में अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद जिला )से अलग हुए अंबेडकरनगर में बसपा ने नई जातीय सियासत की सोशल इंजीनियरिंग शुरू कर दी। अगड़ों के खिलाफ सन् 1996 के विधानसभा चुनाव में यहां विधानसभा की कई सीटें जीत भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग को पलीता लगा दिया। सन् 1998, 99 के चुनाव में स्वयं बसपा प्रमुख मायावती यहां से सांसद बन गई। सन 2004 लोकसभा चुनाव आते-आते यह फार्मूला परवान चढ़ा और बसपा ने इसी फार्मूले से उत्तर प्रदेश से अपने 18 सांसदों को संसद भेज दिया। स्वयं बसपा प्रमुख इसमें शामिल रहीं। भाजपा को प्रदेश से देश तक झटका लगा। उसके सांसदों का आंकड़ा 138 पर सिमट गया। दूसरी ओर दूसरो की बैसाखी के सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाली सपा ने भी जातीय सियासत को लेकर कदम ताल तेज कर दी। पांच दिसंबर 1989 से 24जनवरी 1991 तक और पांच दिसंबर 1993 से तीन जून 1996 तक मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव भी इसे हवा देने में पीछे नहीं रहे। आंदोलन का विरोध और सभी जातियों की सियासत की। पश्चिम के साथ पूर्वांचल की सीटों पर बढ़त बनाई। 29 अगस्त 2003 से 11 मई 2007 तक मुख्यमंत्री रहे।

जातीय सियासत के सोशल इंजीनियरिंग की गणित बसपा की समझ में आई तो इस दौरान बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुजन हिताय के स्थान पर सर्वजन हिताय का नारा देकर ब्राह्मणों सहित अगड़ों को जोड़ा और 2007 में सत्तासीन हो गई। यही प्रयोग करके सपा 2012 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। भाजपा 2009 लोकसभा चुनाव में अपने सबसे खराब प्रदर्शन 116 तक पहुंच गई। विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद, राम मंदिर, गुजरात के सीएम मोदी का करिश्माई नेतृत्व में सियासत ने फिर करवट ली। प्रदेश के 80 में से 73 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। अयोध्या विवाद के फैसले की पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता के उफान और विकास पर लड़े गए 2019 चुनाव में भाजपा की बढ़त और बढ़ गई।



अब 2024 लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। 80 सीटों वाले प्रदेश पर सभी दलों की निगाह है। चुनाव विश्लेषकों की निगाह सोशल इंजीनियरिंग से उत्पन्न लहर, विकास व जातीय समीकरण के पर टिकी हैं। अचानक सामने आए चुनावी बांड के साथ कांग्रेस उठाए जा रहे दूसरे मुददों की तासीर नाप रहे हैं।

भाजपा ने नब्बे के दशक की तरह एक बार फिर अयोध्या से सोशल इंजीनियंरिंग के फार्मूले को धार दी है। यह राम मंदिर पर फैसले के साथ शुरू हो गई थी। लेकिन 2023 से जनवरी 2024 तक शीर्ष पर रहा। पीएम मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा में इसे शीर्ष पर रखा। श्रीराम के बहाने जातीय समरसता बढ़ाने, उत्तर दक्षिण का भेद पाटने, विकास की संभावना के जरिए सियासत को परवान चढ़ाने को मजबूत सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है। गौर करें तो साफ दिखेगा। अयोध्या दौरे पर निषाद समुदाय के रवींद्र माझी और मीरा मांझी के घर जाकर चाय पीना, उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करके एक संदेश देने की कोशिश की। रामायण की रचना करने वाले दलित समुदाय से आने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण, निषाद राज के नाम पर अतिथि गृह, माता शबरी के नाम पर भोजनालय कहने और सुनने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन इनमें बड़ा सियासी संदेश छिपा है। यह एक स्टैटजी थी। यूपी के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी स्वयं ओबीसी से आते हैं। वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका मे रहे। राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल रहे कामेश्वर चौपाल को श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में रखा गया। श्रीराम मंदिर में पुजारियों के चयन में सभी वर्गों के लोगों का शामिल करने की सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा संकेत रहा। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी, देवी अहिल्या के मंदिरों के निर्माण के जरिए जातीय समरसता का संदेश देने की कोशिश की गई। दूसरे प्रांतों के श्रद्धालुओं को राम दर्शन के जरिए देश में सोशल इंजीनियरिंग प्रभावी करने की कोशिश की गई। भाजपा के विकास मॉडल, लंबी चली सोशल इंजीनियरिंग, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चुनावी बांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमले, सपा-बसपा की जातीय सियासत अब लोक सभा चुनाव में कसौटी पर है। अयोध्या एपीसोड और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी श्रद्धा इसकी अंर्तधारा में है। जनता इन पर फैसला करेगी। इसी के आधार पर सत्ता के साथ सिसायत की भावी दिशा तय होगी।



## चुनाव कमाल का...

- 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई। सोनिया गांधी के पीएम बनने से इंकार के बाद मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2009 के 15वें आम चुनाव में कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के खाते में सिर्फ 116 सीटें ही आई। एनडीए फिर से सरकार बनाने में विफल रही। कांग्रेस ने यूपी में 21 सीटें जीतीं जबकि भाजपा के खाते में इस सूबे से सिर्फ 10 सीटें ही आई।
- 2014 में हुए देश के 16वें आम चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ था कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।
- 2014 में एनडीए ने कुल 336 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी, जिनमें से 282 सीटें अकेले भारतीय जनता पार्टी की थी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव शर्मनाक प्रदर्शन वाला रहा। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई।
- 1984 में जहां कांग्रेस ने बहुमत की सरकार बनाई थी, वहीं 2014 में भाजपा ने अपने दम पर सरकार बनाई।
- 2014 के आम चुनाव में जहां मोदी लहर दिखी थी, तो वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी का माहौल बना। 2014 में 44 सीटें लाने वाली कांग्रेस कुछ ही सीटों का इजाफा कर सकी और 52 पर ही पहुंच सकी। शर्मनाक बात यह रही कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

## चुनावी तीर



टिकट बेचने के आदी लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं और उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं में काबिलियत क्यों नहीं दिखती है?

**-सम्राट चौधरी,** उपमुख्यमंत्री बिहार



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि वह अपने विरोधियों से राजनीतिक रूप से मुकाबला करें। उन्हें गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता के गुस्से का डर है। यही कारण है कि उनकी सरकार विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, खासकर ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

**डी राजा,** महासचिव भाकपा

# चुनावी चंदे का खेल देख चौंधिया गई जनता की आंखें

● 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति गरीब पाई-पाई को मोहताज

● महंगाई बढ़ने का मूल कारण है राजनीतिक दलों का खेल

● सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनावी चंदे के खुलासा होते ही आम जनता की आंखें चौंधिया गई हैं। पर्दे के पीछे राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का खेल लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले उद्योगपति किस तरह लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी अब सामने आ गया है। नामांकन शुरू होने के साथ ही जो शपथ पत्र दाखिल होगा तो आपको यह भी पता चलेगा कि आपके क्षेत्र के संसद ने पिछले 5 सालों में किस तरह अकूत संपत्ति अर्जित की।

गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ चलने वाले सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं। शायद यही कारण था कि पिछले लोकसभा चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई लेकिन राजनीतिज्ञों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

चुनाव आयोग ने सांसद के लिए चुनाव के दौरान खर्च की सीमा 90 लाख रुपए तय कर रखी है। लेकिन सभी लोग जानते हैं कि लेकिन इससे कई गुना रकम प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खर्च की जाती है। वह जमाने गए जब प्रत्याशी साइकिल और मोटरसाइकिल से प्रचार करते थे। एक-एक रुपए चंदा मांग कर चुनाव लड़ते थे। अब नेताओं के साथ लग्जरी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। प्रत्याशी सत्तारूढ़ दल से है तो पुलिस और अधिकारी भी उनकी चेकिंग और तलाशी से बचते हैं। चुनाव अधिक धनराशि और शराब जैसी प्रलोभन वाली चीजें जब्त करने के निर्देश हैं। अधिकारी डाल-डाल तो प्रत्याशी पात-पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हर दिन नए



सिस्टम ईजाद कर रहे हैं। शराब सीधे बांटने की वजह जिन लोगों को दिया जाना है उन्हें पर्ची थमा दी जाती है जिसका उपयोग कर वे सीधे शराब के ठेके से शराब प्राप्त कर लेते हैं। यह धन-बल के बढ़ते इस्तेमाल का एक और तरीका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच बांटने के लिए लाई गई करीब 12 सौ करोड़ रुपये कीमत की वस्तुएं नकदी और शराब जब्त हुई थी।

2019 के चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त की गई थी। 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई थी। यह 2014 के मुकाबले 2248 करोड़ अधिक था। सूत्रों के माने तो जब्त की गई यह राशि चुनावों में चोरी-छुपे खर्च होने वाली राशि का एक छोटा हिस्सा मात्र है। बाकी राशि तो जब्त ही नहीं हो पाती है। आयोग का मानना है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि धनबल की जगह चुनाव में सभी के लिए एक समान अवसर उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव में धनबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए आयोग ने इस बार भी इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशन में केंद्र और राज्य की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। खुफिया जानकारी भी साझा की जाती है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक नई लोकसभा के कुल 475 सदस्य 'करोड़पति' हैं। भाजपा के 301सांसदों में से 265 करोड़पति हैं। जिनका जिक्र उनके शपथपत्र में ही है।

शिवसेना के सभी 18 विजेताओं के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कांग्रेसियों के 51 में से 43 सांसद करोड़पति हैं। द्रमुक के 23 सांसदों में से 22 (96 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 22 में से 20 (91 प्रतिशत) और वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसदों में से 19 (86 प्रतिशत) की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है। यह वह रकम नहीं है। जिन्हें उन्होंने अपने वेतन से पाई-पाई कर जोड़ा है। बल्कि उनकी आमदनी से भी कहीं अधिक है। सांसदों की संपत्ति के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं। उससे कहीं अधिक संपत्ति के वे मालिक हैं। बेनामी संपत्तियां होने के संभावनाओं से भी जानकारी इनकार नहीं करते। शायद यही कारण है कि देश में महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम जनता सरकार के मुफ्त राशन पर किसी तरह दिन कट रही है। गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। अमीरों की संपदा बढ़ती जा रही है।

# 2019 में लड़े थे दो वरुण गांधी, एक के सिर सजा ताज दूसरे की जमानत जब्त

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे दूसरे वरुण गांधी को मिले थे 4483 वोट
- कुल 13 प्रत्याशी थे मैदान में 11 उम्मीदवार पांच हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए
- कांग्रेस-शिवसेना समेत 10 प्रत्याशियों को पिछड़ा था

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि अभी बसपा छोड़ किसी अन्य राजनीतिक दल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच बीते चुनावों के रोचक किस्सों की यादें जरूर ताजा हो रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे रोचक बात ये रही कि दो-दो वरुण गांधी चुनाव मैदान में थे। एक के सिर जीत का ताज सजा और दूसरे की जमानत जब्त हो गई थी।

### 9,973 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहा था नोटा

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। जबकि सपा के हेमराज वर्मा दूसरे नंबर पर आए थे। अन्य 11 प्रत्याशियों की स्थिति तो दौड़ में ही नहीं रही। ये 11 प्रत्याशी जहां पांच हजार वोट तक नहीं हासिल कर सके थे। वहीं नोटा इन सबसे ऊपर तीसरे नंबर पर जगह बना गया था। इस चुनाव में नोटा पर 9973 वोट पड़ा था। 11 प्रत्याशियों में सर्वाधिक वोट पाने वाले निर्दलीय वरुण गांधी के वोटों से दोगुना से भी अधिक था।

पीलीभीत




लोकसभा चुनाव 2019 में पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। भाजपा से वरुण गांधी ने 704549 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी हेमराज वर्मा 448922 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। अन्य कोई प्रत्याशी पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका था। इस चुनाव में भाजपा के वरुण गांधी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी वरुण गांधी नाम का प्रत्याशी मैदान में था। उसको 4483 वोट मिले थे। खास बात ये रही थी कि दूसरे वरुण गांधी के बारे में मतदाताओं को कोई जानकारी तक नहीं थी।

किसी तरह का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ था। मगर जमानत जब्त वाले अन्य प्रत्याशियों से अधिक वोट हासिल कर लिया। कांग्रेस, शिवसेना समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी उससे कम वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के सुरेंद्र कुमार गुप्ता को 4442, शिवसेना की अनीता त्रिपाठी को 3974, निर्दलीय मुनेश सिंह को 2129, जाफरी बेगम को 1633, जेडीयू से डा. भरत को 1624, पीएसपीएल (प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया) के मोहम्मद हनीफ को 1276, एसबीडीयू के डा.सीताराम राजपूत को 1098, निर्दलीय कैफ रजा खान को 926, उर्वशी सिंह को 864, एनपी के प्रत्याशी संजय कुमार भारती को 696 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी और सपा के हेमराज वर्मा के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

मीरा कुमार, राम विलास पासवान और मायावती लड़ चुके हैं यहां से चुनाव, सपा ने सामान्य सीट के बावजूद अनुसूचित जाति का प्रत्याशी उतारा है मैदान में

# ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण तय करेगा बिजनौर का रण

● चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिजनौर सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें बिजनौर, चांदपुर, पुरकाजी, हस्तिनापुर और मीरापुर शामिल हैं। इनमें पुरकाजी और मीरापुर सीट मुजफ्फर नगर तो हस्तिनापुर सीट मेरठ जिले में आती है। पिछले 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन और जाट-मुस्लिम वोटों के गठजोड़ की बदौलत यह सीट भाजपा से झटक ली थी। बसपा के मलूक नागर ने भाजपा प्रत्याशी राजा भारतेंद्र सिंह 69,941 मतों से हरा दिया था। इस बार तीनों दल भाजपा, सपा और बसपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं और जातीय समीकरणों को देखते हुए मुकाबला एक बार फिर रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राम विलास पासवान, बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार चुनाव लड़ चुकी हैं। साल 2014 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यहां से राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन चौथे नंबर पर रही थीं। इस बार के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद ने मीरापुर के मौजूदा विधायक और पूर्व सांसद संजय चौहान के 28 वर्षीय बेटे चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चंदन गुर्जर बिरादरी से आते हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चंदन को हाल ही में पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उधर, बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ही लोकदल से इस्तीफा दिया था। लेकिन सबसे चौंकाने वाला फैसला सपा ने लिया है। पार्टी ने सामान्य सीट होने के बावजूद अनुसूचित समाज के यशवीर सिंह धोबी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यशवीर सिंह बगल की नगीना सीट पर सपा से सांसद रह चुके हैं। यशवीर सिंह 2009 में सपा से नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा के डॉ. यशवंत सिंह से चुनाव हार गए थे। बिजनौर सीट से 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेन्दु सिंह चुनाव जीते थे। उन्होंने सपा के शाहनवाज को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2014 में यहां बसपा तीसरे नंबर रालोद चौथे नंबर पर रही थी। बिजनौर लोकसभा का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद चुनाव में भाजपा और रालोद का गठबंधन हुआ। रालोद के संजय सिंह चौहान ने बसपा के शाहिद को हराकर जीत हासिल की। 2019 में बसपा के मालूक नागर चुनाव जीते। भाजपा के भारतेंद्र सिंह 4,91,104 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

### 1985 में मीरा कुमार, रामविलास और मायावती के बीच हुआ था मुकाबला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी राजनीति की शुरूआत यहीं से चुनाव लड़कर की थी। वर्ष 1985 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से मीरा कुमार चुनावी मैदान में उतरीं और पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी थीं। वह तीसरे नंबर पर रहीं, लेकिन 66 हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंका दिया। इसके बाद 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती को जीत हासिल हुई और वह पहली बार बिजनौर सीट से सांसद बनीं।

**बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में विधान सभा सीटों पर कब्जा**

| विधान सभा | विधायक | दल |
|---|---|---|
| पुरकाजी (सु) | अनिल कुमार | रालोद |
| मीरापुर | चंदन चौहान | रालोद |
| बिजनौर (सु) | मौसम चौधरी | भाजपा |
| चांदपुर | स्वामी ओमवेश | सपा |
| हस्तिनापुर (सु) | दिनेश खटीक | भाजपा |

**बिजनौर लोकसभा सीट कब कौन जीता**

| वर्ष | विजेता | दल |
|---|---|---|
| 2019 | मलूक सिंह नागर | बसपा |
| 2014 | भारतेंद्र सिंह | भाजपा |
| 2009 | संजय सिंह चौहान | रालोद |
| 2004 | मुंशीराम सिंह | रालोद |
| 1999 | शीशराम सिंह रवि | भाजपा |

### मुस्लिम-दलित मतदाता 60 फीसदी का वोट निर्णायक

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 8 लाख 77 हजार से ज्यादा तो महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 93 हजार से अधिक है। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां साढ़े पांच लाख के आसपास मुस्लिम मतदाता हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख के करीब हैं। जाट मतदाता दो लाख के आसपास और गुर्जर वोट एक लाख तक गिने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 60 हजार मानी जाती है।

**2019** में सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने भाजपा से छीन ली थी यह सीट

**2004** और 2009 के चुनाव में यहां से रालोद फहरा चुका है जीत का परचम

## क्या होता है चैलेंज वोट

- मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट की आपत्ति के बाद चुनाव आयोग 2 रूपए फीस लेकर यह फैसला करता है कि मतदाता असली है या फिर फर्जी। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट व मतदाता की सुनवाई के बाद करते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मतदान अभिकर्ता मतदान करने आए व्यक्ति पर यह आरोप लगता है कि संबंधित मतदाता फर्जी है। जब मतदाता और अभिकर्ता दोनों अपनी बात पर अड़ जाते हैं। तब ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। ऐसे विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। यदि यह साबित हो जाता है कि मतदाता असली है। तभी संबंधित मतदाता को मतदान का अवसर दिया जाता है। इसके बाद मतदान अभिकर्ता द्वारा जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर ली जाती है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है।

# अहम होंगी महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाएं

## त्योहारी सिलेंडर, रिफाइंड, चना, रक्षाबंधन में मुफ्त परिवहन व लखपति दीदी के भरोसे भाजपा



- पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लाडली योजना की तरह ही उप्र. में भाजपा ''मिशन शक्ति'' (महिला सशक्तिकरण) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) आदि योजनाएं भाजपा के मिशन 80 में सहायक बनेंगी। सुरक्षा व्यवस्था हो या प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला, सात करोड़ 15 लाख महिला मतदाताओं वाले प्रदेश में महिलाओं के लिए फायदेमंद योजनाओं को नजर अंदाज करना विपक्षी दलों को भारी पड़ सकता है।

गत वर्ष मध्य प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में महिलाओं की खासी भूमिका निभाई थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनाव परिणाम में लाडली योजना के साकारात्मक प्रभाव को मान चुके हैं। उसी तरह उप्र. में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कई तरह की योजनाएं केन्द्र सरकार के अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का भी असर लोकसभा चुनाव के परिणामों में मिलने के आसाद दिख रहे हैं। रक्षा बंधन में मुफ्त बस सेवा, हर माह मुफ्त में मिलने वाला राशन, त्यौहार पर मिलने वाले रिफाइंड ,चना व नमक से अधिकांश महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं। साथ ही बेटियों का जन्म, शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं प्रदेश में चल रहीं हैं।

कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के चलते महिलाएं अब बिना भय के जीवनयापन कर पा रही हैं। राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 32.10 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

### मतदाताओं को रिझाने को महिला प्रकोष्ठ सक्रिय

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का कहना है कि महिला मतदाताओं को पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा मोर्चा के विभिन्न संगठनों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिस पर होली बाद अमल शुरू हो जायेगी। भाजपा की महिला मोर्चा की लखनऊ अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण, आदि तमाम योजनाएं हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, उन्हें भाजपा से बहुत उम्मीदें हैं,इसलिए खुद भी भाजपा के लिए आगे आ रहीं हैं। महिलाओं की राजनीतिक में बढ़ती रुचि से साफ संकेत हैं कि महिलाएं निर्णायक वोट बैंक के तौर पर उभर रही हैं।



इतना ही नहीं, प्रदेश में रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब परिवारों से भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रही है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरियता दी गई है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपये प्रति जोड़े पर खर्च किया जा रहा है। हर निराश्रित महिला को एक हजार रुपए हर माह पेंशन मिल रही है। प्रदेश में तमाम योजनाएं सचालित हो रही हैं, किसी न किसी से महिलाएं जुड़ रहीं हैं। राज्य में 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा चुका है। बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना से सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा है।

# राजा दिनेश से परामर्श लेते थे अटल बिहारी

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

- आरपी सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जनपद में कालाकांकर राजघराने के राजा दिनेश सिंह का नाम आज भी गर्व से लिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में पहचान दिलाई थी। यही नहीं उनसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने विदेश नीति का परामर्श लिया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार निवार्चित होने का रिकार्ड भी राजा दिनेश सिंह के नाम है।

राजा दिनेश सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सलाहकार के तौर पर राजनीतिक पारी शुरू की थी। चार बार सांसद निर्वाचित हुए दिनेश सिंह को विदेश,उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली।



राजा दिनेश।



स्व. अटल बिहारी बाजपेयी

नरसिम्हाराव की सरकार तक में केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी सियासी करियर उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री बने तो शपथ लेने के बाद वह राजा दिनेश सिंह के पास गए और विदेश नीति के बारे में परामर्श लिया। यूं तो राजा दिनेश नेहरू और गांधी परिवार के खास थे, लेकिन दौर ऐसा भी रहा जब उन्होंने इंदिरा गांधी का साथ छोड़ दिया था। हालांकि दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद निर्वाचित हुईंलेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। 1962 और 1980 के चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए,लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

# चूड़ी-बिंदी और साड़ी से छुए थे महिलाओं के मन के तार

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनने का गौरव किया था हासिल
- महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं शीला दीक्षित, जिले में कांग्रेस को किया था मजबूत

- अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार :** कभी महिलाओं को घर की दहलीज पार कर वोट डालने की इजाजत नहीं थी। मतदान करने के लिए परिवार के मुखिया की सहमति जरूरी होती थी। यह वजह थी कि उस दौर में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम होता था। शीला दीक्षित पहली प्रत्याशी थीं, जिनके लिए महिलाओं ने घर की दहलीज को लांघा और मतदान केंद्र तक जाकर वोट की चोट की। शायद यही वजह रही कि उनकी भारी मतों से जीत हुई और कन्नौज सीट से पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

बात 1984 के लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस ने उन्नाव जनपद की रहने वालीं शीला दीक्षित को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतार दिया। उन्होंने पुराने कांग्रेसी नेताओं से संपर्क किया और उनके घर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। पहली बार किसी ने घर के अंदर दस्तक दी और महिलाओं की मन की बात सुनी। जल्द ही वह महिलाओं में लोकप्रिय हो गईं। वह जिस गांव में जातीं तो वहां महिलाओं से जरूर बात करतीं। वरना अब तक तो प्रत्याशी परिवार के मुखिया से ही वोट मांगकर दरवाजे से ही चले जाते थे। उन्होंने महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी बांटकर एक नई परंपरा का आगाज किया। हालांकि, उस समय चुनाव आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। चूड़ी, साड़ी और बिंदी पर कांग्रेस का चुनाव-चिन्ह हाथ का पंजा छपा रहता था। इस चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और शीला दीक्षित भारी मतों से जीतीं।



"सांसद शीला दीक्षित असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका अप्रतिम योगदान था और उन्होंने कांग्रेस संगठन को भी मजबूत किया था। भले ही कन्नौज जिला 1997 में घोषित किया गया हो, लेकिन उसके विकास की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए भी कभी कन्नौज और यहां के लोगों को विस्मृत नहीं किया था।

-संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, पूर्व विधायक (कांग्रेस)

### कन्नौज में बहाई थी विकास की गंगा

शीला दीक्षित 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। इस दौरान उन्होंने कन्नौज में विकास की गंगा बहाई। कन्नौज से हरदोई जाने के लिए महादेवी घाट पर पुल का निर्माण कराया तो इत्र उद्योग को तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीन सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) की स्थापना कराई। जिले में लाख-बहोसी पक्षी विहार बनवाया तो कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक विकास केंद्रों का निर्माण अपनी सांसद निधि से कराया था।

# गोंडा की सियासी पिच पर कभी नहीं जीती बसपा

- अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** कभी अपने चरम पर रही बसपा गोंडा संसदीय सीट को फतह नहीं कर सकी। बसपा अपने कैडर वोट के बलबूते दूसरे का खेल बिगाड़ती रही, लेकिन स्वयं के उम्मीदवार को जीत का सेहरा नहीं पहना सकी। एक बार बसपा उम्मीदवार दूसरे पायदान पर तो पहुंची, लेकिन अधिकांश बार उसका उम्मीदवार वह तीसरे व चौथे स्थान पर ही सिमट कर रह गया।

संसदीय इतिहास में गोंडा का सफरनामा बहुत ही रोचक रहा। कांग्रेस, बीएलडी, सपा, भाजपा को जीत का मौका मिला और गोंडा की रहनुमाई करने का अवसर भी लेकिन चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती की पार्टी का कोई भी उम्मीदवार जीत कर संसद की ड्योढ़ी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि बसपा का वोट प्रतिशत काफी बेहतर रहा लेकिन कैडर वोट व कुछ मुस्लिम वोट के अतिरिक्त अन्य वोट बसपा को बहुत कम ही मिले। यही कारण है के 1999 में बसपा ने अयोध्या नरेश पांडेय को चुनाव लड़ाया लेकिन वह जीत नहीं सके। 2004 में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला और संतराम तिवारी को मैदान में उतारा लेकिन वह भी चुनाव में जीत नहीं पाए। 2004 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कीर्तिवर्धन सिंह बसपा में शामिल हो गए और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव तो नहीं जीते पर लेकिन दूसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद वह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए। 2014 में पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे अकबर अहमद डंपी को चुनाव लड़ाया। अकबर अहमद डंपी चुनाव में तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से चुनाव जीत गए और सपा उम्मीदवार रहीं नंदिता शुक्ला दूसरे स्थान पर रहीं। अकबर अहमद डंपी को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2019 में गोंडा सीट सपा और बसपा के गठबंधन में हो गई और यहां से सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह मैदान में थे। लेकिन गठबंधन का भी लाभ नहीं मिला और गोंडा की सीट पर पुनः कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए।

### गठबंधन में भी सपा को ट्रांसफर नहीं हो पाया था कैडर वोट

राजनीति के जानकार एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि बसपा एक कैडर पार्टी है। उसके मतदाता सपा, कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कैडर वोट के भाजपा में जाने की अधिक उम्मीद है। वह कहते हैं कि कांग्रेस से ही टूट कर बसपा, सपा व अन्य दलों का उदय हुआ है।( भाजपा को छोड़कर)। बसपा ने अपने बूते पर पार्टी खड़ी की और कांशीराम से लेकर मायावती ने अपना एक कैडर बनाया। जब सवाल किया गया कि कांग्रेस, सपा भी दलित का मुद्दा उठाती है तो मिश्र ने कहा कि 2019 में बसपा व सपा का गठबंधन हुआ था। सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ था लेकिन बसपा का वोट सपा में नहीं गया। अब बात अलग जाने की है तो केवल भाजपा है जिसके प्रति मायावती का नरम रुख है। यदि बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करती है तो कैडर वोट उनके साथ जाएगा अन्यथा भाजपा की ओर जा सकता है।

- 2024 के भंवर में फंसी बसपा को नहीं मिल रहे खेवनहार



2019 में बसपा ने गठबंधन के कारण अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था लेकिन 2024 में भी बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का एक मजबूत कैडर वोट आज भी है। लेकिन किसी उम्मीदवार के न होने से कैडर मतदाता उदास जरूर हैं। इतना ही नहीं गोंडा से अभी तक किसी ऐसे व्यक्ति का नाम भी चर्चा में नहीं आया जिसने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की हो। इसलिए बसपा के वोटर भी खामोश हैं और पार्टी के नेता भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। बसपा को अब पार्टी की मुखिया के निर्णय का इंतजार है। वह अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर अन्य दलों को वॉक आउट दे देगी।

# ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है बसपा

- भाजपा और सपा ने घोषित कर दिए हैं उम्मीदवार
- सपा उम्मीदवार का टिकट बदलने के लग रहे कयास
- जिलाध्यक्ष बोले, जातिगत समीकरण का रखना पड़ता ध्यान

- विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड में हार का सूखा खत्म करने के लिए बसपा नेतृत्व सधी हुई चाल चल रहा है। वैसे तो बांदा- चित्रकूट सीट पर सपा ने शिव शंकर सिंह पटेल और भाजपा ने आरके पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा में उम्मीदवार बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट

पर चेहरे नहीं बदले तो बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी सवर्ण होगा। वह भी ब्राह्मण जाति से। इन सबके बीच भाजपा में भी बगावत के आसार लग रहे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। भैरों प्रसाद मिश्र 2014 में भाजपा से सांसद बने थे। तब उनके सामने बसपा से आरके सिंह पटेल उम्मीदवार थे। बाद में आरके पटेल भाजपा में आए और मानिकपुर से विधायक बने। 2019 में आरके पटेल ने लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ा और जीता था। टिकट कटने से भैरों प्रसाद मिश्र नाराज उसी समय हो गए थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार टिकट देगी पर आरके पटेल को ही टिकट मिल गया।

ऐसे में अब चर्चा है कि भैरों प्रसाद सपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और सपा शिव शंकर सिंह पटेल को हटाकर भैरों को टिकट दे सकती है। टिकट कटने की टीस भैरो प्रसाद को आज भी है और वे इस बात को स्वीकारते भी हैं। इस संबंध में जब उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि राजनीति में सभी विकल्प खुले रहते हैं। और सपा सबसे मजबूत विकल्प है। भैरों की बगावत चर्चाओं पर बसपा भी नजर रखे हुए है। भैरों अगर बागी होकर सपा के टिकट पर उतरते हैं तो बसपा अपनी रणनीति में पुनः बदलाव करेगी अन्यथा पार्टी किसी ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने को तैयार बैठी है। भैरों प्रसाद एक बार बसपा के टिकट पर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें लगभग 33 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था।





बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट कहते हैं कि जिले में कोई भी राजनीतिक दल चाहे जो भी कहे पर अंततः वह जातिगत आधार पर टिकट वितरण करता है। जिले की राजनीति में जाति के दखल से कोई इन्कार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवार तय तो कर दिए हैं पर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है। रोज नई बात सामने आती है।

इसी वजह से बसपा अपने प्रत्याशी सामने नहीं ला रही। हालांकि सब कुछ तय है। जब उनसे पूछा गया कि किस किस नेता ने प्रत्याशिता की है, शिवबाबू बोले, बसपा में अन्य दलों से ज्यादा अनुशासन है। ऐसे में वह नाम नहीं बता सकते। बोले, हां इतना जरूर है कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के नामों में बदलाव न हुआ तो हम ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि बांदा-चित्रकूट सीट के लिए कुल पांच प्रत्याशियों के नाम आलाकमान के पास भेजे गए हैं। इनमें बांदा और चित्रकूट से दो-दो नाम ब्राह्मण समाज के और बांदा से ही एक नाम कुशवाहा समाज का है। बड़ी बड़ी बातें चाहे जो कोई करे पर सभी पार्टियां जातीय समीकरण देखकर ही अपना प्रत्याशी तय करती हैं।

## दोपहर में दो बजे होनी थी चुनावी सभा सुबह चार बजे पहुंची थीं इंदिरा गांधी, जनवरी में कड़ाके की ठंड और आग के सहारे इंतजार करते इंदिरा समर्थक

# ...जब इंदिरा गांधी का रात भर इंतजार करते रहे लोग

- प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** बदायूं के लोग 1971 के लोकसभा चुनाव में जनवरी की भीषण ठंड और कोहरे में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रात भर खुले आसमान के नीचे इंतजार करते रहे। वह सुबह 4 बजे सभा स्थल पर पहुंचीं और लोगों से माफी मांगी। कहा कि सत्ता में लौटीं तो जिले का चहुंमुखी विकास होगा। वह सत्ता में आईं लेकिन उनके वादे के मुताबिक विकास बदायूं नहीं पहुंचा। बहरहाल 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी करन सिंह थे। उन्हें 90 हजार से अधिक वोट मिले थे।

साल 1971 में लोकसभा भंग होने के बाद चुनाव हुए थे। दिसंबर और जनवरी की भीषण ठंड में इंदिरा गांधी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए निकली थीं। जनवरी के प्रथम सप्ताह में शहर के इस्लामिया इंटर कॉलेज में दोपहर दो बजे उन्हें चुनावी सभा को संबोधित करना थी। इस्लामिया मैदान में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी करन सिंह और कार्यकर्ताओं ने बांस बल्ली लगाई थीं।

मंच का संचालन कर रहे तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर माइक पर जोर से चिल्ला रहे थे कि इंदिरा जी थोडी देर में यहां आने वाली है। उस दिन भीषण ठंड पड़ रही थी और हल्की बारिश भी हो रही थी। शाम हो गई, फिर रात भी होने लगी। राजेंद्र सिंह राठौर का आश्वासन पूरा ही नहीं हो पा रहा था। ठंड से बचने के लिए लोगों ने मैदान में लगी बल्लियों को जलाकर तापना शुरू कर दिया। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ता अलाव जलाने के लिए लकड़ियां और उपले ला रहे थे लेकिन उससे काम नहीं चल रहा था। भीषण ठंड के बीच जनता का धैर्य जवाब दे रहा था।



मंच से जनता को संबोधित करतीं इंदिरा गांधी

**1971** के बाद 1977 में चुनाव हुए। उस चुनाव में भी करन सिंह यादव कांग्रेस से प्रत्याशी रहे। परंतु वह चुनाव हार गए। उन्हें बीएलडी के प्रत्याशी ओंकार सिंह से हार का सामना करना पड़ा।

**1980** में बदायूं लोकसभा सीट से कांग्रेस के मोहम्मद असरार अहमद और उनके बाद 1984 में सलीम इकबाल शेरवानी ने चुनाव जीता, फिर वापसी नहीं हुई।



जानकारी देतीं पूर्व सांसद करन सिंह की पत्नी प्रेमलता यादव और जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह।

### सुबह चार बजे शुरु हो पाई सभा

करन सिंह की पत्नी प्रेम लता यादव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े तीन बजे कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने घोषणा की कि इंदिरा गांधी नगर में आ चुकी हैं। कुछ ही देर में वह सभा स्थल पर पहुंच जाएंगी। करीब आधा घंटे बाद वह सभा स्थल पर पहुंची। उन्होंने लोगों से देर से आने पर माफी मांगी और कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो बदायूं के विकास के लिए बहुत कुछ करेंगी। उनकी बात पर विश्वास कर बदायूं की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी करन सिंह को जिता दिया। देश में इंदिरा जी की सरकार बनी।

# शरीयत व्यक्तिगत विषय, संविधान से ऊपर नहीं: योगी

## मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है सरकार, भारत की मूल आत्मा हिन्दू, सम्मान से समझौता नहीं कर सकते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरियत व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। राज्य सरकार मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है। हमें वैज्ञानिक, इंजीनियर, स्किल मैनपावॅर चाहिए। शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को एकरूपता देना हमारी प्राथमिकता है।

हाईकोर्ट की ओर से मदरसों को असंवैधिनक करार देने के आदेश के बाद मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया एक निजी चैनल से बातचीत में शनिवार को सामने आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यहां की जनता को दिया जाना चाहिए। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया उप्र देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है।

### कानून का राज स्थापित करने के लिए हुई बदायूं की कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताते हुए कहा कि बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। बदायूं एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा।

### हिन्दू भारत की मूल आत्मा है

योगी ने कहा कि कहा कि हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। देश की सुरक्षा और हिन्दू आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

### आजम के कर्मों के कारण न्यायालय से मिली है सजा

पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सख्त कार्रवाई की गई है। जो युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आजम खां के मामले में कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है।

### भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है सीएए



मुख्यमंत्री योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासनाविधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था। अगर कोई हिंसा का रास्ता अख्तियार करता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है।

### राहुल व प्रियंका में उप्र आने का साहस नहीं: योगी

योगी ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर कहा कि ये पहले भी हो चुका है। इन्हें प्रदेश की जनता ने अच्छे ढंग से सबक सिखा दिया था। यही कारण है कि राहुल और प्रियंका उप्र में आने का साहस नहीं दिखा पा रहे। झूठे वादे करके प्रदेश की जनता की आखों में धूल नहीं झोंक सकते।

## होली के मौके पर होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**लखनऊ, अमृत विचार :** होली के मौके पर प्रदेश के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने इस सिलसिले में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश में अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी लोगों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। बिजली वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहार पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कहा गया है। होली के बाद भी प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## सार-संक्षेप

### प्रतापगढ़ में नाबालिग बेटा निकला पिता का कातिल

**प्रतापगढ़, एजेंसी :** जिले के कोतवाली पट्टी क्षेत्र में पिछली 21 मार्च को फर्नीचर कारोबारी की हत्या का खुलासा करते हुये पुलिस ने उसके नाबालिग पुत्र को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि फर्नीचर कारोबारी नईम की 21 मार्च की सुबह बाइक सवार तीन बदमाशों ने उस समय हत्या कर दी थी जब वह अपने पुत्र सैफ (17) को स्कूल छोड़ने स्कूल जा रहे थे। उन्होने बताया कि गलत संगत में पड़ कर नईम का बेटा सैफ आए दिन घर से समान और गहने चुराकर बेच देता था। इसके चलते नईम ने पुत्र सैफ को जेब खर्च देने से मना कर दिया था। इस खुन्नस में सैफ ने पिता की हत्या की सुपारी छह लाख में बदमाशों को दी जिसमे पेशगी के तौर पर एक लाख रुपये सैफ के मित्रों ने शूटरों को दिये थे। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को पियूष पाल उर्फ भानुपाल,, सुभम सोनी और प्रियांशु उर्फ गोलू के अलावा सैफ को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### मथुरा में मोनू पंडा निकलेगा होली की लपटों से

**मथुरा, एजेंसी :** जिले में खेली जाने वाली लट्ठमार होली से अलग कोसीकलां थाने के अन्तर्गत फालेन गांव में एक पंडा होली की लपटों एवं अंगारों के बीच से 24 मार्च को निकलेगा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस परंपरागत आयोजन के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं और एक चिकित्सक के साथ गांव में पंडे के होली से निकलने के दो घंटे बाद तक एक एम्बुलेंस खड़ी रहेगी। ब्रज की आध्यात्मिक श्रेष्ठता की कहानी प्रस्तुत करती इस होली में लगभग दस फुट ऊंची और आठ फुट व्यास की जलती होली से गांव का ही मोनू पंडा निकलेगा। गोपाल मन्दिर के महन्त 93 वर्षीय बालकदास ने बताया कि गांव में होली से निकलने वाले पंडों की परंपरा बहुत पुरानी है और इन्द्रजीत नामक पंडा तो लगातार नौ बार होली की लपटों से निकल चुका है जबकि मोनू चौथी बार निकलेगा। इस बार पंडा 24 मार्च को आधी रात बीतने के बाद तड़के तीन और चार बजे के बीच होली से निकलेगा। उन्होंने बताया मोनू गांव के प्रहलाद मन्दिर में वसंत पंचमी से ही तप कर रहा है तथा वह अन्न का परित्याग कर केवल फल ही ले रहा है और जमीन में ही सो रहा है तथा नित्य 12 से 15 घंटे तक तप कर रहा है। उनका कहना है कि इस गांव में भगवान विष्णु की कृपा बरसती है तभी पंडा अपार जनसमूह की उपस्थिति में आग से निकलता है।

### हेमा मालिनी ने मयूर नृत्य पर किया भावपूर्ण अभिनय



**मथुरा, एजेंसी :** सिने तारिका एवं मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के होली कार्यक्रम में मयुर नृत्य में भावपूर्ण अभिनय कर वातावरण को श्यामाश्याम मय बना दिया। उन्होंने जब फूलों की होली में श्यामाश्याम पर लगभग 05 मिनट तक फूलों की अनवरत वर्षा की तो वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कान्हा मोर बन आए में उनकी प्रस्तुति इतनी जीवन्त थी कि ऐसा लग रहा था कि मंच पर द्वापर उतर आया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रजवासियों की खुशहाली से भरी होली मनाने के लिए उन्हे शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को एक विकसित भारत बनाना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने अपने पिछले दो कार्यकाल में अनेक जनउपयोगी योजनाए भी चालू कराई है तथा जिनका लाभ जनता को भरपूर मिल रहा है। इस बार का पार्टी का लक्ष्य 400 पार का है इसलिए हर एक सीट पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मोदी के सपनों को साकार करने में मथुरा की सीट भी अति महत्वपूर्ण है। होली से पहले आयोजित इस कार्यक्रम में इस सिने तारिका के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई रही।

### मेरठ पुलिस ने पांच गांजा तस्कर पकड़ें

**मेरठ, एजेंसी :** पुलिस ने पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 67200 रुपये नकद के अलावा एक गाडी अर्टिगा भी बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि शनिवार को कंकरखेडा थाने की पुलिस ने शामली जिले के कैराना गांव के निवासी जन्नूर अहमद (45) को 11 किलोग्राम, आसिफ (मुजफ्फरनर नगर), मौ0 आलिम (शामली), खुर्रम (शामली) और रिजवान (मुजफ्फरनगर) को 10-10 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। सजवाण के अनुसार इस प्रकार कुल 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है जिसकी बाजार में कीमत करीब 50 लाख है। एसएसपी के मुताबिक बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाने में मामला पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### अभय के बाद मनोज पांडेय को भी वाई श्रेणी सुरक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सभा चुनाव में अचानक भाजपा के पाले में आने वाले सपा के विधायकों पर बीजेपी सरकार मेहरबान है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के वाई श्रेणी सुरक्षा प्रदान करने के बाद अब बाकी बागी नेताओं को भी वाई श्रेणी सुरक्षा देने का क्रम जारी है। शनिवार को ऊंचाहार (रायबरेली) के सपा विधायक मनोज पांडेय को भी वाई श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई। चर्चा है कि विधायक विनोद चतुर्वेदी और राकेश सिंह भी वाई श्रेणी सुरक्षा में रहेंगे। गौरतलब हो कि राज्य सभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के कई विधायकों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए बीजेपी के राज्यसभा उम्मीदवार को वोट दिया था। इसके बाद पार्टी उनपर तोहफो की बारिश कर रही है। बताया जा रहा है कि मनोज पांडेय को लोकसभा का टिकट भी दिया जा सकता है।

### कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ, अमृत विचार :** आगरा के प्रोफेसर (डॉ) सुनील बाबू चौधरी, रिटायर्ड बैंक मैनेजर केशव दयाल व ज्ञान सिंह शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अमरनाथ पासवान आदि नेता मौजूद रहे।

### राजभवन में एक घंटे बंद रही बिजली

**लखनऊ, अमृत विचार :** अर्थ आवर डे पर पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण के लिए शनिवार को राजभवन में एक घंटे गैर जरूरी बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक राजभवन में अंधेरा छाया रहा। राजभवन के अधिकारियों के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी राजभवन में वैश्विक अभियान में सहयोग किया गया।

### जनता चाहती थी कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन हो

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा है कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में है। जनता भी चाहती थी कि सपा और कांग्रेस पार्टी का गठबंधन हो। समाजवादियों की हमेशा कोशिश रही है सभी को साथ लेकर चलने की। गठबंधन बन गया है, लोकसभा चुनाव में भाजपा हारेगी। जनता भाजपा के घमंड का घड़ा फोड़ेगी। भाजपा देश में चार सौ सीटें हारेगी।

## रेल अधिकारियों व कर्मियों ने लगाया इंजन को धक्का

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**अमेठी, एजेंसी:** जिले के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया जब रेल पटरी का निरीक्षण करने आये अधिकारियों की डीपीसी ट्रेन (इंजनयुक्त कोच) अचानक खराब हो गयी और शंटिंग इंजन नहीं होने के कारण रेल कर्मचारियों को धक्का लगाकर उसे लूप लाइन पर ले जाना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया, जिसमें कुछ लोग डीपीसी ट्रेन को धक्का लगाते हुए दिख रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

रेलवे के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को रेलवे के कुछ अधिकारी पटरी का निरीक्षण करने के लिये डीपीसी ट्रेन में सुलतानपुर की ओर से अमेठी स्थित निहालगढ़ रेलवे स्टेशन की तरफ आ रहे थे, रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले ही अधिकारियों का यह इंजनयुक्त डिब्बा मुख्य लाइन पर अचानक खराब हो गया, तकनीशियन ने उसकी खराबी दूर करने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक चूंकि डीपीसी ट्रेन मुख्य लाइन पर खराब हुई थी इसलिये अन्य ट्रेनों के आवागमन में बाधा पैदा हुई। शंटिंग के लिये कोई इंजन नहीं मिल पाने के कारण रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों ने डीपीसी ट्रेन को मजबूरन धक्का लगाकर मुख्य लाइन से लूप लाइन पर पहुंचाया। इसी बीच, किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से फैल गया। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वायरल वीडियो डालते हुए लिखा कि रेल मंत्री को तुरंत बुलवाओ, उनसे भी धक्का लगवाओ।

लगता है भाजपा की डबल इंजन की सरकार में आज इलेक्टोरल बॉण्ड का ईंधन नहीं पड़ा तभी अमेठी के निहालगढ़ क्रॉसिंग पर लोग धक्का लगाने पर मजबूर हैं। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर यह वीडियो डाला और लिखा -वादा था बुलेट ट्रेन का, अब ट्रेन को भी धक्का देना पड़ रहा है। मोदी सरकार में हर सेक्टर तबाह हुआ है। रेलवे का काफी नुकसान हुआ है।

## दुकान से घर लौट रहे सर्राफ पिता-पुत्र से लाखों की लूट

**मथुरा, एजेंसी:** जिले में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गहनों की दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे सर्राफ पिता-पुत्र को मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने कथित तौर पर तमंचे की नोक पर लूट लिया। पुलिस के अनुसार लुटेरे वारदात के बाद अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि रिफाइनरी क्षेत्र की ब्रजरज धाम कॉलोनी निवासी बांकेलाल वर्मा क्षेत्र के तंतूरा गांव रोड पर मूलचंद ज्वैलर्स के नाम से सर्राफ की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वह अपने पुत्र सोनू के साथ जब स्कूटी से घर लौट रहे थे, तभी राधाकृष्ण गार्डन मैरिज होम के निकट हाईवे पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें तमंचा दिखाकर रोक लिया। प्रतिरोध पर बदमाशों ने तमंचे की बट से प्रहार किया और गोली मारने की धमकी दी। पिता-पुत्र ने वारदात के तुरंत बाद पुलिस को जानकारी दी। देर रात आगरा परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार ने भी घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसएसपी ने बताया कि लूटे गए माल में ढाई लाख की नकदी व कई लाख के जेवर शामिल है।

## मतदान से 5 दिन पूर्व जारी की जायेगी मतदाता सूचना पर्ची

राज्य ब्यूरो लखनऊ

**अमृत विचार:** मतदाताओं को मतदान से 5 दिन पूर्व मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। बीएलओ मतदाता या उनके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को सूचना पर्ची देंगे। प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पंजीकृत सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। इस मतदाता सूचना पर्ची में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम, मतदान की तारीख, क्यूआर कोड आदि का उल्लेख होगा। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा, बीएलओ का नाम, बीएलओ का सम्पर्क नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण व अन्य महत्वपूर्ण निर्देश का उल्लेख रहेगा। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम से मतदान करने के जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को उपलब्ध कराए गए ऐप सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, नो योर कैन्डिडेट, सी-विजिल आदि की जानकारी दी गई है।

### 317 स्टैटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए 317 स्टैटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं हैं। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 29,65,431 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक स्थानों से 18,15,006 व निजी स्थानों से 11,50,425 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने व अन्य मामलों में आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## बहू भी परिवार का अभिन्न अंग : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अनुकंपा नियुक्ति का मामला**



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले में विचार करते हुए कहा कि भारतीय समाज की रीति के अनुसार बहू को भी बेटी के समान माना जाता है, क्योंकि वह भी परिवार का अभिन्न अंग होती है। मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने का मुख्य उद्देश्य परिवार के एकमात्र कमाने वाले की मृत्यु के कारण परिवार को संकट और अभाव से राहत दिलाना है।

वर्तमान मामले में भी, एक असाधारण स्थिति पैदा हो गई है, जैसे कि याची का पति जीवित है, लेकिन उसकी विकलांगता 75% से अधिक है और वह कमाने/काम करने में असमर्थ है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974 की धारा 2 (सी) के तहत अर्थ के उदार निर्माण की आवश्यकता है। कोर्ट ने मामले की विशेष परिस्थितियों और इलाहाबाद निवासी याची के पति की विकलांगता को ध्यान में रखते हुए, रिट याचिका को स्वीकार करते हुए संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक), राज्य कर, प्रयागराज द्वारा पारित आदेश को रद कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने विभा तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका के अनुसार वर्ष 2022 में याची की सास की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम करते हुए सेवा काल के दौरान मृत्यु हो गई। अपनी मृत्यु के समय मृतका परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उनकी मृत्यु के बाद याची ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया, लेकिन विभाग ने उसके आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया कि बहू को उक्त नियमावली के तहत 'परिवार में शामिल नहीं किया गया है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट द्वारा पूर्व में पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा कि यह मनमाना है कि अपने माता-पिता के घर में विधवा बेटी अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र है, लेकिन अपने ससुराल में विधवा बहू इसके लिए पात्र नहीं है। अंत में कोर्ट ने विपक्षी को निर्देश दिया कि वह नियमावली के नियम 5 के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के लिए याची के मामले पर पुनर्विचार करें।

## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1.1. डुगडुगी 2. डंका, नगाड़ा 3. ढोल 4. किसी काम में हाथ डालना या लगाना 5. क्षति या हानि पहुंचाना 6. हिंसा।

4.1. जनता, जनसमूह 2. समाज में रहने वाले बहुसंख्यक लोग।

6. ठेलने की क्रिया या भाव।

9.1. पानी या किसी तरल पदार्थ को गिराना, उड़ेलना 2. किसी पिघली हुई धातु को सांचे में ढालकर कोई आकार देना

10.1. फ़ौज से संबद्ध, लशकर संबंधी 2. सेना या लशकर में कार्यरत 3. जलयान पर काम करने वाले।

**ऊपर से नीचे**

1.1. ऋण या कर्ज़ चुकाने की क्रिया या भाव 2. पाटने की क्रिया या भाव।

2.1. भुजबल, शारीरिक बल 2. पराक्रम, वीरता।

3.1. भौंरे की गुंजन या आवाज़ 2. मंद ध्वनि, भनभनाहट।

5. किसी दल या पार्टी का मुखिया।

7. वह स्थान जहां सशुल्क ठहरने की व्यवस्था होती है

8.1. पेड़-पौधे आदि में फूल लगना या आना 2. कली का विकसित होना



### वर्ग पहेली-18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | मि | ति | ■ | 2 झ | ■ | 3 ओ |
| व | ■ | ■ | 4 ख | ड़ | ख | ड़ |
| न | ■ | 5 वै | ग | न | ■ | चा |
| त | ■ | ■ | वा | ■ | 6 अं | ■ |
| ■ | 7 पि | प | र | मिं | ट | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | शं | ■ |
| 8 ऐ | न | ■ | 9 द | प | ट | ना |

## सुडोकू-98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

### सुडोकू-97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 09.54 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**- छोटी होली, होलिका दहन।
**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 07.34 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज किसी अच्छे और जन-कल्याण के कारण स्वयं पर गर्व की अनुभूति भी होगी। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आपका मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंधों में विवाद होने की आशंका है। गैस और जलन के कारण आपको समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण आपकी निद्रा खराब हो सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय होने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से आपको प्रसन्नता होगी। दोस्त की मदद से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – आज लोगों के बीच अपनी छवि को लेकर थोड़े सतर्क रहेंगे। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। पुराने ऋणों के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**सिंह** – आज नई योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के मन में आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रहेगा। व्यवसाय में नए संबंध विकसित होने की संभावना बन रही है। विदेश यात्रा में परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**कन्या** – आज संतान के व्यवहार और स्वास्थ्य को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा और बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय बर्बाद न करें। किसी आर्थिक योजना में धन निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जानकारी ले लें।

**तुला** – आज प्रेमी आपके प्रति समर्पण भाव रखेगा। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शाम के समय आपका मन कुछ खिन्न रहेगा। व्यवसाय में अचानक धन लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बच्चों की प्रतिक्रिया और विचारों का सम्मान करें।

**वृश्चिक** – आज अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी सक्रिय रहेंगे।

**धनु** – आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में न लें। घर में क्लेश होने की आशंका है। आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**मकर** – आज मानसिक अशांति और अवसाद जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। साझेदारी वाले काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में आपको जटिल काम सौंपे जाने की संभावना है।

**कुंभ** – आज धन से जुड़े मामलों में उधारी से आपको बचना चाहिए। शाम को आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने में सफलता मिल सकती है। आपकी सामाजिक लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज संपत्ति विवाद उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में शंका और वहम की जड़े न पड़ने दें। आपका कोई काम लोगों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
राम बलराम – दोपहर : 12.01
हिन्दुस्तान – रात : 08.18

**Sony Max**
तारा वर्सेज बिलाल – दोपहर : 01.24
एनिमल – रात : 10.00

**Sony Pix**
300 (2006) – सुबह : 10.20
बुलेट ट्रेन – रात : 08.50

**Zee Cinema**
गदर 2 – सुबह : 11.15
फटा पोस्टर निकला हीरो – रात : 08.30

**Colors Cineplex**
ओम शांति ओम – सुबह : 10.53
सीता राम – रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर-सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# कोई भी पार्टी धन के बगैर नहीं चल सकती

## गुजरात के कार्यक्रम में नितिन गडकरी बोले-चुनावी बॉण्ड योजना के पीछे की मंशा अच्छी थी

अहमदाबाद, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बिना धन के राजनीतिक दल को चलाना संभव नहीं है और केंद्र ने चुनावी बॉण्ड योजना ''अच्छे इरादे'' से शुरू की थी। क्योंकि इस योजना के पीछे सरकार की मंशा अच्छी थी। वहीं केंद्र सरकार द्वारा 2017 में लाई इस योजना को उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक बताते हुए रद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय इस मामले पर और कोई निर्देश देता है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और इस पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने गांधीनगर के समीप गिफ्ट सिटी में एक मीडिया संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं।

गडकरी ने चुनावी बॉण्ड के बारे में एक सवाल पर कहा-जब अरुण जेटली केंद्रीय वित्त मंत्री थे तो मैं चुनावी बॉण्ड से जुड़ी बातचीत का हिस्सा था। कोई भी पार्टी संसाधनों और धन के बगैर नहीं चल सकती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को चंदा देती है। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए हमने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की इस व्यवस्था को चुना। कहा कि चुनावी बॉण्ड लाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे चंदा मिले लेकिन दानदाताओं के नामों का खुलासा न किया जाए क्योंकि ''अगर सत्तारूढ़ दल बदलता है तो समस्याएं पैदा होंगी। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि जैसे कि किसी मीडिया हाउस को वित्त पोषण के लिए प्रायोजक की आवश्यकता होती है, उसी तरह राजनीतिक दलों को भी धन की जरूरत होती है।

### इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो चुनावी बॉण्ड मामले की जांच के लिए बनेगी एसआईटी: रमेश



कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड प्रीपेड रिश्वत और पोस्टपेड रिश्वत का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले महीने से ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करने का समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के कफी बाद तक। यह संभवत: मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था।

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सब-रजिस्ट्रार, कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने एक सब-रजिस्ट्रार और डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) को 19,200 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आरोपी अधिकारी महबुबाबाद के उप-रजिस्ट्रार कार्यालय पर उप-रजिस्ट्रार (ए0-1) तसलीरना मोहम्मद और उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) (एओ-2) एलेटी वेंकटेश हैं। आरोपी अधिकारियों ने दंथलापल्ली के शिकायतकर्ता गुडागनी हरीश से दंथलापल्ली में शिकायतकर्ता द्वारा खरीदी गई भूमि के पंजीकरण के काम को संसाधित करने के लिए आधिकारिक लाभ देने के लिए 19,200 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की।

### होली आई रे...



भोपाल में शनिवार को छात्राओं ने रंग और गुलाल के साथ होली का त्योहार मनाया। ● एजेंसी

## एक नजर

### आईडी विस्फोट से दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में आईडी विस्फोट की चपेट में आने से 'बस्तर फाइटर्स' के दो जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में बम की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि किरंदुल थाना से बोडेपल्ली, पुरंगेल, कुवेम और पीडिया गांव के लिए दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिवर्ज पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। गस्त के दौरान बीती रात आईडी विस्फोट हुआ था।

### मिजोरम में दस किलो मादक पदार्थ जब्त

**आइजोल।** मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने शनिवार तड़के मिजोरम-म्यांमार सीमा बुलफेकजॉल और चम्फाई जिले के सेसिह गांवों के बीच एक स्थान से मेथामफेटामाइन की एक लाख गोलियां (10.100 किलोग्राम) जब्त कीं। विभाग के प्रवक्ता पीटर जोहमिंगथांगा ने कहा कि बैराबी शहर के निवासी के लाला (44) और रोलुआपुइया (32) को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

चंडीगढ़, एजेंसी

- पंजाब के संगरूर जिले के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को इस मामले पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तत्काल रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पूरी घटना से आयोग को अवगत कराते हुए तत्काल प्रारंभिक रिपोर्ट और शनिवार को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र लिखा था। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूरे मामले में साठगांठ का पता लगाने के सिलसिले में पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) गुरिंदर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी जांच की निगरानी करेगी। उप महानिरीक्षक (पटियाला रेंज) हरचरण भुल्लर, संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे एसआईटी का हिस्सा होंगे। पुलिस ने कहा है कि एसआईटी साजिश की तह तक जाएगी। इसमें शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री चौहान और सात अन्य को पेशी से मिली छूट

जबलपुर, एजेंसी

**मानहानि मामला**

यहां की एक विशेष अदालत ने भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह को आपराधिक मानहानि मामले में सात जून तक व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी।

अदालत का यह निर्देश कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में भाजपा नेताओं की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान आया है।

उत्तरदाताओं के वकील शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) विश्वेश्वरी मिश्रा ने शुक्रवार को छूट दी है। श्रीवास्तव ने कहा, ''मानहानि के मामलों में, उत्तरदाताओं को व्यक्तिगत रूप से अदालत की सुनवाई में शामिल होना पड़ता है।

### राजस्थान में आचार संहिता लगने के बाद 129 करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त

**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजस्थान में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं और नकदी के रूप में लगभग 129 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में अलग-अलग प्रवर्तन एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक राज्य में नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और नकदी के रूप में लगभग 227 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं।

### गुजरात से दो भाजपा उम्मीदवारों ने उम्मीदवारी वापस ली

**अहमदाबाद।** गुजरात की वडोदरा और साबरकांठा सीट से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के दो उम्मीदवारों ने शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्ति की। वडोदरा सीट से इस बार भी टिकट पाने वाली मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। जानकारी के मुताबिक भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध हुआ है।

इसके तुरंत बाद, साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई। भट्ट ने 'एक्स' पर लिखा, "मैं रंजनबेन धनंजय भट्ट निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हूं।

## दूसरे दिन साइंटिफिक तरीके से जांच जारी

धार, एजेंसी

**धार भोजशाला का सर्वे**

- घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया

मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जा रहा सर्वेक्षण शनिवार को दूसरे दिन भी साइंटिफिक तरीके से जारी रहा। शनिवार सुबह करीब आठ बजे एएसआई की एक टीम विवादित परिसर में पहुंची। एएसआई टीम के साथ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सबसे पहले यह कवायद शुक्रवार को शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील आशीष गोयल और गोपाल शर्मा भी भोजशाला परिसर पहुंचे। अदालत में पक्षकारों में से एक, कमाल मौला मस्जिद कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया क्योंकि वह स्वस्थ नहीं थे और उन्हें देर से जानकारी मिली। उन्होंने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं... अगर संविधान के दायरे में और उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सर्वेक्षण कराया जाए तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसमें नए मुद्दे पैदा हो रहे हैं जैसे 2004 में खंभे रखे गए है।



धार जिले के विवादित परिसर की जांच करती एएसआई की टीम। ● एजेंसी

समद ने कहा-(मुस्लिम) समुदाय ने भी इस पर (खंभों पर) आपत्ति जताई और ज्ञापन भी दिया। विरोध के बावजूद खंभे अंदर ही रहे और उन्हें हटाया नहीं गया। वे उसे सर्वेक्षण में शामिल करना चाहते हैं। बाद में एक मूर्ति स्थापित की गई। इसलिए, हम नये सर्वेक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह आदेश तब पारित किया है, जब मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा दायर भोजशाला से जुड़े विभिन्न मामले अभी भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने तत्काल सुनवाई के लिए 16 मार्च को कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### हरियाणा में 20 बिल्डरों की जमानत राशि जब्त

**नई दिल्ली।** हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने पंजीकरण नियमों का पालन नहीं करने पर गुरुग्राम के 20 बिल्डरों की करीब सात करोड़ रुपये की जमानत राशि जब्त कर ली है। रेरा (गुरुग्राम) ने एक आदेश में कहा कि रियल एस्टेट प्रवर्तकों को सशर्त परियोजना पंजीकरण प्रमाणपत्र दिए गए थे। हालांकि, वे तय समय के भीतर शर्तों को पूरा करने में विफल रहे।

### रांची में 13 रेस्तरां, मिठाई की दुकानों को नोटिस

**रांची।** रांची में खाद्य उत्पादों के गुणवत्ता परीक्षण में विफल रहने पर 13 रेस्तरां और मिठाई की दुकानों को नोटिस भेजा गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन रेस्तरां और मिठाई की दुकानों से लिए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनों में मिलावट और कृत्रिम रंग का पता चला है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग होली से पहले रांची में एक सघन अभियान चला रहा है, ताकि लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री मिले।

### वाणिज्य मंत्रालय ने कहा-सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से कर रहीं निरीक्षण

## समुद्री भोजन के लिए है एक मजबूत सुरक्षा ढांचा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पास अपने 548 किस्म के समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा है और यहां मछली प्रसंस्करण क्षेत्र में विश्वस्तरीय इकाइयां स्थापित की गई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से इनका निरीक्षण करती हैं। यह बयान भारतीय झींगा उद्योग में खाद्य सुरक्षा और खराब श्रम स्थितियों का आरोप लगाने वाली कुछ रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आया है।

मंत्रालय ने कहा कि देश की सभी इकाइयां एमपीईडीए (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) के साथ पंजीकृत हैं। वे निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा अनुमोदित हैं। इसके अतिरिक्त, 46 स्वतंत्र प्रसंस्करण पूर्व इकाइयां प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया कि झींगा हैचरी और जलीय कृषि फार्म उनके संबंधित स्थानों के आधार पर तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) और राज्य मत्स्य पालन विभागों के साथ पंजीकृत हैं। एमपीईडीए अमेरिका के समुद्री भोजन आयात निगरानी कार्यक्रम (एसआईएमपी) सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्रावधानों का पालन करने के लिए एक्वाफार्मों का नामांकन भी करता है। बयान के मुताबिक राज्यों के श्रम विभाग नियमित रूप से जलीय कृषि और मछली प्रसंस्करण में शामिल संगठित और असंगठित क्षेत्रों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

### भारत सरकार ने यूएई की एडनॉक को भारतीय रणनीतिक भंडार से तेल निर्यात की अनुमति दी



सरकार ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) को मंगलौर में भूमिगत रणनीतिक भंडार में संग्रहीत कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक आदेश में शनिवार को कहा कि यूएई की फर्म को परिचालन संबंधी लचीलापन देने के लिए यह फैसला किया गया। इस समय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अलावा किसी को कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि केवल आईओसी के माध्यम से निर्यात की अनुमति की शर्त जारी रहेगी, लेकिन ''एएमआई (एडनॉक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है'' और उन्हें मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है।

### भिवाड़ी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का आग्रह

**नई दिल्ली।** रीयल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने राजस्थान सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का अनुरोध किया है। क्रेडाई ने कहा कि इससे शहर में आर्थिक गतिविधियों और रियल एस्टेट की मांग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडाई के स्थानीय संगठन 'क्रेडाई एनसीआर भिवाड़ी नीमराणा' ने इस संबंध में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। संगठन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने राज्य सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए कुछ संभावित समाधान भी सुझाए, जिसमें भिवाड़ी को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए अलग से सड़क बनाना भी शामिल है।

## विश्व सहकारिता आर्थिक मंच 500 विवि में बनाएगा सहकारी समितियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी बोले
- देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है

विश्व सहकारिता आर्थिक मंच देश भर के विश्वविद्यालयों में 500 सहकारी समितियां स्थापित करेगा। विश्व सहकारिता आर्थिक मंच (डब्ल्यूसीओपीईएफ), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और ग्रामीण भारत के गैर सरकारी संगठनों के परिसंघ (सीएनआरआई) के साथ मिलकर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'कैंपस कोऑपरेटिव' की स्थापना करेगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

मंच ने कहा कि नई पहल के तहत वह दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक 'कैंपस कोऑपरेटिव' स्थापित करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी ने कहा कि देशभर में



सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है, और युवाओं की भागीदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। संघानी इफको के चेयरमैन और एनसीयूआई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित करने और इसे अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कैंपस कोऑपरेटिव सही कदम साबित हो सकता है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,200 |
| चांदी पक्की | 743 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलियर्स ने जनवरी-मार्च के जताई है संभावना
- चेन्नई में गिरावट आने की संभावना जताई

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग मजबूत बनी हुई है। इन शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में कार्यालय स्थलों की मांग सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

कोलियर्स इंडिया ने चालू तिमाही के खत्म होने के नौ दिन पहले जनवरी-मार्च के लिए कार्यस्थल बाजार पर आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही के दौरान छह प्रमुख शहरों - बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में कुल कार्यालय पट्टे 1.36 करोड़ वर्ग फीट तक बढ़ने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में पट्टे 1.01 करोड़ वर्ग फुट के थे।

रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चेन्नई में गिरावट आ सकती है।

### मारुति सुजुकी ने एमलगो लैब्स में हिस्सेदारी हासिल की

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने प्रौद्योगिकी स्टार्टअप एमलगो लैब्स में छह प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। एमलगो लैब्स डेटा आधारित निर्णय लेने में कंपनियों की सहायता करती है। वह डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग (एमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम करती है। मारुति सुजुकी ने कहा कि यह निवेश मारुति सुजुकी नवाचार कोष के जरिए किया जा रहा है। इस कोष का मकसद उच्च स्तर के तकनीकी नवाचार का प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप में रणनीतिक निवेश करना है।

## अमेजन ने शुल्क संरचनाओं को किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए संशोधन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है। इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं।

कंपनी ने कहा-ये संशोधन




मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। ये उद्योग में प्रचलित शुल्क रुझानों के अनुरूप हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिधान, चादर, कुशन कवर और बर्तन जैसी श्रेणियों में रेफरल शुल्क कम किया जाएगा, जबकि वैज्ञानिक आपूर्ति, चिमनी, लैपटॉप बैग तथा टायर जैसी श्रेणियों में इसे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये से अधिक की औसत बिक्री मूल्य के लिए समापन शुल्क में तीन रुपये की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन लागत में मुद्रास्फीति के अनुरूप वजन प्रबंधन शुल्क में दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा-हम मानते हैं कि विक्रेता शुल्क और प्रोत्साहन से एक मजबूत बाजार को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो देश में छोटे और मझोले व्यवसायों को डिजिटल बनाने और उन्हें मजबूत ब्रांडों में विकसित होने में मदद करेगा।

# करेन का अर्धशतक, वापसी पर पंत को नहीं मिली जीत

## पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की

मोहाली, एजेंसी



सैम करेन
लियाम लिविंगस्टोन

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया। शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया। कुलदीप को करेन का विकेट भी मिल जाता अगर ट्रिस्टन स्टब्स ने लॉन्ग ऑन पर उनका कैच नहीं छोड़ा होता।

**दिल्ली 174/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर का शर्मा बो पटेल | 29 | 21 | 3/2 |
| मिचेल मार्श का चाहर बो अर्शदीप सिंह | 20 | 12 | 2/2 |
| शाई होप का हरप्रीत बो रबाडा | 33 | 25 | 2/2 |
| ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो पटेल | 18 | 13 | 2/0 |
| रिकी भुई का शर्मा बो हरप्रीत बरार | 03 | 07 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शशांक सिंह बो चाहर | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 2/1 |
| सुमित कुमार का शर्मा बो अर्शदीप सिंह | 02 | 09 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 4/2 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सैम करन 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह 4-0-28-2, कागिसो रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत बरार 3-0-14-1, राहुल चाहर 4-0-33-1, हर्षल पटेल 4-0-47-2

**पंजाब 177/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धन का बोल्ड ईशांत | 22 | 16 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट ईशांत | 09 | 03 | 2/0 |
| प्रभसिमरन का वार्नर बोल्ड कुलदीप | 26 | 17 | 5/0 |
| सैम करेन बो अहमद | 63 | 47 | 6/1 |
| जितेश स्टंप पंत बोल्ड कुलदीप | 09 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 38 | 21 | 2/3 |
| शशांक सिंह का पंत बो अहमद | 00 | 01 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-43-2, इशांत शर्मा 2-0-16-1, मिचेल मार्श 4-0-52-0, अक्षर पटेल 4-0-25-0, कुलदीप यादव 4-0-20-2, सुमित कुमार 1.2-0-19-0

# रोमांचक मुकाबले में कोलकाता की जीत



आंद्रे रसेल

कोलकाता, एजेंसी

- रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल के बीच ताबड़तोड़ 81 रनों की साझेदारी हुई
- सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 63 रन बनाए

हेनरिक क्लासेन (63 रन नाबाद) के जीवट प्रदर्शन के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में चार रन से हार का सामना करना पड़ा।

ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर ने आंद्रे रसेल (64) और रमनदीप सिंह (35) के अलावा फिल साल्ट (54) की तेज तर्राक पारियों की मदद से सात विकेट पर 208 रन बनाये जिसके जवाब में एसआरएच ने विजय लक्ष्य के खिलाफ सात विकेट पर 204 रन बनाए। ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर के चार शीर्ष बल्लेबाज 51 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे मगर एक छोर पर डटे सॉल्ट ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि रमनदीप के साथ मिल कर टीम को मुश्किलों के भंवर से निकाल लिया। रमनदीप की पारी का अंत पैट कमिंस ने किया जबकि अगले ही ओवर में साल्ट भी मारकंडे की गेंद पर जानसन के हाथों लपके गये। बाद में क्रीज पर आये यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह (23) ने आंद्र रसेल (64 नाबाद) के साथ मिल कर तेज गति से रन बटोरने शुरु किये और दोनो बल्लेबाजों ने 32 गेंदों की पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण 81 रन जोड दिये। हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया।



हेनरिक क्लासेन

**कोलकाता 208/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का यानसेन बो मार्कंडेय | 54 | 40 | 3/3 |
| सुनील नरेन रन आउट | 02 | 04 | 0/0 |
| वेंकटेश अय्यर का यानसेन बो नटराजन | 07 | 05 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर का कमिंस बो नटराजन | 00 | 02 | 0/0 |
| नीतिश राणा का त्रिपाठी बो मार्कंडेय | 09 | 11 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का मार्कंडेय बो कमिंस | 35 | 17 | 1/4 |
| रिंकू सिंह का मार्कराम बो नटराजन | 23 | 15 | 3/0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 64 | 25 | 3/7 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 | 03 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर कुमार 4-0-51-0, मार्को यानसेन 3-0-40-0, टी नटराजन 4-0-32-3, पैट कमिंस 4-0-32-1, मयंक मार्कंडेय 4-0-39-2, शाहबाज अहमद 1-0-14-0

**हैदराबाद 204/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का रिंकू बोल्ड हर्षित राणा | 32 | 21 | 4/1 |
| अभिषेक शर्मा का चक्रवर्ती बोल्ड रसेल | 32 | 19 | 4/2 |
| राहुल त्रिपाठी का हर्षित राणा बोल्ड नरेन | 20 | 20 | 0/1 |
| ऐडन मार्करम का रिंकू बो चक्रवर्ती | 18 | 13 | 2/0 |
| क्लासेन का सुयश बोल्ड हर्षित राणा | 63 | 29 | 0/8 |
| अब्दुल समद का वेंकटेश बोल्ड रसेल | 15 | 11 | 1/1 |
| शहबाज अहमद का श्रेयस बो हर्षित राणा | 16 | 05 | 1/2 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : मिचेल स्टार्क 4-0-53-0, हर्षित राणा 4-0-33-3, वरूण चक्रवर्ती 4-0-55-1, सुनील नरेन 4-0-19-1, आंद्रे रसेल 2-0-25-2, सुयश शर्मा 2-0-18-0

## खेल डायरी

### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन

**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे।

### श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में

**बेसल।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

### सकामोटो ने जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब

**टोक्यो।** जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222 .96 के कुल स्कोर के साथ 149 .67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203 .59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सकामोटो ने सीज़न में अपना दबदबा बनाया है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में राहुल पर रहेगी नजर

जयपुर, एजेंसी



लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा।

# करूणारत्ने का अर्धशतक, श्रीलंका की 211 रन की बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश)।** सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी। पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (48 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनायी थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया। इसके बाद करूणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।

# रोहित शर्मा की विरासत बढ़ाएंगे हार्दिक पंड्या

अहमदाबाद, एजेंसी



हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है।

हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी।




# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से मिलने के लिए अब देने होंगे रुपये



**मुंबई, एजेंसी।** गैंग ऑफ वासेपुर जैसी बेहतरीन मूवी देने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैंस और फॉलोवर्स को थोड़ा हैरान कर दिया है। निर्देशक ने घोषणा की है कि अब से, वह हर उस व्यक्ति से फीस लेंगे जो उनका दिमाग खाएगा। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग ने लिखा कि उन्होंने "नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया है।"अनुराग ने इंस्टाग्राम पर फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए उनसे मिलने वाले लोगों से फीस लेने को लेकर एक नोट साझा किया है। उनके नोट में लिखा है : "मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की बकवास के साथ समाप्त हुआ। तो अब से मैं उन नए लोगों से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव हैं। तो अब मेरे पास मिलने की दरें होंगी। अगर कोई मुझसे 15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं एक लाख रुपये, आधे घंटे के लिए 2 लाख रुपये और 1 घंटे के लिए 5 लाख रुपये चार्ज करूंगा। यही दर है। मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करने से थक गया हूं। यदि आप वास्तव में सोचते हैं कि आप इस खर्च को उठा सकते हैं, तो मुझे कॉल करें या बकवास से दूर रहें।" अनुराग ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस बारे में गंभीर हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "और मेरा मतलब यह है। मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।"



# अंकिता लोखंडे के बर्ताव को लेकर भड़क गए यूजर्स

**मुंबई, एजेंसी।** अंकिता लोखंडे अपने एटीट्यूड के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। दरअसल 22 मार्च को उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई। वह अपने पति विक्की जैन, दोस्तों और परिवार के साथ इसकी स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। वहां पैपराजी ने तस्वीरें कैप्चर करने की कोशिश की और वह भड़क गईं। इसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसमें लोगों को अंकिता का बर्ताव पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो में अंकिता के साथ बिग बॉस फेम खानजादी और अभिषेक कुमार थिएटर के दरवाजे से अंदर जाते दिख रहे हैं। पैपराजी उन्हें कैप्चर कर रहे हैं और अंकिता इसपर भड़कती दिख रही हैं। अंकिता कह रही हैं, "सुनिए फिल्म चल रही है बाहर चलिए। प्लीज, ये सही नहीं है यार। सच में बहुत गलत बात है। फिल्म चल रही है अंदर यार। थोड़ा सा रख लो यार क्या बात है ये।" ये कहते हुए अंकिता अंदर चली जाती हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को देख भड़क गए हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, "लगता है ज्यादा ओवरएक्टिंग हो गई।" अन्य यूजर ने लिखा,"ज्यादा ही एटीट्यूड आ गया।" एक यूजर ने लिखा,"अंकिता लोखंडे में बिग बॉस के बाद घमंड आ गया है।"

# कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड

**मुंबई, एजेंसी।** अपने दमदार अभिनय और बेबाकी के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट 37 साल की हो गई हैं। कंगना अपनी फिल्मों के लिए कम, विवादों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब वो बॉलीवुड में नई थीं तो उन्हें जानवरों की तरह ट्रीट किया जाता था। अब कंगना को बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन कहा जाता है और इस छवि से उनके करियर को कहीं न कहीं नुकसान भी हुआ है। फिल्ममेकर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे हैं। कंगना ने बीते दस सालों में केवल एक सुपरहिट, एक हिट और एक एवरेज फिल्म दी है। पिछले साल वो फिल्म 'तेजस' में नजर आई थीं, जो कि फ्लॉप रही। इससे पहले रिलीज हुई 'धाकड़' ने तो सिर्फ तीन करोड़ ही कमाए थे। वैसे, फ्लॉप फिल्मों के बावजूद कंगना अब भी बॉलीवुड की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 15-17 करोड़ रुपए तक है। पिछले कुछ सालों में कंगना के करियर में डाउनफॉल देखने को मिला है। 10 सालों में उनकी सिर्फ एक फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' ही सुपरहिट हुई है। इससे पहले 2014 में आई क्वीन हिट साबित हुई थी। 2019 में आई उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' एवरेज साबित हुई थी। मणिकर्णिका के बाद पिछले पांच साल में कंगना की पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और सभी फ्लॉप रही हैं। कंगना की अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो इसमें फिल्म 'इमरजेंसी' का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन ये टल गई। अब इसे 14 जून, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा कंगना के पास एक अनटाइटल्ड फिल्म है जिसमें वो आर . माधवन के साथ नजर आएंगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

